रायपुर, बिलासपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 17 सितम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 30 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ेंगे विराट कोहली



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अगले महीने यूएई और ओमान में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया है। विराट ने ट्वीटर पर जारी एक बयान में यह घोषणा की है। विराट ने लिखा कि मैंने टी-20 कप्तान के तौर पर अपने कार्यकाल में टीम को सब कुछ दिया है और भविष्य में मैं एक बल्लेबाज के तौर पर टी-20 टीम के लिए ऐसा करना जारी रखूंगा। बेशक इस निर्णय पर पहुंचने में बहुत समय लगा।

### एक प्रतिशत पर आ गयी सक्रिय मामलों की दर

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के नये मामलों की तुलना में इस बीमारी से स्वस्थ होने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि से रिकवरी दर बढ़कर 97.64 फीसदी हो गयी है वहीं सक्रिय मामलों की दर अब एक प्रतिशत पर आ गयी है। देश में बुधवार को 64 लाख 51 हजार 423 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक 76 करोड़ 57 लाख 17 हजार 137 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

# चंद्राकर का दर्द छलका : अफसरों पर कांग्रेसी कार्यकर्ता की तरह कार्य करने का आरोप

## विवाद ने पकड़ा तूल, रडार में कई अफसर, समय आने पर होगा हिसाब

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

कहते है कि राजनीति में कब किसका उदय हो जाए, और कब किसका सूर्यास्त हो जाए, यह किसी ने नहीं जाना। 15 सालों तक अफसरों के बलबूते ही भाजपा ने प्रदेश में राज किया। कई अफसरों ने भाजपा का खुलकर समर्थन किया तो वहीं कईयों ने अवसर पाकर भगवा धारण कर पार्टी की सदस्यता ले ली। चंद्राकर वहीं नेता है जिनके निवास में अफसरों की कदर नहीं होती थी। मंत्री रहते चंद्राकर अफसरों पर रौब झाड़ते दिखाई देते थे। वक्त बदला, 15 वर्षो तक राज करने के बाद बीजेपी की छत्तीसगढ़ में सत्ता से विदाई हो गई। अब मंत्रीजी विपक्ष में है लेकिन अफसरों से चाहते है कि उनके साथ सत्ताधारी दल की तरह व्यवहार किया जाए। लेकिन यह कैसे संभव है? शायद इस बात को चंद्राकर भी भलीभांति जानते होंगे। लेकिन जब बात घर तक पहुंच जाए, हाथापाई की नौबत आ जाए, तो पीड़ा होना स्वभाविक है। बहरहाल घटना के बाद चंद्राकर ने अफसरों को निशाने में लिया है। पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, धमतरी विधायक रंजना साहू सहित भाजपा नेताओं ने एसपी कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर सद्भावना उपवास किया। बीते दिनों पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर को कांग्रेसी कार्यकर्ता थूक दान देने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प हो गई थी। जिसके बाद से भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जिले में लगातार प्रदर्शन कर रहे है। जिले के कुरूद भाजपा कार्यालय में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर



ने कहा कि उनके रडार में कई अफसर है। समय आने पर हिसाब होगा। अपने पद का दुरुपयोग अधिकारी न करें। कांग्रेसियों की तरह कार्य नहीं करने की नसीहत दी है।

### चंद्राकर को कांग्रेसी गमछा पहनाने की कोशिश

पूर्व मंत्री और कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने आरोप लगाया है कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी कार्यालय में मारपीट की है। लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों पर शिकायत दर्ज किया है। कांग्रेस को जनादेश विकास के लिए मिला है, लेकिन कांग्रेस इसका दुरुपयोग कर रही है। पुलिस के सरंक्षण में कांग्रेसी कार्यकर्ता गुंडागर्दी कर रहे हैं। दूसरी ओर, जिला प्रशासन ने बिना अनुमति दूसरे जगह पर धरना प्रदर्शन के लिए टेंट लगाने पर जिला महामंत्री को नोटिस जारी किया है. कलेक्टर पीएस एल्मा का कहना है कि बिना अनुमति के भाजपा ने उपवास रखने के लिए पंडाल लगाया था, जिसके लिए उन्हें नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। क्योंकि प्रशासन ने बीजेपी को दूसरे जगह पर प्रदर्शन की अनुमति दिया था। धमतरी जिला प्रशासन के नोटिस पर बीजेपी जिला महामंत्री कवींद्र जैन ने कहा कि जिला प्रशासन कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों की आपत्ति के बाद जिला प्रशासन ने नोटिस भेजा है। यह बताता है कि जिला प्रशासन कांग्रेसियों के इशारे पर काम कर रहा है। प्रशासनिक अधिकारी कांग्रेसियों को खुश करने में जुटे है। कुरूद थाना परिसर कौन सा धरना स्थल है, जहां कांग्रेसियों ने 6 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया. क्या धमतरी जिला प्रशासन ने उन्हें नोटिस जारी करने की हिम्मत दिखाई है। धमतरी का प्रशासन सिर्फ बीजेपी के धरना प्रदर्शन पर कारवाई कर रही है।

## बिगड़े कानून व्यवस्था को लेकर रमन ने राहुल से की फरियाद, रमन के ट्वीट पर मरकाम की खरी-खरी





प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट कर सवाल खड़ा किए है। उन्होंने एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस सरकार पर छत्तीसगढ़ को जंगलराज बनाने का आरोप लगाया है। रमन सिंह ने ट्वीट के माध्यम से भूपेश सरकार की फरियाद राहुल गांधी से की है। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि राहुल गांधी जी कांग्रेस की पूरी बारात आपको प्रदेश का विकास देखने का न्यौता देने गई थी। देखिये! कैसे छत्तीसगढ़ को भूपेश बघेल ने जंगलराज बना दिया है। हत्या, डकैती और बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। अपराधियों को सरंक्षण मिला हुआ है। यही विकास हुआ है बस। एनसीआरबी की रिपोर्ट पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के ट्वीट का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि 15 साल जब भाजपा की सरकार थी, तब विधानसभा में पूछे गए सवाल का जवाब उन्होंने नहीं दिया था। तब 50,000 से अधिक हत्या, बलात्कार, डकैती की प्रकरण सामने आए थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट में अपराध के मामले में मध्य प्रदेश पहले नंबर पर है, क्या मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के लिए रमन सिंह कुछ नहीं कहेंगे. सत्ता जाने के बाद जो उनको राजनीति दिख रही है। उन्होंने कहा कि आज रमन सिंह अपनी टिकट की चिंता खुद कर लें। 15 साल राज करने के बाद अपने चेहरे को मुख्यमंत्री का चेहरा बताने की जरूरत पड़ रही है। उन्हें खुद का आंकलन करना चाहिए। भाजपा के 20 दिन के आयोजनों को लेकर मरकाम ने कहा कि 7 साल में मोदी सरकार के पास कोई उपलब्धि नहीं है। सभी सरकारी सम्पतियों को बेचने का काम कर रहे हैं। 14 करोड़ लोगों को रोजगार मिलने था, 23 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे चले गए, 97 प्रतिशत लोगों की आमदनी आधी हो गई है। बीजेपी आंदोलनों को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा जब भी चुनाव नजदीक आता हैं, सामाजिक सौहाद्र बिगड़ने की कोशिश करती है। आज भाजपा 15 साल में सरकार में रही जो प्रकरण वो बता रहे हैं सभी उन्ही के कार्यकाल के प्रकरण है।

## जेईई में प्रयास के छात्रों का शानदार प्रदर्शन : परीक्षा में बैठे 395 छात्रों में से 178 हुए क्वालीफाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईआईटी, एनआईटी और केन्द्र सरकार से वित्त पोषित इंजीनियरिंग संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतिष्ठित जेईई परीक्षा के बुधवार को घोषित परिणामों में आदिम जाति विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। जेईई मेन्स के लिए इस वर्ष प्रयास आवासीय विद्यालयों के 395 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, इनमें से 178 छात्र सफल हुए। सर्वाधिक 73 छात्र प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू रायपुर से उत्तीर्ण हुए है। इसके अलावा प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय रायपुर की 23 छात्राएं, प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के 21 छात्र, प्रयास अंबिकापुर के 18 छात्र, प्रयास बिलासपुर के 16, प्रयास जगदलपुर के 15 और प्रयास कांकेर के 12 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने प्रयास आवासीय विद्यालय के छात्रों के शानदार परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि राज्य सरकार प्रयास विद्यालयों में और अधिक अच्छी शिक्षा दिए जाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में इसके और अधिक सार्थक परिणाम देखने को मिलेंगे। विभाग के सचिव डी.डी. सिंह और आयुक्त शम्मी आबिदी ने विद्यार्थियों की सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। जेईई- एडवांस 3 अक्टूबर को- जेईई मेन्स क्वालीफाई करने वाले सभी उत्तीर्ण छात्र अब 3 अक्टूबर को होने वाली जेईई-एडवांस परीक्षा में बैठ सकेंगे। इसमें उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को आईआईटी में प्रवेश मिलेगा। उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा संचालित उपलब्धि मूलक योजनाओं में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के अध्ययन एवं सर्वांगीण विकास के लिए यह योजना क्रियान्वित की जा रही है।

## सेन्ट्रल विस्टा पर लोगों को भ्रमित किया गया : मोदी

वार्ता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेन्ट्रल विस्टा परियोजना की आलोचना करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इन लोगों ने केवल भ्रम फैलाने की कोशिश की और सैकड़ों वर्ष पुराने तथा जर्जर हटमेंट्स एवं बैरकों में काम करने वाले सैन्य अधिकारियों की परेशानियों पर चुप्पी साधे रखी। श्री मोदी ने गुरूवार को रक्षा मंत्रालय के कस्तूरबा गांधी मार्ग और अफ्रीका एवेन्यू स्थित दो नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोगों ने केवल भ्रम फैलाने के लिए इस परियोजना का विरोध किया और वास्तविकता तथा जरूरतों को नजरंदाज किया। उन्होंने कहा कि जो लोग सेन्ट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के पीछे डंडा लेकर पड़े थे वे हटमेंट्स पर चुप्पी साधे रहे। वे केवल भ्रम फैला रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के तहत बनाये गये इन दोनों भवनों को देखकर देश को समझ आ जायेगा कि सरकार किस उद्देश्य को लेकर कार्य कर रही है।

पूर्ववर्ती सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि इन खस्ताहाल हटमेंट्स की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया और हर कोई इनमें मरम्मत और पेंटिंग आदि कराकर काम चलाता रहा। मीडिया पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि मीडिया ने भी कभी इस बारे में नहीं लिखा कि हमारे सैन्य अधिकारी किन परेशानियों और हालातों में जर्जर भवन में काम कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विपक्षी दलों तथा कुछ संगठनों ने सरकार की महत्वाकांक्षी सेन्ट्रल विस्टा परियोजना का विरोध करते हुए इसे फिजूलखर्ची करार दिया था और इसके खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

## 'नो-रिपीट' फार्मूले के तहत एक भी पुराने चेहरे को नहीं मिली जगह भूपेन्द्र सरकार में 10 कैबिनेट समेत 24 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी ✓ गांधीनगर
www.dailypioneer.com

गुजरात में मुख्यमंत्री परिवर्तन के बाद नवगठित भूपेन्द्र पटेल सरकार के मंत्रियों का बहुप्रतीक्षित शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया गया जिसमें 10 कैबिनेट स्तर समेत कुल 24 मंत्रियों को राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। भाजपा के 'नो-रिपीट' यानी पूर्ववर्ती सरकार के एक भी मंत्री को दोबारा मंत्री पद नहीं देने के फार्मूले के तहत विजय रूपाणी सरकार के किसी भी मंत्री को भूपेन्द्र पटेल सरकार मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गयी है। सारे मंत्री नए हैं। पिछली बार के उलट इस बार उप मुख्यमंत्री नहीं है और मंत्रिमंडल में जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने का भी प्रयास किया गया है। पूर्व में कांग्रेस से बग़ावत कर भाजपा का दामन थामने वाले कुछ चेहरों को भी मंत्री पद दिया गया है। पिछली सरकार में केवल एक ही महिला मंत्री थी जबकि इस बार दो महिलाओं को मंत्री बनाया गया है। दोनो राज्य मंत्री ही हैं। राजभवन में दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित समारोह में आज ही विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफ़ा देने वाले राजेंद्र त्रिवेदी के साथ ही सबसे पहले सामूहिक रूप से कैबिनेट स्तर के मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले अन्य मंत्रियों में जितेंद्र वाघानी, ऋषिकेश पटेल, पूर्णेश मोदी, राघवजी भाई पटेल शामिल थे। शपथ लेने वाले पांच अन्य कैबिनेट मंत्रियों में कनु देसाई , अर्जुन चौहान , प्रदीप परमार, नरेश पटेल और किरीट राणा शामिल थे। 10 कैबिनेट मंत्रियों के अलावा कुल 14 राज्य मंत्रियों ने भी शपथ ली जिनमे पांच स्वतंत्र प्रभार वाले थे। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के तौर पर शपथ लेने वालों में हर्ष संघवी, जगदीश पांचाल , ब्रिजेश मेरजा, जीतू चौधरी और मनीष वक़ील शामिल थीं। अन्य राज्य मंत्रियों और उनके विधानसभा क्षेत्रों के नाम इस प्रकार हैं- मुकेश पटेल, निमिषा सुथार, अरविंद रैयानी, कुबेर डिंडोर, कीर्तिसिंह वाघेला, गजेंद्रसिंह परमार, राघव मकवाणा - , विनोद मोरड़िया- , देवाभाई मालम।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर है 1.5 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देश में टीकाकरण का एक बड़ा रिकॉर्ड बनने वाला है, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। 17 सितंबर को पीएम मोदी का बर्थडे है और इस दिन भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य 1.5 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगाकर एक रिकॉर्ड बनाने का है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अधिक से अधिक वैक्सीन लगे और देश टीकाकरण के मामले में एक और रिकॉर्ड बनाए। इसमें भाजपा की हेल्थ वॉलंटियर्स (स्वास्थ्य स्वयंसेवकों) की फौज मदद करेगी। भाजपा सूत्रों ने कहा कि टीकाकरण की इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए भाजपा अपने स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार कर रही है कि उस दिन (17 सितंबर) अधिक से अधिक लोगों को कोरोना के टीके लगें। भारत ने पहले के मौकों पर एक दिन में एक करोड़ से अधिक कोरोना टीके लगाए हैं। भाजपा नेता ने बताया कि बीजेपी जिस लक्ष्य की उम्मीद कर रही है, वह दिन में 1.5 करोड़ से अधिक टीके लगाने का है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पार्टी कोशिश करेगी कि उसकी फौज उस दिन अधिक से अधिक वैक्सीन लगने में मदद करे, ताकि टीकाकरण की उपलब्धि देश के इतिहास में दर्ज हो सके। भाजपा के स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की पहल के प्रभारी और पार्टी महासचिव तरुण चुग ने कहा कि पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा प्रधानमंत्री का जन्मदिन एक विशेष तरीके से मनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के लिए प्रधानमंत्री दिन-रात काम कर रहे हैं, उनकी रक्षा करने से ज्यादा खास और क्या हो सकता है।






# घड़ियाली आंसू बहाना और लाशों पर राजनीति बंद करे भाजपा : मरकाम

**क्या कारण था कि सूरजपुर के पंडोनगर के लोगों को विधानसभा चुनाव 2018 का बहिष्कार करने की घोषणा करनी पड़ी थी?**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि भाजपा और डा. रमन सिंह की फितरत लाशों पर राजनीति करना है, इसीलिये शायद इन्होंने अनर्गल आरोप लगाना बंद नहीं किया है। डा. रमन सिंह ये बताना चाहेंगे कि उनके शासनकाल में पंडो जनजाति के लिये क्या किया कि 15 वर्षों में भी पंडो लोगों की स्थिति में रत्ती भर भी सुधार नहीं हुआ? क्या कारण था कि सूरजपुर के पंडोनगर के लोगों को विधानसभा चुनाव 2018 का बहिष्कार करने की घोषणा करनी पड़ी थी? भाजपा ने सन 2017 में तब जांच टीम क्यों नहीं भेजी जब सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में थोड़े से अंतराल में ही पंडो समाज के करीब 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी जिस पर केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की टीम को जांच करने के लिये आना प?ा था? उस समय डा. रमन सिंह के मुंह पर ताला क्यों पड़ गया था? 2016 में वाड्रफनगर के बसंतपुर में रामकरण पंडो की मृत्यु को लेकर क्यों पूरे पंडो समाज को उग्र आंदोलन करने पर विवश होना पड़ा था, क्या डा. रमन सिंह इस पर प्रकाश डालना नहीं चाहेंगे?

क्या कारण है कि पंडो समाज में भाजपा अपने शासन के 15 वर्षों में अंधविश्वास और अशिक्षा को दूर नहीं कर पायी, क्या कारण है कि पंडो समाज की मातायें बहनें वर्षों से कुपोषण का शिकार रहीं जिसके कारण एक बड़ी आबादी हिमोग्लोबिन की कमी से जूझती रही? इन प्रश्नों में से किसी का भी उत्तर डा. रमन सिंह के पास नहीं होगा लेकिन एक बात वे बखूबी करना जानते हैं, और वो है एक ऐसे संवेदनशील विषय पर कुत्सित राजनीति करना।

बलरामपुर में पंडो समाज के लोगों की मृत्यु की घटना की जांच के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव को दिये जा चुके हैं जिन्हें तीन दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी है। पंडो जनजाति में हिमोग्लोबिन की कमी के मद्देन?र सभी आवश्यक दवायें सप्लाई करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। भाजपा शौक से अपनी जांच समिति गठित करके भेज सकती है,



वैसे भाजपा को ये जांच समिति अपनी सरकार के समय गठित करनी थी और उनकी सुध लेनी चाहिये थी। अब वहा जाकर घड़ियाली आंसू बहाना सिर्फ और सिर्फ भाजपा की डर्टी पालिटिक्स है और कुछ नहीं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि कांग्रेस सरकार न सिर्फ पंडो बल्कि सभी जनजातीय समाजों के लिये पूरी गंभीरता से काम कर रही है। पंडो विकास अभिकरण के लिये बजट की कोई कमी नहीं रखी गई है। सरकार ने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के तहत कुपोषण के विरूद्ध एक निर्णायक जंग छेड़ी हुई है जिससे सभी लाभान्वित हो रहे हैं। मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं और दाई दीदी क्लीनिकों के माध्यम से माताओं और बहनों को निरंतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जो भी स्थानीय बाधायें रहीं या कमियां छूट गई वे जांच में सामने आने पर उन पर सरकार कार्यवाही सुनिश्चित करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि भाजपा किसानों से, किसानों की प्रतिनिधि सरकार से कितना नफरत करती है ये उनके शासन के 15 साल में स्पष्ट हो ही गया था, बस्तर में अपने चिंतन शिविर में किसानों की सरकार को थूक कर बहा देने के बयान से भाजपा ने अपनी खीझ को और प्रकट कर दिया क्योंकि किसान भाईयों ने आपकी धोखेबाज सरकार और धोखेबाज पार्टी को सत्ता से उतार फेंका था। तब से आप किसानों को भ्रमित करने के लिये दोहरी राजनीति खेल रहे हैं, एक तरफ किसान हितैषी योजनाओं का लाभ उठाते हुए लाखो रूपये कमा रहे हैं, दूसरी तरफ प्रदेश के किसानों में सरकार के प्रति असंतोष भरने का षडयंत्र कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आपको प्रदेश के किसानों को ये बताना चाहिये कि आपकी भाजपा की केंद्र सरकार ने किस तरह से छत्तीसगढ़ से धान खरीदी करने के वादा करके धान नहीं खरीदा और हमारे किसानों के खून पसीने से सींचकर उपजाये गये धान का अपमान किया गया। आपको बताना चाहिये कि किस तरह से भाजपा की केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक-एक बारदाने के लिये तरसाया जिसके कारण हमें मजबूरी में वैकल्पिक व्यवस्थायें करनी पड़ीं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आपको बताना चाहिये कि किस प्रकार से केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की सरकार को परेशान करते हुए एफसीआई को धान का उठाव नहीं करने दिया गया जिसके कारण धान खरीदी केंद्रों, संग्रहण केंद्रों में धान का उठाव नहीं किये जाने से धान पड़ा रह गया और सबसे दुखद बात ये है कि भाजपा के प्रदेश के नेताओं ने केंद्र सरकार पर दबाव बनाना तो दूर एक आवाज तक नहीं उठाई बल्कि फर्जी मुद्दे बना बनाकर किसानों और जनता को भ्रमित करते रहे।

# सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से खेतों की बुझी प्यास

**नहरों के जीर्णोद्धार से सिंचाई सुविधाओं का बढ़ रहा दायरा**



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य होने के कारण इसकी अधकांश गतिविधियां खेती-किसानी से जुड़ी हैं। राज्य सरकार भी अपने कृषि के आधार को मजबूती देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सुराजी गांव योजना के तहत नरवा, गरवा, घुरवा, बारी के विकास के साथ खेतों की प्यास बुझाने के लिए लगातार सिंचाई क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए पुराने नहरों के जीर्णोद्धार के साथ नहर लाईनिंग के काम हो रहे हैं,जिससे हर खेत तक पानी पहुंचाया जा सके। जल संसाधन संभाग कांकेर में पिछले 2 सालों में 12 सिंचाई योजनाओं का काम पूरा किया गया है, जिससे 1585 हेक्टेयर क्षेत्र में फिर से सिंचाई की सुविधा मिल सकी है। आगामी एक साल में यहां 17 योजनाओं का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग का काम किया जाना है। इनमें से 09 कार्य प्रगति पर है,इसके पूरा होने से दो हजार 375 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई कमी की पूर्ति होगी।

राज्य सरकार ने अंतिम छोर तक खेतों में सिंचाई की सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से कांकेर क्षेत्र अंतर्गत 06 एनीकट और स्टॉपडेम का निर्माण कराया है। जल संसाधन विभाग द्वारा यहां धनगुडरा स्टापडेम, छोटेकापसी स्टॉपडेम, मरकाटोला स्टॉपडेम, कसावाही स्टापडेम, घोड़ागांव स्टॉपडेम एवं नाथिया नवागांव एनीकट का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है जिससे 538 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा का विस्तार हुआ है। इन योजनाओं के निर्माण से ग्रामवासियों को पेयजल एवं निस्तार की सुविधा मुहैया होने के साथ ही भू-जल संवर्धन में वृद्धि हुई है।

इसके साथ ही 06 योजनाएं जो अपने रूपांकित सिंचाई क्षमता से 1585 हेक्टेयर कम सिंचाई कर रही थीं, उनके जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति शासन ने प्रदान की है। इनमें सेन्दारनाला व्यपवर्तन का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य, मैनखेड़ा तालाब, डोकला तालाब, हल्बा व्यपवर्तन, चावड़ी फिडर तालाब एवं ढोरदे तालाब का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य शामिल हैं। इन सभी के जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग के पश्चात् सिंचाई क्षमता की कमी की फिर से पूर्ति हो गई है। लाईनिंग कार्य होने से पानी के अपव्यय को भी रोका जा सका है, जिसके फलस्वरूप पानी अंतिम छोर के खेतों तक पहुंचने लगा है।

जल संसाधन संभाग कांकेर के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि सिंचाई के साथ सरकार बाढ़ नियंत्रण पर भी ध्यान दे रही है। कांकेर शहर में बा? की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शासन से दूध नदी बाढ़ नियंत्रण कार्य की स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके तहत कांकेर शहर के पुराना बस स्टैण्ड के पास निर्मित स्टाप डैम के अपस्ट्रीम में नदी के दोनां तरफ रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्माण और सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। विश्वकर्मा पूजा की पूर्व संध्या पर राज्य के सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई देते हुए श्री बघेल ने कहा है कि प्रदेश के विकास में श्रमवीरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विश्वकर्मा जयंती का दिन हमें निर्माण में श्रम का महत्व बताता है। यह दिन हमें यह संदेश देता है कि हम श्रम से अपने समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिए संकल्पित हों। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को संसार के प्रथम वास्तुकार की संज्ञा दी गई है। भगवान विश्वकर्मा ने श्रम से सृजन की सार्थकता को स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में श्रमवीरों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### मुख्यमंत्री ने वामनराव लाखे की जयंती पर उन्हें किया याद

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित वामनराव लाखे की जयंती 17 सितम्बर पर उन्हें नमन किया है। लाखे के अमूल्य योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि लाखे छत्तीसगढ़ में सहकारिता के जनक के रूप में जाने जाते हैं। सहकारिता के क्षेत्र में किये गये उनके अथक प्रयासों और आंदोलनों का लाभ आज लाखों किसानों को मिल रहा है। लाखे के प्रयासों से ही रायपुर में प्रथम सहकारी बैंक की स्थापना हुई। किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता और सहकारी संगठनों की मजबूती के लिए आजीवन काम करते रहे। बघेल ने कहा कि लाखे ने छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनजागरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कई आंदोलनों का नेतृत्व किया।

**भुइयां ऑनलाइन पोर्टल से गायब हो रहे रिकार्ड**

# पटवारियों ने संचालक और एनआईसी का किया घेराव

- एक ही खसरा नम्बर-रकबा दो कृषक के नाम पर दर्ज

प्रदेश के राजस्व भुइयां ऑनलाइन पोर्टल से राजस्व संबंधित कई अभिलेख विलोपित हो गए हैं। इस पर राजस्व पटवारी संघ ने विरोध दर्ज कराते हुए संचालक भू अभिलेख और एनआईसी का घेराव किया। इसके साथ ही 17 से ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। भुइयां ऑनलाइन पोर्टल को मेंटेनेंस के लिए 8 से 13 सितंबर तक बंद किया गया था, लेकिन पोर्टल शुरू होने के बाद से



आ रही समस्याओं ने पटवारियों का काम कई गुना बढ़ा दिया है. लगातार बन रही समस्या की वजह से राजस्व पटवारी संघ के बैनर तले प्रदेश के तमाम जिलों से आये पटवारियों ने इंद्रावती भवन में संचालक भू अभिलेख व एनआईसी कार्यालय में घेराव किया। संघ के पदाधिकारियों ने संचालक भू अभिलेख शाखा से कहा है कि राजस्व अभिलेखों व दस्तावेजों में जो भी परिवर्तन आ रहा है, इसके लिए पटवारी नहीं बल्कि एनआईसी ही जिम्मेदार है. अभिलेखों में जो भी परेशानी आ रही है, उसके लिए पोर्टल को 6 दिनों तक बंद किया जाना ही मुख्य कारण है. संघ ने अपने ज्ञापन में भुइयां ऑनलाइन पोर्टल में सभी गड़बड़ियां को शीघ्र ही ठीक करने की मांग की। 8 सितंबर के पूर्व के दस्तावेज दुरुस्त नहीं होने की स्थिति में 17 सितंबर से प्रदेश के तमाम पटवारी भुइया ऑनलाइन पोर्टल का बहिष्कार करेंगे। पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में कोई भी नामान्तरण का अभिलेख दुरुस्त नहीं हो रहा है. फसल गिरदावरी के अंतर्गत फसल पुनरावृत्ति नहीं हो रहा है। किसी-किसी गांव का प्रत्येक खसरा का दो से तीन प्रविष्टि दिखा रहा है। किसी किसी गांव का बहुत से खसरा नम्बर विलोपित हो गया है। अभिलेख शुद्धता के अंतर्गत खसरा संकलन विलोपन पूर्ण किया जा चुका था उसमें भी बहुत सारे नम्बर अनावश्यक जुड़ गया है। एक ही खसरा नम्बर और रकबा दो कृषक के नाम नाम पर किस प्रकार दर्ज हुए हैं। इसके अलावा कम्प्यूटर से निकाले गए बी-1 में अधिक नम्बर रहता है, लेकिन खसरा खण्ड-1 या 2 में कुछ नम्बर क्यों नहीं रहता. खातों से सभी डिजिटल हस्ताक्षर स्वामेव विलोपित हो गए हैं. किसानों को नकल नहीं मिल रहा है और अभी डिजिटल हस्ताक्षर (डीएससी) भी नहीं हो रहा है. लॉगिन होने बाद भुइयाँ सर्वर अपने आप लॉगआउट हो रहा है।

# पहुंच विहीन क्षेत्रों के गर्भवती माताओं का सभी जांच अब सोलर मदर केयर किट से

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी क्षेत्रों से लेकर सुदूर वनांचल के पहुंच विहीन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य की सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों में रहने वाली ग्रामीण गर्भवती माताओं को उनके नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रसूति पूर्व सभी जांच कराने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि माताओं के स्वास्थ्य की देखभाल बेहतर तरीके से हो सके। इसी कड़ी में जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा भैरमगढ़ विकासखण्ड क्षेत्र के सभी 17 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती माताओं के बेहतर स्वास्थ के लिए सौर ऊर्जा



से संचालित यंत्र सोलर मदर केयर कम मैटरनिटी किट उपलब्ध कराया गया है। इस किट के माध्यम से विद्युत विहीन क्षेत्रों के गर्भवती माताओं का आसानी से स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्रसूति पूर्व सभी जांच सम्पन्न कराए जा रहे हैं। समस्त यंत्र एक पोर्टेबल बैग में समाहित रहता है, जिसे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा आसानी से परिवहन किया जा सकता है।

# 2 अक्टूबर तक रायपुर मंडल के स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान

- मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे द्वारा 'स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत' के तहत स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2021 तक आयोजन किया जा रहा है । इस स्वच्छता - पखवाड़ा के दौरान रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के अलग अलग थीम के अनुसार स्वच्छ जागरूकता, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ आवास एवं कार्य परिसर, स्वच्छ रेलगाड़ी, स्वच्छ आहार, स्वच्छ प्रसाधन, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रतियोगिता, स्वच्छ समीक्षा जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ प्रभात फेरी निकालकर किया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अधिकारियों एवं खेल संघ के खिलाड़ियों ने प्रभात फेरी में भाग लिया । प्रभात फेरी डब्ल्यू आर एस इंस्टीट्यूट से बालाजी चौक होते हुये डीआरएम ऑफिस पहुँची। इस दौरान सभी ने सामाजिक दूरी रखते हुए कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुऐ अपनी सहभागिता दी। मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई मंडल रेल प्रबंधक के दिशा निर्देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता-पखवाड़ा के सफ्लतापूर्वक निष्पादन के लिए मंडल स्तर पर तथा विभिन्न अधिकारियों को नामित किया गया है, रेलवे स्टेशनों पर पीए सिस्टम उदघोषणा, टीवी डिसप्ले, के माध्यम से भी यात्रियों से स्वच्छता अपनाने एवं उनसे भी जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया जा रहा है । रायपुर रेल मंडल के सभी कार्यालयों एवं सभी स्टेशनों में स्वच्छता की शपथ ली गई जिसमे रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आज़ाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे। कार्यस्थल से शुरुआत कर इसे गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा।

स्वयं गंदगी न करने ना ही किसी और को ना करने दूंगा एवं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा । वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा । स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करने की मैंने शपथ ली ।

# विस अध्यक्ष महंत ने विश्वकर्मा जयंती पर प्रदेश के उद्यमी एवं श्रमिक साथियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश के समस्त उद्यमियों एवं श्रमिक साथियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने विश्वकर्मा जयंती पर अपने बधाई संदेश में कहा कि, समस्त उद्योग, श्रमिक जगत में सुख समृद्धि प्राप्त हो यही कामना करता हूँ। मान्यताओं के अनुसार, विश्व कर्मा पूजा के दिन विशेष तौर पर औजारों, निर्माण कार्य से जुड़ी मशीनों, दुकानों, कारखानों आदि की पूजा की जाती है. विश्वकर्मा की पूजा से जीवन में कभी भी सुख समृद्धि की कमी नहीं आती। डॉ महंत ने कहा कि, धार्मिक मान्यताओं अनुसार, संसार की रचना ब्रह्मा जी ने की है और उसे सुंदर बनाने का काम भगवान विश्वकर्मा जी को दिया गया है. यही वजह है कि भगवान विश्वकर्मा को संसार का सबसे पहला और बड़ा इंजीनियर कहा जाता है।

**86 हजार से अधिक आवास का हो चुका है निर्माण**

# मिलने लगा है गरीबों को आवास, सरकार के प्रति बढ़ रहा विश्वास

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोई इंसान गरीब हो या अमीर, अपना खुद का एक घर हो यह सपना सबका होता है। सम्पन्न परिवार वाले अपना घर का सपना कभी भी पूरा कर लेते है, लेकिन गरीब और जरूरतमंद परिवार चाह कर भी अपना खुद का एक घर नहीं बना पाता। वह जैसे-तैसे कच्चे मकानों में जीवन गुजार देता है। परेशानियों से जूझता गरीब परिवार जब कच्चे मकान को पक्का मकान बनाने का सपना संजोता है और कुछ बचत कर रुपए जोड़ने की कोशिश करता है तो कच्चे मकानों में समस्याओं के बीच जूझते हुए उन्हें क्या-क्या मुसीबतें नहीं झेलनी पड़ती। कभी खपरैल छतों से बारिश के दिनों में पानी टपकता है तो कभी बारिश से मिट्टी की दीवारें दरकती है। आखिरकार बारिश के साथ पक्के मकान का सपना भी रह जाता है। उनके द्वारा बचत कर जमा की गई कुछ राशि भी कच्चे मकान के मरम्मत में खर्च हो जाते हैं। गरीब परिवारों के ऐसे ही मुसीबतों से उबारने और उनके टूटते सपनों को सच करने का बीड़ा छत्तीसगढ़ की सरकार ने उठाया है। शहरी क्षेत्र में रहने वाले गरीब परिवारों को पक्का मकान देने सबके लिए आवास योजना बनाई गई और पात्र गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर उनके





जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व और मागदर्शन में प्रदेश के शहरी इलाकों में रहने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सबके लिए आवास (शहरी) के तहत मोर जमीन-मोर मकान घटक अंतर्गत 2 लाख आवास तथा मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत 1 लाख आवास निर्माण किए जाने का लक्ष्य है। मोर जमीन-मोर मकान और मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत कुल 2 लाख 65 हजार 380 आवास की स्वीकृति प्राप्त की गई है। सबके लिए आवास (शहरी) में कुल 86,635 आवास का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है तथा 68,906 आवास निर्माणाधीन है। सबके लिए आवास (शहरी) के मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक हेतु लक्ष्य के अंतर्गत किराए के मकान में निवास करने वाले पात्र हितग्राही परिवारों को भी आवास आबंटन करने का निर्णय लिया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि आवासहीन परिवारों को भी आवास उपलब्ध हो और वे भी पक्के मकान में निवास कर सकें। शासन की इस योजना से पक्का मकान प्राप्त करने वाले गरीब हितग्राही परिवार भी खुश है। बोरियाखुर्द में रहने वाले त्रिलोकराम यादव, श्रीमती बिसनी बाई ने कभी सोचा भी नहीं था कि उसे एक दिन अपने कच्चे खपरैल वाले घर से मुक्ति मिल जाएगी। गरीबी से जुझते हुए उसे अपने परिवार सहित बारिश के दिनों में हमेशा परेशानी उठानी पड़ी। कच्ची मिट्टी वाले घरों में बारिश की वजह से कभी भी छत से पानी टपकने लगता था, जिससे घर का जरूरी सामान भीग जाते थे। पानी से घर की दीवारे भी भीग कर उखड़ जाया करती थी। इन सबसे त्रिलोकराम की मुश्किलें और भी बढ़ जाती थी। उसे अपना काम छो?कर घर का काम करना पड़ता था। अब जबकि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत शहरी क्षेत्र में पक्का आवास मिल गया है तो उनकी मुश्किलें दूर हो गई है। बरसात के दिनों में उन्हें न तो छत से पानी टपकने की चिंता सताती है और न ही अपना काम धंधा छोड़ना पड़ता है। अपने पति की मौत के बाद कच्चे मकान में रह रही बीजापुर की हिरोंदी बाई कश्यप और बैकुण्ठपुर की बालकुंवर को मोर जमीन-मोर मकान के तहत पक्का मकान मिला है। राजनांदगांव की सोनबती साहू को भी मकान मिल गया है, जिससे उनका बिखरा हुआ परिवार संयुक्त हो गया है। इन सभी को अपने पुराने मिट्टी के घर के बदले इनकी ही जमीन में पक्का मकान मिला है। प्रदेश में शहरी क्षेत्र के ऐसे हजारों गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत छत्तीसगढ़ सरकार की समावेशी मॉडल से लाभान्वित हो रहे हैं।

# उद्योग मंत्री लखमा ने किया पेंदलनार में छात्रावास भवन का भूमिपूजन और उचित मूल्य की दुकान का लोकार्पण

## सगुनघाट में किया पंचायत भवन का लोकार्पण और उचित मूल्य की दुकान का भूमिपूजन

■ कुन्ना से मिचवार के बीच और गोरली से गरीपाल तक बनेगी पक्की सड़क

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com





उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने पेंदलनार में छात्रावास भवन का भूमिपूजन और उचित मूल्य की दुकान का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने सगुनघाट में पंचायत भवन का लोकार्पण और उचित मूल्य की दुकान का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष देवलीबाई, उपाध्यक्ष नाजिम खान, जिला पंचायत सदस्य राजूराम नाग, महेश्वरी बघेल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विकास कार्यों की सौगात देने पहुंचे उद्योग मंत्री लखमा का स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आतिशबाजी और लोक वाद्ययंत्रों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मंत्री लखमा ने खेती-बाड़ी की गतिविधियों के बीच ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में यहां उपस्थित होने के साथ ही किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। इन स्थानों में आयोजित आमसभाओं में लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व संभालने के साथ ही प्रदेश में विकास कार्यों में तेजी आ रही है। गांव, गरीब और किसान के हित के लिए फैसले तेजी से लिए जा रहे हैं। इस अंचल में विकास कार्यों को गति देने के लिए अनेक कार्य किए गए हैं। तोंगपाल को तहसील का दर्जा देने और महाविद्यालय की स्थापना का कार्य इस कड़ी में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि तोंगपाल को तहसील का दर्जा देने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी, जिनमें सबसे अधिक किसान शामिल हैं।

तोंगपाल में महाविद्यालय की स्थापना से यहां के युवाओं को पढ़ाई के लिए सुकमा या जगदलपुर जाने की समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि छिंदगढ़ में वर्षों से किसानों के द्वारा सहकारी बैंक की मांग की जा रही थी, जिसे वर्तमान सरकार ने पूरा कर दिया। इससे किसानों को काफी राहत मिली है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों की भलाई के लिए सरकार के बनने के साथ ही निर्णय लेना प्रारंभ कर दिया गया था, जिसमें किसानों के कर्जमाफी का निर्णय सबसे पहले लिया गया था। इसके साथ ही किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों को धान के फसल की कीमत भी 2500 रुपए की दर से प्रदान की जा रही है। अब इस योजना का विस्तार करते हुए कोदो-कुटकी, रागी आदि फसलों के लिए भी प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत फलदार पौधों के लगाने पर तीन वर्ष तक प्रति वर्ष दस हजार रुपए दिए जा रहे हैं। भूमिहीन कृषि मजदूरों के कल्याण के लिए राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत अब प्रतिवर्ष छः हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों की हर समस्या के समाधान के लिए यह सरकार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में अब लोगों को घर में ही नल के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य भी किया जा रहा है। इससे महिलाओं को हैण्डपंप में लाईन लगाने की समस्या से भी राहत मिल जाएगी।

मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र को सड़क संपर्क से जोड़ने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे लोगों के आवागमन की समस्या से राहत मिल सके। इसके लिए गोरली नदी, बड़े गुरबे, पेंदलनार में पुलों का निर्माण किया गया। वहीं लेदा चितलनार मार्ग में चिउरवाडा नाला में, काचीरास के पास चक्काबुक्का नाला में, पुसपाल में बारुनदी में, जंगमपाल में चक्काबुक्का नाला में और चेवारास के पास पुलों का निर्माण कर इस क्षेत्र की तस्वीर ही बदल दी गई है। उन्होंने कुन्ना से मिचवार के बीच और गोरली से गरीपाल तक जल्द ही पक्के सड़क के निर्माण का वादा भी किया।

# एनएमडीसी किरंदुल के ग्राम पंचायतों को प्रदाय किया गया टेंट सामग्री



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विश्व की सर्वोत्तम गुणवत्ता युक्त लौह अयस्क का उत्खनन करने वाली नवरत्न कम्पनी एनएमडीसी सदैव ही अपने नैगमिक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए कटिबद्ध रही है। इसी तारतम्य में किरंदुल परियोजना के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों की मांग पर ग्राम टिकनपाल, गुमियापाल, कलेपाल, कुटरेम, सुकरू कैम्प कोडेनार के ग्रामीणों के उपयोग हेतु सीएसआर मद से 5 लाख रुपये का उपयोगी टेंट सामग्री अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन द्वारा प्रदाय किया गया।उक्त ग्रामवासियों के उपयोग हेतु कुर्सियां, माइक सेट, टेंट सेट, गंजी, कड़ाही, चम्मच, बाल्टी, प्लेट, जग, गिलास, ड्रम, दरी, एलईडी बल्ब, आलमीरा, टेबल, हैलोजन बल्ब सेट आदि सामग्रियों का वितरण ग्राम पंचायत के सरपंचों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, सहायक महाप्रबंधक (सीएसआर) जितेंद्र कुमार, राजेन्द्र यादव, मो. असदुल्लाह, मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# संभागायुक्त चुरेंद्र संभाग के सभी कलेक्टरों की 23 को लेंगे बैठक

**जगदलपुर।** संभागायुक्त जी आर चुरेंद्र द्वारा संभाग के सभी कलेक्टरों को बस्तर संभाग के स्थानीय निवासियों के लिए तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से भर्ती किए जाने हेतु सामान्य नियम एवं निर्देश के संबंध में चर्चा एवं अनुमोदन के लिए 23 सितम्बर 2021 दोपहर 3 बजे आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक रखी है। उन्होंने उल्लेख किया है कि शासन द्वारा जारी अधिसूचना में गठित विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड में सभी जिला कलेक्टरों को पदेन सदस्य होने के नाते उपस्थित होने के निर्देश दिए है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आज विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

■ भाजपा चलाएगी सेवा और समर्पण अभियान

पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिला नारायणपुर 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसी तत्वाधान जिला भाजपा द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर मोदी जी के मख्य मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा ही समर्पण अभियान आयोजित करेगी।



भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन ने बताया कि 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा ही समर्पण अभियान के तहत भाजपा द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेगी। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, दवाइयां वितरित करना, कौशल विकास केंद्र में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मुफ्त में राशन बैग का वितरण करना, टीकाकरण केंद्रों पर तथा जन जागरण सेवा का कार्य करना, स्वच्छता अभियान में शामिल होना, आदि कार्य करेगी, साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस सेवा ही समर्पण अभियान में भाजपा एवं सभी मोर्चा के सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# बिग ब्यूटी शो एंड ब्राइडल प्रतियोगिता में सुनैना मेकओवर एंड एकाडमी को किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ बचेली
www.dailypioneer.com

बिग ब्यूटी शो एंड ब्राइडल प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग जगदलपुर में पहली बार रविवार 12 सितंबर को आयोजित किया गया हैं। जिसमे दंतेवाड़ा जिला के बचेली निवासी सुनैना मेकओवर ब्युटी एन्ड एकाडमी के संचालक को बेस्ट टैलेंटेड एंड मेकअप आर्टिस्ट का मिला सम्मान..

### जिस्से दंतेवाड़ा व लौह नगरीवासियों में हर्ष



कार्यक्रम के पश्चात सुनैना भारती को छत्तीसगढ़ के जाने-माने हेयर गुरु राज श्रीवास छत्तीसगढ़ मेकअप आर्टिस्ट विक्टर फ्रांसिस मेकअप आर्टिस्ट धानुष व इप्स ब्युटी पार्लर जगदलपुर के संचालक द्वारा प्रसिस्ट पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा के कई जिलों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था एवं स्टेज पर अपनी अपनी प्रस्तुति दी थी जिसमें लाइव शो व बैक स्टेज के कलाकारों ने भी अपनी अपनी मॉडल के साथ रैम वाक किया जिसमें सुनैना भारती अपनी मॉडल अर्था व पूर्णिमा के साथ तो जगदलपुर से विजय लक्ष्मी व बिना महापात्र ने स्टेज पर अपनी अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसेमें जूरी मेंबर ऊषा साहु पूजा घोष पिंकी मुल चंदानी स्वाती तिवारी व सौरभ रंगारी द्वारा जजमेंट किया गया था । मेकअप प्रतियोगिता में सोनु विवर प्रथम स्थान पर रहे यह प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा के मेकअप आर्टिस्ट एवं हेयर स्टाइलिस्ट द्वारा बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के जगदलपुर स्थित भवन में आयोजित करवाया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद सिंह एवं रंजीत गांधी का अहम भूमिका व विशेष योगदान रहा।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में पटवारी और लिपिक निलम्बित

■ कलेक्टर विनीत नंदनवार ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर एक पटवारी और एक लिपिक को निलंबित कर दिया गया है। नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में गोंदपल्ली के पटवारी संजीव कुमार सोढ़ी और भू अभिलेख कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड -3 एम सामराजू को प्रारम्भिक जांच प्रतिवेदन में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलम्बन की कार्यवाही की गई। निलम्बन अवधि में पटवारी संजीव कुमार सोढ़ी का मुख्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय कोंटा और सहायक ग्रेड -3 एम सामराजू का मुख्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय सुकमा नियत किया गया है। निलम्बन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# गौण खनिज का अवैध परिवहन करते चार वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला खनिज जांच दल द्वारा रविवार 12 और बुधवार 15 सितंबर को जिले के आमागुड़ा, चुड़ीगुजड़ा, टाकरागुड़ा एवं फरसागुड़ा क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया गया। प्रभारी खनि अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान गौण खनिज मिट्टी ईट के लिए एक वाहन और चूना पत्थर के लिए तीन वाहन पर अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध खनिज का अवैध परिवहन प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें एक



अपंजीकृत ट्रैक्टर, दो टिप्पर सीजी 17 एच 4777 व सीजी 17 एच 2824 और एक हाईवा सीजी 04 एनजे 1609 को जब्त करने की कार्यवाही की गई।

इन सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है, अतएव अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध पुनः इसी प्रकार कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा निरन्तर जांच की जा रही है।

# पीसीसी अध्यक्ष मोहन मारकाम जन्मदिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सह कोण्डागांव विधायक मोहन मरकाम के जन्म दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन कोंडागांव में जन्म दिवस बड़े उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 11 वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का साल व श्रीफल से जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष झुमकलाल दीवान, जिला महामंत्री सुरेश पाटले, कैलाश पोयम, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक अध्यक्ष भारत देवांगन, माने, शकूर खान, फकीरा भाई, सुमित श्रीवास्तव, बुधराम नेताम विधायक प्रतिनिधि, ननकी वैष्णव, गीता गुप्ता, बृजलाल सोरी आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत अच्छी पैदावार कर रहें किसान

# तरकारियों में भी है तरक्की की राहें

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



लगभग 4 वर्ष पहले तक विकासखण्ड फरसगांव के ग्राम गट्टीपलना के कृषक ''अंजोरी नेताम'' गांव के अन्य कृषकों के भांति अपने कृषि भूमि में सीजन के फसल के रूप में धान एवं मक्का फसलो से जीवन निर्वाह तक ही सीमित रहते थे और इन फसलों से होने वाली आय से ही उनका परिवार आश्रित रहता था। परंतु वर्ष 2017-18 में उद्यानिकी विभाग से संपर्क से उनके जीवन में महत्वपूर्ण मोड़ आया एवं उनकी योजनाओं में उनकी उत्साह वर्धक भागिदारी उनके कृषि जीवन की काया पलट हो गई। तत्पश्चात विभाग की मार्गदर्शन में उन्होने दृढ़ निश्चय के साथ सब्जी तरकारी उत्पादन में अपना हाथ आजमाया और अपनी 2 एकड़ की भूमि में लौकी, भिण्डी, करेला उगाना शुरू किया और जाहिर है इसके आशातीत परिणाम भी मिलने लगे और वर्तमान में उनके खेतो में साग भाजियों का अंजोर फैला दिख रहा है।

अंजोरी बताते है कि विभाग के सौजन्य से उन्हे ड्रीप स्प्रिंकलर, पावर वीडर अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ। इस तरह रबी फसल के रूप में उन्होने 2020-21 में अपनी 1 एकड़ में मिर्च की खेती की जिसमें 2.80 लाख रूपये की लागत में उन्हे कुल 7.24 लाख रूपये की मुनाफा हुआ। उनका यह भी कहना है की उद्यानिकी विभाग की सतत् संपर्क मार्ग दर्शन से और राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत् अच्छा उत्पादन कर रहें है और तो और फसले अब पहले के मुकाबले अच्छी और ज्यादा हो रही है। इस तरह विभाग के द्वारा उन्हे नवीन योजनाओं की जानकारी मिलती तो है ही साथ ही क्रियान्वयन से सभी समस्यों का समाधान आसानी से हो जाता है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन अपने अभियान को सार्थक करता हुआ जिले के कृषको के कृषि परिपाटी में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है जहां पहले जिले के कृषक मात्र धान की खेती पर निर्भर रहते थे आज वे परंपरागत कृषि से इतर अन्य लाभकारी फसलो एवं सब्जियों के उत्पादन पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे है। यहां गौरतलब है कि जिले के दूरस्थ क्षेत्र जहां छोटे और मंझोले दर्जे के कृषकों के पास धान के अलावा अन्य कृषि विकल्प नही थे वहां यह कहा जा सकता है कि राष्ट्रीय बागवानी के मार्गदर्शन से नये कृषि प्रयोग करने वाले इच्छुक कृषकों में उत्साह का संचार हुआ है। कृषक अंजोरी नेताम बेबाकी से कहते है कि नये बदलते कृषि प्रयोग में नयी परिपाटी से कृषि करने में ही समझदारी है और सबसे ब?ी बात विभाग द्वारा इसमें सहयोग दिया जाना बहुत बड़ा संबल है विशेष तौर पर राष्ट्रीय बागवानी मिशन के घटक सब्जी क्षेत्र विस्तार से स्थानीय कृषकों को साग भाजियों के पैदावार बढ़ाने में मदद मिली है। और साथ उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है और अब स्थानीय कृषको नये प्रयोग करने में हिचक नही होती और उनके जैसे छोटे कृषक लाभान्वित हो रहे है।

SHRI BALAJI INTITUTE OF NURSING, MOWA, RAIPUR (C.G.)

APPOINTMENT

Approved by Regulatory council under temporary Affiliation College to
Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Raipur

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Vice Principal Cum Professor | 01 | 12 Year Experience with M.Sc (N) out of which 10 Year should be teaching experience with minimum of 5 year in collegiate programme Ph.D (N) is desirable. |
| 02. | Professor | 02 | 10 Year Experience with M.Sc (N) out of which 07 Year should be teaching experience |
| 03. | Associate Professor/Reader | 05 | M.Sc. (N) With 8 Year experience including 5 years teaching experience Ph.D (N) desirable. |
| 04. | Assistant Prof./ Lecturer | 10 | M.Sc.(N) with 3 Years teaching experience Ph.D (N) desirable |

**Other terms & conditions :-** 1. Teaching Experience : As per Council Norms. 2. Pay Scale : As per UGC Pay Scale/ State Govt/ Pay Scale. 3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection Criteria :-**
Selection will decide on Merit . Merit list will be prepared on the basis of academic marks, Educational qualification ,interview, experience and Academic Contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publication in Various national/ international journals * Paper presentation in conference. * Total No. of Conference Attended.

**Last date of receipt of application :-** within 15 Days from the date of publication of advertisement.

आफतों की बारिश में राहतों की छांव

# अतिवृष्टि से प्रभावित रहवासियों को मिला जिला प्रशासन का साथ

## स्थानीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों में भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था





पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण प्रभावित लोगों को जिला प्रशासन द्वारा त्वरित राहत देते हुए उनके रहने और भोजन की व्यवस्था की गई। जिसे लोगों ने राहत की सांस ली। एक तरफ अतिवृष्टि के कारण जहां बा? की स्थिति बनी हुई थी। वहीं नदी और तटीय इलाकों में कई लोग फंसे हुए थे। जिला प्रशासन द्वारा टीम गठित कर 6 जगह पर फंसे 18 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया है।

कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर के मार्गदर्शन में बा? से प्रभावित लोगों के लिए स्थानीय पंचायतों एवं गरियाबंद के मंगल भवन में रहने और भोजन की त्वरित व्यवस्था की गई। स्थानीय मंगल भवन में राहत कैम्प में रहने आयी गरियाबंद की गायत्री बाई डोंगरे अपनी मॉ, भाई और बेटी के साथ है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बारिश से उनका मकान गिर गया है। यहां आकर वह सुरक्षित महसूस कर रही है। इसी तरह वार्ड-11 की दुलेशिया बाई अपनी नातिन के साथ रहने आयी हैं। यहां जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था वह संतुष्ट दिखाई दी। कुमारी साहनी और 85 साल की प्रेमबति भी इस राहत कैम्प में आकर सुरक्षित है। उन्होंने यहां भोजन, नाश्ता और अन्य व्यवस्थाओं को सराहा है। कलेक्टर ने स्वयं इस कैम्प का अवलोकन कर प्रभावितों से बातचीत की है। उन्हें विश्वास दिलाया है कि जिला प्रशासन इस आसन्न संकट में उनके साथ ख?ी है। गरियाबंद नगरीय निकाय अंतर्गत मंगल भवन में 35 परिवार के 135 सदस्यों के रहने एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। पाण्डुका के सरपंच दुजेश्वर ठाकुर द्वारा यात्रा के दौरान फसे यात्रियों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई। कई ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रभावित लोगों को पंचायत में ठहराकर भोजन दिया गया।

कलेक्टर के निर्देश पर राहत और बचाव दल रात्रि में भी इन इलाकों में डटे रहे। इस भीषण बाढ़ से जनहानि रोकने में सफलता मिली लेकिन 2 पशुधन की हानि हुई है। साथ ही 403 मकान क्षतिग्रस्त हुए है, वही 322 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल क्षति हुई है। सबसे ज्यादा गरियाबंद तहसील में 192 हेक्टेयर, राजिम ने 80 हेक्टेयर और छुरा में 50 हेक्टेयर फसल क्षति का आंकलन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा शासन के दिशा-निर्देश अनुसार सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

15 सितम्बर को गरियाबंद तहसील में 83.1 मि.मी.वर्षा, राजिम तहसील में 14 मि.मी., छुरा में 9.5 मि.मी. वर्षा, मैनपुर में 35.2 मि.मी. और देवभोग तहसील में 2.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। आज अल्पबारिश के कारण जिले में जनजीवन सामान्य है एवं जिला मुख्यालय का सम्पर्क पुनः जुड़ गया है।

## भारी बारिश से प्रभावितों को मंगल भवन में किया शिफ्ट, कलेक्टर और नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने सहयोग का दिया आश्वासन





तीन दिन से जारी बारिश ने सोमवार रात अपना रूख तेज कर दिया जिसके चलते नगर के कई इलाको में पानी भर गया। अनुमान से अधिक हुई भारी बारिश के चलते नगर पालिका गरियाबंद का ड्रेनेज सिस्टम भी फेल हो गया। कई वार्डो में नाली भर जाने के बार कारण नाली का पानी सड़क में आ गया, कई घरो में अंदर तक पानी घुस गया। तेज बारिश के चलते नगर के पेट्रोल पम्प, गायत्री मंदिर, सिविल लाइन, शांति नगर, बजरंग चौक के सड़कों में 4 से 5 फीट तक पानी भर गया। छिंद तालाब के दूसरे हिस्से का जल स्तर बढ़ने के चलते वार्ड मांक 11 अंतर्गत शांति नगर के 50 से अधिक घरो मे पानी भर गया। दर्जनो कच्चे मकान ढह गए। जिसके चलते 35 परिवार के 135 लोगो को मंगल भवन में शिफ्ट करना पड़ा। इसके अलावा नगर के डाक बंगला और बजरंग चौक में भी कई घरो में पानी घुस गया जिसके चलते लोगो को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा।

इधर अनवरत बारिश के चलते नगर की स्थिति बिगड़ी तो स्वयं कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने नगर पालिका अधिकारी संध्या वर्मा के साथ नगर के प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और वस्तु स्थिति का आंकलन कर राजस्व अमले को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर जेआर चौरसिया, एसडीएम विश्वदीप , नायब तहसीलदार वसीम सिध्ददी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, पार्षद रिखीराम यादव, इंजीनियर अश्वनी वर्मा सहित पूरी टीम उनके साथ मौजूद थी।

जिला मुख्यालय से बाहर फंसे नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने भी देर रात गरियाबंद पहुँचते ही सबसे पहले नगर के हालातों का जायजा लिया। पालिका अधिकारी संध्या वर्मा, नायब तहसीलदार वसीम सिध्ददी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, सभापति आसिफ मेमन, इंजीनियर अश्वनी वर्मा सहित अपनी टीम के साथ नगर के वार्ड मांक दो, चार, ग्यारह, बारह और तेरह का भ्रमण कर प्रभावित लोगों से मुलाकात की। बारिश कारण हुए नुकसान का जायजा लिया और पालिका प्रशासन की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर एवं नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन के आश्वासन के बाद बारिश से प्रभावित लोगों को ने राहत की साँस ली। ज्ञात हो कि नगर के वार्ड 11 के बारिश से प्रभावित 131 लोगो को मंगल भवन शिफ्ट कर उनके रहने व भोजन का पूरा प्रबंध प्रशासन ने किया है। शिफ्ट होने के बाद पहले कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ मंगल भवन पहॅुच पीड़ितों से मुलाकात की और पीड़ितों को जल्द की मुआवजा प्रकरण तैयार कर सहायता राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया वही इसके कुछ देर बाद नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने भी मंगल भवन पंहुच बारिश प्रभावितों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बारिश से प्रभावित लोगो की मदद के लिए वे ओर उनकी पालिका की टीम तत्पर है। किसी प्रकार के सहयोग के लिए उनके मोबाइल 9993480000 तथा पालिका के हेल्पलाइन नंबर 9329127662 मे सम्पर्क कर सकते है। उन्होने बताया कि नगर के अन्य बारिश से प्रभावित लोगो के लिए भी मंगलभवन में रखने की व्यवस्था की गई।

## पलारी पुलिस की एक और सफलता

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कल्याण ऐलसेला एवं अति पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अभिषेक सिंह के कुशल निर्देशन में 14.सितंबर को निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रआर जागेश्वर ध्रुव, आरक्षक गांधीराम वर्मा, नरसिंग टंडन, सुमित मिश्रा, देवेन्द्र पुरैना को जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 - 0974 में मवेशी भरकर लवन रोड होते हुये खरतोरा तरफ परिवहन करते ले जा रहा है कि सूचना पर हमराह स्टाफ एवं गवाहन के मौका पहुंचकर घेराबंदी किया कि पुलिस को देखकर ट्रक क्रमांक सीजी 04 सीजी0974 का चालक ट्रक को तेज गति से चलाकर ट्रक ग्राम खरतोरा के नहर पुलिया गढ्ढा में फंसाकर अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रक को छोडकर वाहन चालक भाग गया। ट्रक को चेक करने पर 38 नग मवेशी किमती 304000/ रूपये को बिना चारा पानी के ठसाठस भरा मिला एवं ट्रक क्रमांक सीजी 04 सीजी 0974 किमती 7,00,000/ रूपये को समक्ष गवाहन जप्त कर आरोपी ट्रक चालक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 504/2021 धारा 4,6,9,10,11 छ0ग0 कृषिक पशु परीक्षण अधिनियम 2004 व पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) घ पंजीबद्ध किया गया है। प्रकरण में ट्रक चालक फरार है, जिसकी पता तलाश जारी है।

## बीईओ ऑफिस पलारी में शकुन्तला साहू ने सड़क का किया भूमिपूजन



**लवन।** संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू के करकमलों से पलारी में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अंतर्गत विकासखंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंच मार्ग सिमेंटीकरण कार्य (लागत 5 लाख) का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। कार्य म की अध्यक्षता जनपद पंचायत पलारी के अध्यक्ष श्री खिलेंद्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिथियों, अदिकरियों एवं संकुल समन्वयकों द्वारा कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। खिलेंद्र वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी,सुकालू राम यदु प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस, झड़ी राम कन्नौजी महामंत्री, सुनील कुर्रे अध्यक्ष अनु. जाति प्रकोष्ठ ब्लॉक कांग्रेस पलारी, बाबू खान वरिष्ठ पत्रकार ,पुष्पा मोहन बंजारे पार्षद न.प. पलारी, जानकी ध्रुव अध्यक्ष महिला कांग्रेस ब्लॉक पलारी,रघुनंदन वर्मा,सुनील साहू विधायक प्रतिनिधि,महेश्वरी कुर्रे, किरण यादव, खिलावन साहू, विकास खंड शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा, बीआरसीसी जे एल जोशी,छेरकापुर प्राचार्य राधेश्याम पटेल,राम खिलावन वर्मा ,एबीओ माहेश्वरी सर, ईश्वर चंद विद्यासागर,भोलाराम साहू, मंतराम वर्मा, देवेंद्र साहू,भानु ध्रुव, मुकेश साहू, दिनेश साहू,छन्नू वर्मा,अमित साहू, वेद प्रकाश पटेल,लोकनाथ सेन, विश्वनाथ साहू, विश्वनाथ मांडले, समस्त संकुल समन्वयक एवं स्टॉप गण उपस्थित रहे।

## श्री अग्रसेन महाराज के जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जाने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री अग्रसेन महाराज के जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित किये जाने की मांग अग्रवाल समाज द्वारा की गई । इस संबंध में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा द्वारा वृंदावन धाम में पारित प्रस्ताव के तहत सरायपाली अग्रवाल समाज द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सरायपाली एसडीएम को समाज के पदाधिकारियों द्वारा सौपा गया। सरायपाली अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व सचिव गुंजन अग्रवाल ने सौंपे गए ज्ञापन के संबंध में बताया कि देश मे अग्रवाल बंधुओं की संख्या लगभग 8 करोड़ है । समाज के आराध्य देव श्री अग्रसेन महाराज की जयंती प्रतिवर्ष अश्विनी शुक्ल पक्ष को पूरे देश के गाँव, कस्बो व शहरों में धूमधाम से मनाया जाता है । इस दौरान विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाता है । विगत दिनों 4 व 5 सितंबर को उत्तरप्रदेश के धार्मिक स्थान वृंदावन धाम में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया था ।इस कार्यक्रम में सरायपाली के सामाजिक लोगों ने भाग लिया था । इस राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से समाज के आराध्य देव श्री अग्रसेन महाराज के जयंती के दिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किये जाने हेतु प्रस्ताव पास किया गया था । जिसके परिपेक्ष्य में यह ज्ञापन एसडीएम को प्रधानमंत्री के नाम सौपा गया । इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल समाज गुंजन अग्रवाल सचिव के साथ ही लल्लू अग्रवाल भोजराज अग्रवाल ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम के बाबू सौंपा गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने हरी-झंडी दिखाकर किया स्वच्छता रथ को रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




आजादी की 75 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ओडीएफ प्लस के गतिविधियों पर आधारित निर्मित स्वच्छता रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा एवं कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने जिला कलेक्टॉरेट परिसर से स्वच्छता रथ को सभी विकासखण्ड़ो के ग्रामों लिए रवाना किया। यह रथ जिलें के प्रत्येक विकासखण्ड के 30 -30 ग्रामों में इस तरह कुल 180 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगा। स्वच्छता रथ दो अक्टूबर तक जिले के चयनित के ग्रामों में जाएगी। इस मौके पर अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की उपस्थित रहें। सहायक परियोजना अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन मुरली यदु ने रथ के संबंध में बताया कि स्वच्छता रथ के माध्यम से पॉलिथिन का इस्तेमाल न करने, पर्यावरण को बेहतर बनाये रखने, सार्वजनिक स्थानों के साफ-सफाई सोकता पिट का निर्माण,प्लास्टिक अपशिष्ट,सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग,स्वच्छता श्रमदान,शौचालयों का मरम्मत एवं उपयोग,नए परिवारो तक शौचालयों का पहुँच,ओडीएफ स्थायित्व और गंदा जल प्रबंधन तथा सामुदायिक शौचालयों का उपयोग आदि के संबंध में लोगों को जागरूक की जाएगी।

## नई राशन दुकान खुलने से ग्रामीणों को बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार से लगे ग्राम मिशन परसाभदेर में नई राशन दुकान खुल जाने से ग्रामीणों और उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। उन्हें लगभग 6 किलोमीटर दूर कठिन यात्रा करके राशन लेने जाने की जरूरत नहीं रह गई है। राशन उनके द्वार पर पहुंच गई है। इस महीने की 7 तारीख को नई राशन दुकान ने काम करना शुरू कर दिया है। अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं से बनी गृह लक्ष्मी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने इसके संचालन का जिम्मा उठाया है। राशन के सुरक्षित भण्डारण, देखरेख, तौलाई हिसाब-किताब रखने सहित तमाम काम यहां महिलाओं द्वारा यहां कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। नई दुकान में राशन लेने पहुंची महिला कामिनी महिलांगे ने बताया कि इसके पहले रिसदा राशन उठाने जाना पड़ता था। लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर दुकान होने के कारण ऑटो लेकर जाना पड़ता था। उनके पति बलौदाबाजार शहर में आटो चलाते हैं। खर्च होने के साथ ही ऑटो की कमाई चली जाती थी। उन्होंने 35 किलोग्राम राशन मुफ्त में उठाया है। उन्होंने बताया कि पहले काम छोड़कर घर के पुरूष सदस्य राशन लेने जाते थे। लेकिन गांव में राशन दुकान खुल जाने से ज्यादातर महिलाएं ही राशन सामग्री लेने पहुंचती हैं। एक अन्य बुजुर्ग महिला प्रभा ने बताया कि उनके परिवार को 45 किलोग्राम राशन मिलता है। ऑटो अथवा मोटर साइकिल किराया करके अथवा साइकिल लेकर राशन लेने जाते थे। अत्यधिक दूरी और भीड़-भाड़ होने के कारण पूरे दिनभर का समय लग जाता था। इससे महिलाओं को काफी सुविधा और राहत मिली है। दुकान संचालन करने वाली महिला समूह की अध्यक्ष क्षमाबाई कुर्रे हैं। कक्षा 12 वीं तक उनकी शिक्षा है। वे स्वयं लैपटॉप चलाकर पूरा हिसाब-किताब रखती हैं। उन्होंने बताया कि इस नई दुकान के जरिए 151 परिवारों को राशन वितरित किया जा रहा है। इसमें अंत्योदय परिवार के 30, प्राथमिकता वाले 89, सामान्य वर्ग के 27, निराश्रित 4 और निःशक्त 1 शामिल हैं। इस प्रकार राशन की नई दुकान खुल जाने से लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ महिला समूह को भी आमदनी का जरिया मिल गया है।

नरवा विकास योजना के अंतर्गत भोथाही नाला से 4 ग्राम पंचायतों के 25 किसान हो रहें है लाभांवित

## छोटे-छोटे संरचनाओं से नरवा हुआ लबालब, भूमिगत जलस्तर में हुआ सुधार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com







राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सुराजी गांव के तहत नरवा के संरक्षण एवं विकास से किसानों को अब जमीनी स्तर में लाभ मिलना शुरू हो गया है। जिलें के कसडोल विकासखण्ड के अंर्तगत बहने वाली भोथाही नाला के नरवा संरक्षण एवं विकास संरचनाओं से 4 ग्राम पंचायतों के 25 किसान लाभांवित हो रहें है। नरवा में निर्मित छोटे छोटे संरचनाओं से लबालब हो गया है। जिससे भूमिगत जलस्तर में भी काफी सुधार हुआ हैं। भोथाही नाले में कुल 7625 प्रकार के कार्य का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें 600 गली प्लाटिंग 13 सौ 70 लुज बोल्डर,5 हजार 630 कंटूर बंड, 30 से 40 कंटूर ट्रेंच,4 मॉडल-,2 परकोलेशन टैंक, 1चेकडेम, 1स्टॉपडेम, 17 गेबियन स्ट्रक्चर-17 शामिल है। इस तरह नाला में 7 हजार 625 प्रकार के संरचना का निर्माण किया गया है। संरचना निर्माण से 4 ग्राम पंचायतो के 25 किसानो के लगभग 58 एकड़ भूमि पर 2 फसल लिया जा रहा है। चार ग्राम पंचायतो में 41.97 एकड़ सिंचित रकबा में वृद्धि हुई है। नरवा के पानी से लाभांवित हो रहें ग्राम मुड़ीपार निवासी शनी राम धनवार ने बताया कि वह 1 एकड़ पर सतत रूप सब्जी बाड़ी का कार्य कर रहा है। वह इसके लिए नरवा के पानी का ही उपयोग कर रहे है। उन्हें विगत दो सालों में सब्जी बाड़ी से औसतन 80 हजार रुपए की वार्षिक आमदनी प्राप्त हुई है। संरचना निर्माण से तीनों ग्रामों में औसतन 1.98 मीटर की भू-जल स्तर में वृद्धि हुआ है। गौरतलब है कि भोथाही नाला विकासखंड मुख्यालय से करीब 31 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र में प्रवाहित होती है। नाले का उदगम स्थल देवगढ़ है। जिसका प्रवाह पहाड़ियो से होता हुआ महानदी नदी जाकर समाहित होता है। इस नाले की कुल लंबाई लगभग 13 कि.मी.है। जो कि वन क्षेत्र में 10 कि.मी. एवं राजस्व क्षेत्र में 3 कि.मी. प्रवाहित होता है।

नाले का विस्तार 4 ग्राम पंचायत क्रमशः मुड़पार, भिंभौरी, पुटपुरा, मुड़ीपार में है। भोथाही नाला की चयन का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य करते हुए किसानों के अतिरिक्त आय में वृद्धि करना था। इसमें बहते हुए वर्षा जल का संरक्षण कर भू-जल स्तर में वृद्धि तथा किसानो के सिंचित रकबा में वृद्धि करना है, तथा वन्यप्राणियो एवं मवेशियो को पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

**कार्यालय**
**प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक, गरियाबंद**
**आई.टी.आई. परिसर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

फोन नंबर-07706241303 Email:- gpolyg@rediffmail.com

क्रमांक 308 /शापाग/एसटीएससी स्टेशनरी/2021 गरियाबंद, दिनांक 14.9.2021

**भाव पत्र आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था में अध्यनरत अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्र-छात्राओं हेतु वित्त वर्ष 2021-22 के लिए लगभग 65000/- (पैंसठ हजार रूपये) मात्र की ड्राईंग स्टेशनरी सामाग्री (ड्राईंग बोर्ड 23''*32'', मीनी ड्राफ्टर, पेन्सिल सेट स्कवेयर, फ्रेंच कर्व, कलकुलेटर, कम्पास बाक्स, ड्राइंग बोर्ड क्लिप, ड्राइंग सीट, रबर, शार्पनर, प्रोजेक्ट पेपर, आदि की आवश्यकता है।

सम्बंधित फर्म दिनांक 04.10.2021 तक भावपत्र कार्यालयीन समय 3.00 PM बजे तक प्रस्तुत करें।

उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी संस्था के WEBSITE www.polygariya-band.ac.in. पर देखा जा सकता है।

**शर्तें:**-(1) फर्म को शासन द्वारा पंजीकृत होना अनिवार्य है।
(2) फर्म का टिन नंबर होना आवश्यक है।
(3) मोहरबंद लिफाफे ही स्वीकार किये जावेंगे।
(4) फर्म का बैंक खाता होना आवश्यक है।
(5) उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त प्रपत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेक्निक
गरियाबंद

जी-63696/3

# माओवादी दंपत्ति ने अपने दुधमुहे बच्चे के साथ किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर सुंदर राज पी के दिशा निर्देश में क्षेत्र में चलाया जा रहा है माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत मार डिवीजन कमेटी अंतर्गत इंद्रावती एरिया कमेटी के मिलिट्री कमांडर नंबर 16 के सदस्य बागूराम कोवासी पिता जटेल कोवासी उम्र 26 वर्ष निवासी बोड़गा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर एवं किसान आदिवासी महिला संगठन के सदस्या मोतीन कोवासी की उम्र 25 वर्ष निवासी बोड़गा थाना भैरमगढ़ जिला बीजापुर ने उपमहानिरीक्षक के रि पुलिस पुलिस बीजापुर कोमल सिंह पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ पंकज शुक्ला उप पुलिस अधीक्षक आशीष कुंजाम के समक्ष माओवादियों की खोखली विचारधारा जीवन शैली भेदभाव पूर्ण रवैया एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया छत्तीसगढ़ शासन की माओवादी समर्पण नीति के तहत फगू कोवासी के धारित पद पर दो लाख का इनाम घोषित है फगूराम कोवासी मिलिट्री प्लाटून नंबर 16 सदस्य वर्ष 2005 में इंद्रावती एरिया कमेटी के सीएनएम पार्टी में सदस्य के रूप में कार्य किया।ज्ञात हो कि मोतिन कोवासी पहली से आठवीं ओरछा के माँ शारदा विद्या मंदिर में तथा 9 वीं से 12 वीं कक्षा की पढ़ाई रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर में की है। बारहवीं में 70 प्रतिशत से उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनना चाहती थीं। किंतु माओवादियों को यह मंजूर न था इसे गांव से जबरन उठाकर ले गए। अब वह अपनी दुधमुंहे बच्चे को डॉक्टर बनाकर अपना सपना साकार करना चाहती है।

जुलाई 2010 में इंद्रावती एलओएस में पीएलजीए सदस्य का कार्य सौंपा गया जहां चार माह कार्य करने के बाद मिलिट्री प्लॉट नंबर 16 में सदस्य के रूप में कार्य किया। संगठन में 3 नॉट 3 राइफल रखता था माओवादी घटना में शामिल वर्ष 2011 में ग्राम पुतनार जिला नारायणपुर में पुलिस पार्टी पर एंबुश लगाकर हमला में शामिल घटना में जवान शहीद वर्ष 2012 में ग्राम कोहकामेटा थाना सोनपुर जिला नारायणपुर गश्ती दल के ऊपर वापसी के समय आईडी विस्फोट कर हमला करने में शामिल घटना में 3 जवान सहित वर्ष 2014 में ग्राम भटभेडा थाना ओरछा नारायणपुर में जंगलों में पुलिस माओवादी बीच मुठभेड़ में शामिल घटना में 1 जवान शहीद। वर्ष 2016 में फुंडरी व बोदली आईडी लगाते समय विस्फोट होने से मांड़ डिवीजन कमांड इंचार्ज सुनील के सिर में चोट लगने से मौत एवं फगू कोवासी के दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गई वर्ष 2019 को ताड़बल्ला जिला बीजापुर माओवादी प्रशिक्षण के पर पुलिस माओवादी के बीच मुठभेड़ में शामिल उक्त घटना में प्रशिक्षण करने वाले 10 माओवादी मारे गए।

मोतिन कोवासी के ए एम एस सदस्या माओवादी संगठन में कार्य का विवरण वर्ष 2018 में इंदिरावती कमेंटी अंतर्गत ग्राम बोड़गा के सदस्य के रूप में भर्ती किया गया वर्ष 2021 तक लगातार केएमएस सदस्य के रूप में कार्य की

माओवादियों की खोखली विचारधारा जीवन शैली एवं व्यवहार परिवार से दूर रहने आदि स्वस्थ होकर भारत के संविधान में विश्वास रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उपरोक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया समर्पण करने पर उन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत 10000 नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया।

## कलेक्टर संदीपान ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र अमलडीहा, करमसेन एवं नांदघाट का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज नांदघाट तहसील के शिवनाथ नदी के किनारे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र अमलडीहा, करमसेन एवं नांदघाट का दौरा किया। उन्होने कहा कि बेमेतरा जिले मे स्थिति समान्य है। कलेक्टर ने आम नागरिकों से एहतियात के तौर पर सतर्कता बरतने की अपील की। कलेक्टर ने जिले मे अतिवृष्टि से जनहानि का आंकलन कर रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए गए है। प्रदेश के अधिकांश जिलों मे वर्षा की स्थिति निर्मित होने से नदी नालों मे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले के अम्बागढ़ चौकी तहसील के मोंगरा बराज से आज सवेरे 16 हजार क्वीसेक पानी शिवनाथ नदी मे छोड़ा गया है इस कारण नदी के किनारे बसे गांवों मे अधिक सतर्कता बरती जा रही है। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नवागढ़ विश्वास राव मस्के, नायब तहसीलदार नांदघाट जयेश कंवर उपस्थित थे।

## बीईओ को वनांचल के दौरे पर स्कूलों में मिला ताला वेतन काटने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ थान खमरिया
www.dailypioneer.com




विकास खंड सहसपुर लोहारा के विकास खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार भास्कर ने दिनांक 15.09.2021 बुधवार को विकास खंड के वनांचल मे स्थित स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें शा.प्राथमिक विद्यालय बैगापारा शा.प्राथमिक विद्यालय भैंडा शा.प्राथमिक शाला भैंडा नवागांव शा. पूर्व माध्यमिक विघालय भैंडा नवागांव प्राथमिक माध्यमिक हायर सेकेंडरी सोनझरी प्राथमिक विद्यालय बोटेसुर प्राथमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय हाईस्कूल मोतिमपुर शामिल है। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय भैंडा शा. प्राथमिक विद्यालय भैंडा नवागांव तथा शा.प्राथमिक विद्यालय बैगापारा मे ताला बंद पाया गया। बीईओ गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए बंद पाये गये विघालयो के शिक्षको को नोटिस जारी करते हुए एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये है।

विघालय से बिना सूचना अनुपस्थित रहना कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही को दशार्ता है। बी.ई.ओ. द्वारा स्कूलों का सतत मानिंटरिंग करते हुए विघालय मे संचालित योजनाओं की सफल कियांवयन का प्रयास किया जा रहा है। बी.ई.औ. ने कहा शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। तथा ऐसे लापरवाह शिक्षक बख्से नहीं जायेंगे।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया एवं डेंगू से बचने की दी सलाह

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बारिश के मौसम में जलजनित बिमारियों के साथ ही मच्छरों के प्रकोप बढ़ने से मलेरिया, डेंगु होने के भी संभावना बनी रहती है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में होने वाले संक्रामक बीमारियों में उल्टी दस्त, बुखार, पीलिया, मलेरिया, आंत्रशोध आदि के फैलने का खतरा काफी बढ़ जाता है, जिससे यह बीमारी महामारी का रूप धारण करने की सम्भावना काफी बढ़ जाती है। संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए सड़ी गली सब्जी, फल, आदि का सेवन न किया जाए। दस्त रोग के समुचित प्रबंधन हेतु ''लो ऑस्मोलर ओ.आर.एस. घोल लेना सुनिश्चित किया जाए। मलेरिया बीमारी में हाथ-पैर में दर्द, सिर दर्द, ठंड के साथ बुखार आता है। यह मादा एनाफिलीज संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया से बचने के लिए घर के आसपास पानी जमा होने ना दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल, जला हुआ मोबिल ऑयल डालें। शाम के समय नीम की पत्ती का धुंआ करें। सोते समय दवा लेपित मच्छरदानी का प्रयोग करें।

डेंगू एक वायरस से होने वाली बीमारी का नाम है, जो एडीज नामक मच्छर की प्रजाति के काटने से होता है। इस मच्छर के काटने पर विषाणु तेजी से मरीज के शरीर में अपना असर दिखाने लगता है। जिसके कारण तेज बुखार और सर दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते है। इसे हड्डी तोड़ बुखार या ब्रेक बोन बुखार भी कहा जाता है। डेंगू का उपचार संभव है। डेंगू से बचने के लिए स्वयं को मच्छरों से बचाना बहुत जरूरी है। डेंगू जांच की सुविधा सभी शासकीय अस्पतालों एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। डॉक्टरों ने डेंगू के प्रारंभिक लक्षण के बारे में बताया कि तेज ठंड के साथ बुखार आना, कमर, मांसपेशियों, जोड़ों और सिर में तेज दर्द होना, हल्की खाँसी, गले में दर्द और खराश का होना, शरीर पर लाल-लाल दाने(रैश) दिखाई देता है, थकावट, भूख न लगना और कमजोरी होना, उलटी और दर्द होना डेंगू के लक्षण हैं। प्रारंभिक लक्षण होने पर डेंगू का तत्काल जांच करवाएं। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है।

## करूवा व्यपवर्तन योजना से सिंचाई सुविधा बढ़ी



**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के साजा क्षेत्र के करूवा व्यपवर्तन योजना का निर्माण लगभग 40 वर्ष पूर्व किया गया था । जिसकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 1452 हे . के विरूद्ध नहर प्रणाली के जीर्ण - शीर्ण होने के कारण सिर्फ423 हे . में सिंचाई संभव हो पा रहा था । इस कमी की पूर्ति हेतु शासन को प्रेषित मरम्मत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर 01 फरवरी 2018 को राशि रू. 1015.00 लाख प्राप्त हुई थी।

जिसका कार्य निविदा के तहत् कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 18 ग्रामो को सिंचाई सुविधा सुलभ सरल तरीके से प्रदाय किया जा रहा है। इस व्यपवर्तन योजना की नहर रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य का प्राक्कलन छ.ग. शासन वित्त मंत्रालय में प्रक्रियाधीन है। इस योजना से साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अकोला, बहेरा, बहुनवागांव, बैजी, गांगपुर, घिवरी, झाल, कंदई, कन्हेरा, करचुवा, कारेसरा, केवांछी, खुरूसबोड़, कुर्रा, पद्मी, समुंदवारा, सैगौना, सूखाताल ग्रामों के कृषकों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है। जिससे अंचल के कृषको में हर्ष व्याप्त है।

## हरदास कर रहा है वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के विकासखंड नवागढ़ ग्राम मुडपार के कृषक श्री हरदास/मोहर जी के खेत में केंद्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत कृषक को कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे गोधन न्याय योजना अन्तर्गत 5.00 कुंटल वर्मी कंपोस्ट खाद वितरण निःशुल्क धान खेत (किस्म महामाया) में प्रदर्शन हेतु दिया गया। जिसका 3.00 एकड़ मे बुवाई के समय उपयोग किया गया लगभग 2 माह पश्चात कृषक श्री हरदास/मोहर द्वारा बताया गया कि पूर्व वर्ष की तुलना में खेत की मिट्टी अन्य खेत की तुलना में नर्म हुई है एवं भूमि की जल धारण क्षमता में वृद्धि हुई है सूखे की स्थिति होने पर भी खेत में नमी संचित है एवं धान की फसल अन्य क्षेत्र की तुलना में अधिक हरी दिखाई दे रही है एवं कीट व्याधि का प्रकोप कम हुआ है।

## राष्ट्रीय स्तर पर बाघ की गणना की हुई तैयारी शुरू

■ मास्टर ट्रेनर्स का प्रथम चरण में हुआ प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com




कवर्धा वन मंडल, जिला कबीरधाम में दुर्ग वन वृत्त, दुर्ग स्तरीय अखिल भारतीय बाघ गणना 2021-2022 बाबत मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन श्रीमती शालिनी रैना, भा.व.से., मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वन वृत्त, दुर्ग तथा श्री राजेश कुमार पांडे, भा.व.से., मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी की उपस्थिति तथा मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में कवर्धा, बालोद, खैरागढ़, राजनंदगांव और दुर्ग वन मंडल के वन मंडल अधिकारी, उप वन मंडल अधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक, वनरक्षक, डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा मानचित्रकारों ने भाग लिया। समस्त प्रतिभागियों से श्री आयुष जैन, भा.व.से., क्षेत्रीय उप संचालक, सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व तथा श्री आनंद कुदारिया, अधीक्षक, बारनवापारा वन्य प्राणी अभ्यारण द्वारा बाघ गणना संबंधित चर्चा परिचर्चा की गई एवं प्रशिक्षण दिया गया। वृत्त स्तर पर हुई इस कार्यशाला के बाद मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वन मंडल स्तर पर विभिन्न परिक्षेत्र में आगामी 20 सितंबर तक क्षेत्रीय अमला को बाघ गणना से संबंधित जानकारी तथा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस बार की बाघ गणना की विशेषता यह रहेगी कि कागजी कार्यवाही ना करते हुए गूगल एप- एमएसट्रिपेस (डैज्तपचै म्बवसवहपबंस) के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री करके बाघ की गणना के साथ-साथ तेंदुआ तथा हाथी की गणना भी अखिल भारतीय बाघ गणना 2021-2022 में सम्मिलित की गई है।

## जल जीवन मिशन से भैसबोड़खुर्द को मिल रहा शुद्ध पेयजल

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय से लगभग 30 कि.मी. की दूरी पर विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम पंचायत बटार के आश्रिम ग्राम भैसबोड़खुर्द में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर पंप आधारित नलजल योजना के माध्यम से ग्राम में कुल 45 परिवारों के सभी घरों में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से 24 घण्टे जल प्रदाय किया जा रहा है तथा ग्राम के स्कूल एवं आंगनबाड़ी में भी टेप कनेक्शन के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है। पूर्व में ग्राम में 04 हैण्डपंप एवं 04 सिंगलफेस पॉवर के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा था। घरों में मुफ्त नल कनेक्शन लगाने की वजह से समस्त ग्रामीण बहुत खुश है।



## जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा को लेकर आंदोलन व चक्का जाम की विधायक ने दी चेतावनी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, जांजगीर चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र एवं पूरे जिले में सड़कों की स्थिति को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, जिला प्रभारी मंत्री एवं विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर तथा फोन से चर्चा करते हुए कहा है कि जांजगीर-चाम्पा जिला के जिला मुख्यालय जांजगीर नगर के राश्ट्रीय राजमार्ग क्र. 49 पूर्ण रूप से जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण हो गया है,पुटपुरा-बनारी से नेताजी चौक तक एनएच, कचहरी चौक व पुलिस कंट्रोल रूप के पास स्टेट बैंक के सामने, बीटीआई चौक से निर्माणाधीन ओवरब्रीज खोखसा फाटक, कुलीपोटा से लछनपुर, गेमनपुल से चाम्पा सदर के सामने बिरगहनी चौक, चाम्पा नगर से पीआईएल रोड घठोली चौक, चाम्पा रेल्वे स्टेशन रोड इसी तरह बिर्रा फाटक तक सड़त अत्यंत जर्जर व जीर्ण-शीर्ण हो गया है। इन सड़कों का मरम्मत की खानापूर्ति भी नहीं की गई,विधायक श्री चंदेल ने रोष एवं आक्रोष व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र अंचल तथा जिले के सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है, सड़क पर गड्ढा है या गड्ढो पर सड़क है इसका आकलन करना कठिन है, उन्होंने कहा कि इन जर्जर व जीर्ण-शीर्ण सड़कों से अब आम नागरिकों को इस पर चलना दुभर हो गया है, इस गड्ढे में बार-बार वाहन फस रहा है, जिससे लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं तथा आये दिनों गंभीर दुर्घना होने की आशंका हमेशा बनी हुई है।

### जल आवर्धन योजनांतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा

## शुद्ध पेयजल सप्लाई हमारी पहली प्राथमिकता -ऋषि कुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने जल आवर्धन योजनांतर्गत चल रहे कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि जल आवर्धन संबंधी पाईप लाईन बिछाने व टंकी से पानी सप्लाई का कार्य सहित अन्य जल आवर्धन योजना से जुडे महत्तवपूर्ण कार्यो को अविलंब पूर्ण किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये। उन्होनें दो टूक में कहा कि योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही होगी। समय सीमा का विशेष ध्यान रखे, समय-सीमा में कार्य पूर्ण नही होने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की बात कही। जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करते हुए पेयजल सप्लाई किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

### निर्माणाधीन टंकी का करे टेस्टिंग कार्य

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने आज जल विभाग सभापति के साथ वार्ड क्रं. 01 से 09 तक के पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल आवर्धन योजनांतर्गत निर्माणाधीन टंकी का टेस्टिंग कार्य पूर्ण करते हुए वार्डो में पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ करें। वार्ड के अंतिम व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है इसका पूर्णता ध्यान रखे, जिन क्षेत्रों में पाईप लाईन नही बिछाया गया है उस क्षेत्रो का सर्वेकर पाईप लाईन बिछाने का कार्य शुरू करायें। उन्होनें कहा कि रोड़ कटिंग, क्रांसिंग का कार्य समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी भी प्रकार का परेशानी उठाना न पड़े।

### बिना भवन अनुमति के नही मिलेगा कनेक्शन

नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन मकानों में बिना भवन निर्माण अनुज्ञा के नल कनेक्शन नही दिये जाने हेतु नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि बिना भवन अनुमति के निर्माण हो रहे मकानों का नोटिस जारी करें। जल कर का टैक्स अदायगी नही करने वाले को नोटिस जारी करते हुए राजस्व बढ़ाये, जल शुल्क नही पटाने वाले का प्रकरण लोक अदालत में भेजे जाने हेतु निर्देश दिये। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा के साथ जल विभाग के सभापति चुनवा खान, पार्षद संजय लांझी, संतोष यादव, बलदाउ चंद्रवंशी, देवा साहू, कार्यपालन अभियंता एम.एल. कुर्रे, उपभियंता विरेन्द नवघरे, अभिषेक श्रीवास्तव, हैण्डपंप मैकेनिक चंद्रिका ठाकुर, मल्टी अर्बन कंपनी से श्री डोंगरे उपस्थित रहे।

संपादकीय

# सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

## मानवीय दृष्टिकोण

**सर्वोच्च** न्यायालय ने उचित ही आत्महत्या करने वाले कोविड-19 रोगियों का पक्ष लेते हुए इसे चिकित्सकीय मौत माना है। कोविड-19 से पीड़ित लोगों के पुनर्वास पर नजर रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को केन्द्र से कोविड-19 मरीजों की आत्महत्या को कोविड-19 से हुई मौत मानने का निर्देश दिया है ताकि उनके परिवारों को भी मुआवजा मिल सके। अदालत ने कहा कि संक्रमण के कारण होने वाले अत्यधिक कष्ट के कारण ही रोगियों ने आत्महत्या की। जस्टिस एम.आर. शाह व जस्टिस ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने ये टिप्पणियां केंद्र के दिशानिर्देशों पर गौर करते हुए कीं जिसमें जहर देने, आत्महत्या, हत्या या दुर्घटना से होने वाली मौतों को कोविड-19 मौतें नहीं माना गया है, भले ही इसके साथ संक्रमण भी एक कारण हो। सरकार द्वारा मामले की पुनः समीक्षा के आश्वासन से अदालत संतुष्ट थी। अदालत का प्रस्ताव निश्चित रूप से एक मानवीय दृष्टिकोण है, पर सरकार तथा न्यायपालिका को पहले पूरे मामले को समग्रता से देखना चाहिए क्योंकि इसमें अनेक चीजें शामिल हैं। पीड़ित द्वारा की जाने वाली कोई भी आत्महत्या अत्यधिक निराशाजनक व परेशान करने वाली परिस्थितियों में होती है। आत्महत्या के कारण परिवारी सदस्यों को उस स्थिति में कमाऊ व्यक्ति से हाथ धोना पड़ता है जब एकमात्र पीड़ित ही नौकरी कर रहा हो। गरीब और वंचित लोगों की स्थिति इससे और खराब हो जाती है। तकनीकी रूप से कहें तो यह सिद्ध करना सरकार के लिए चुनौती होगी कि कोविड-19 पीड़ित रोगी की आत्महत्या अन्य कारणों के बजाय संक्रमण के कारण थी। दूसरे, आत्महत्या को मजबूर करने वाले अनेक अन्य निराशाजनक कारण कोविड-19 जितने ही प्रभावी हो सकते हैं।

ऐसे में केवल कोविड-19 संक्रमित रोगियों की आत्महत्या पर परिवारों को मुआवजा देने को अन्य कारणों से आत्महत्या करने वालों के प्रति भेदभाव की तरह देखा जा सकता है जो समान रूप से भयानक हो सकते हैं। तीसरे, सरकार तथा अदालतों को उन लोगों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है जो आत्महत्या को केवल अपराध मानते हैं और पीड़ित के प्रति उनका दृष्टिकोण विकृत हो सकता है। आत्महत्या भारतीय दंड संहिता की पुरानी पड़ चुकी धारा 309 के अंतर्गत अपराध है। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्यरक्षा कानून, 2017 से इसका आयाम घटा दिया गया है, पर इस धारा को वापस नहीं लिया गया है। इस कानून के अनुसार आत्महत्या का प्रयास करने किसी व्यक्ति को 'गंभीर तनाव से पीड़ित मानते हुए उसे सुनवाई व दंड से अलग रखने' की बात करते हुए सरकार से आह्वान किया गया है कि वह ऐसे व्यक्ति की 'समुचित देखभाल, इलाज व पुनर्वास' करे ताकि ऐसे प्रयास 'के पुनः होने की जोखिम घट सके।' कानून के इस मानवीय आयाम को लोकप्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि उन परिस्थितियों में कमी आ सके जिनके कारण आत्महत्या को मजबूर होना पड़ता है। इससे पीड़ितों के परिवारों या प्रयास में विफल रहने वालों का पुनर्वास प्रोत्साहित होगा। दीवालियापन, कर्जदारी तथा फसल खराब होने पर भारत में हजारों किसान आत्महत्या कर लेते हैं। उनको मुआवजा देने की योजना है, हालांकि जमीन का स्वामित्व न रखने वाले किसान अभी इस मुआवजे के हकदार नहीं हैं जिनमें अधिकांशतः महिला किसान शामिल हैं। मामले के प्रति तार्किक दृष्टिकोण संभवतः इस सवाल में छिपा है कि क्या कर्जदारी के कारण आत्महत्या करने वाले उस स्वस्थ किसान को भी मुआवजे का अधिकार होगा जो कोविड-19 लाकडाउन के कारण अपनी फसल नहीं बचा सका।

# बंदूक की नोक पर सफल नहीं होगी कूटनीति

## संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में अभी भी एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए जटिलताओं का पिटारा खोलने वाला है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखक पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय भटिंडा में सह प्रोफेसर हैं)



**अंतरराष्ट्रीय** समुदाय ने पिछले तीन हफ्तों के दौरान वैश्विक सुरक्षा और भू-राजनीति में एक आदर्श बदलाव देखा है। अमेरिका और तालिबान के बीच समझौते और बाद में काबुल्टो पर कब्जा करने के साथ, कुछ राज्यों और तालिबान के बीच बढ़ते अभिसरण, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति फिर कभी पहले जैसी नहीं होगी। जिस तरह से कूटनीति और अंतर-राज्यीय संबंधों को आगे बढ़ाया जाएगा, उसमें गहरा बदलाव होगा।

सबसे तात्कालिक सवाल यह है कि क्या राज्य के प्रतिनिधि शांति समझौतों पर हस्ताक्षर कर सकते हैं और आतंकवादी संगठनों के साथ सौदा कर सकते हैं, जो हिंसा और आतंकी तंत्र के माध्यम से क्षेत्रों को जब्त करने के इरादे को जानते हैं? संयुक्त राष्ट्र की आतंकवादी सूची में एक संगठन के साथ शांति समझौता गंभीर चिंता का एक उदाहरण है जो विश्व समुदाय के लिए भानुमती का पिटारा खोलता है।

आज, कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में दुनिया के सामने पेश करना होगा। चीन, पाकिस्तान, रूस, ईरान और अन्य को सरकार गठन प्रक्रिया के लिए एक आमंत्रण भेजा गया है जिसमें कम से कम मंत्रियों में से आधे कट्टरपंथी इस्लाम और जिहाद के एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले आतंकवादी हैं। तालिबान के साथ कूटनीति, सहायता और व्यापार शुरू करने और उनके कार्यों पर उनका आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से भारत और जापान जैसे दाता देशों पर दबाव केवल 'खरगोशों के साथ दौड़ने और शिकारी कुत्तों के साथ शिकार' की रणनीति को मजबूत करेगा। देशों को इस क्षेत्र में स्थिरता की उम्मीद में अफगानिस्तान में तालिबान जैसे पाकिस्तान और हिंसक गैर-राज्य अभिनेताओं (वीएनएसए) जैसे विफल राज्यों के वित्तपोषण और सहायता की विरोधाभासीता से बाहर आना चाहिए। जबकि अमेरिका यह निष्कर्ष निकालता है कि भविष्य के कार्यों को तय करने में बल प्रमुख कारक नहीं है, बल की समान शक्ति को प्रोत्साहित किया जाएगा यदि ऐसा वीएनएसए या तो लगा हुआ या सहायता प्राप्त है। ब्लैकमेल की स्वीकृति, जैसा कि इस मामले में है, प्रमुखता प्राप्त करने वाली बहुराजकीय प्रवृत्तियों का दीर्घकालिक समाधान नहीं है। यह केवल उस व्यवहार को प्रोत्साहित करेगा जिसे गनपॉइंट डिप्लोमेसी कहा जा सकता है, जो गनबोट डिप्लोमेसी की चीनी रणनीति के समान है, जिसमें ब्लैकमेलिंग का उपयोग सामरिक और रणनीतिक गतिशीलता के लिए किया जाता है। इसी तरह, तालिबान के साथ बातचीत, यहां तक कि अन्य देशों द्वारा भी, अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करते हैं, जिसके परिणाम इस सदी के बाकी हिस्सों में दुनिया को भुगतने पड़ सकते हैं। तालिबान अफगान को अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुपालन में उनके कार्यों के प्रदर्शन के बदले में मान्यता या सहयोग का मुद्दा इस प्रकार मुश्किल है। भारत जो अपेक्षा करता है और अन्य ताकतें तालिबान से जो अपेक्षा करती हैं, उसमें अंतर है। हम मुख्य रूप से खुद को बचाने के लिए छोड़े गए हैं। यहां तक कि सामान्य स्थिति या कूटनीति का मामूली प्रदर्शन भी भारत को प्रभावित करेगा। अब से एक या दो साल बाद जो होगा वह अज्ञात के दायरे में है। यहां तक कि कुछ शर्तों पर, तालिबान के साथ एक सगाई को इसके लिए एक राजनयिक मान्यता के रूप में लिया जाएगा, जिसके घरेलू परिणाम होंगे और गलत मिसालें पैदा होंगी। मान लीजिए कि भारत तालिबान के साथ बातचीत का विकल्प चुनता है, कुछ महीनों के बाद, हम तालिबान को यूएनजीए या अन्य क्षेत्रीय संगठनों में टेबल के पार बैठे अफगानिस्तान का प्रतिनिधित्व करते हुए हमारे आंतरिक मामलों पर टिप्पणी कर सकते हैं। क्या भारत को चीन और पाकिस्तान द्वारा उसी में बरगलाया नहीं जाएगा। जिस तरह से अमेरिका को नीचा दिखाया गया था? कभी-कभी, जबरदस्ती के तहत तुरंत निर्णय लेने की तुलना में निर्णय न लेना अधिक वांछनीय होता है, क्योंकि बाद के समय शायद ही कभी उन्हें उलट सकते हैं।

दूसरा, अमेरिकी सहयोगियों की ओर से छोड़े जाने की भावना भविष्य के गठबंधनों को प्रभावित करेगी। वर्तमान समस्या में, भारत के तत्काल हितों को तब दरकिनार कर दिया गया जब अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया, हथियारों का एक जखीरा छोड़ दिया, जिसे पहले ही पाकिस्तान ले जाया जा सकता था, जिसका इस्तेमाल केवल पाकिस्तान की सीमा से लगे क्षेत्रों में भारतीय हितों के खिलाफ किया जा सकता था। चूंकि चीन और पाकिस्तान के निहित स्वार्थ ईरान और रूस के समर्थन से खिल रहे हैं, इसलिए एक प्रासंगिक सवाल यह है कि भारत इस मुद्दे से कैसे निपटेगा। अंतिम भारतीय नागरिक अफगानिस्तान से बाहर निकलने तक कुछ पिछले दरवाजे संचार चैनलों (कूटनीति नहीं) को मौलिक स्तर पर बनाए रखा जाना चाहिए। हमें निकासी के लिए बातचीत और सरकार के रूप को पहचानने के बीच अंतर करना सीखना चाहिए। तीसरा, जैसा कि अमेरिका अपनी नीतियों का आत्मनिरीक्षण करता है, संभावना है कि वह लोकतांत्रिक यथार्थवाद के दृष्टिकोण को अपना सकता है, जिसे चार्ल्स क्राउथमर ने 2004 में सुझाया था जो केवल रणनीतिक आवश्यकता के स्थानों पर अपना खून और खजाना देता है। ऐसे में, भारत के प्रति अमेरिका की कौन-सी सामरिक और सामरिक प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करने की आवश्यकता है? यदि भारत को एक सहयोगी माना जाता है, तो खुद को एक विश्वसनीय भागीदार साबित करने की जिम्मेदारी अमेरिका पर है। रूस के लिए भी यही मानक लागू हैं।

इसके अलावा, राजनयिक जुड़ाव अब किसी भी दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं से रहित एक नए प्रकार के शक्ति संबंधों की ओर मुड़ते दिख रहे हैं। इस तरह की प्रवृत्तियों में, देश वीएनएसए के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने में संकोच नहीं करते हैं। इसके अलावा, प्रतिकूल शक्तियां भी अल्पकालिक या दीर्घकालिक लाभ के लिए मिलकर काम करती हैं, और इस प्रक्रिया में, अपने मौजूदा मुद्दों को या तो किनारे कर देती हैं या हल कर लेती हैं। जब चीन और पाकिस्तान ने अपने ढोंग का पर्दाफाश कर दिया है, और अमेरिका लोकतंत्र की वकालत करने के लिए अपनी पिछली पुलिसिंग भूमिका के साथ आगे नहीं बढ़ रहा है, तो नई दिल्ली को इस नए महान खेल के समाधान के रूप में भारत-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

भारत के दृष्टिकोण से, हमें यह सवाल करना चाहिए कि क्या अफगानिस्तान छद्म संगठनों के विभिन्न गुटों का एक आतंकी केंद्र बन गया है या क्या यह केवल भारत के खिलाफ काम करने वाले एक विशेष आईएसआई विस्तार के रूप में काम करेगा? भू-राजनीति के कारण हक्कानियों को तथाकथित सरकार में शामिल किया गया है। इसमें कोई शक नहीं कि इससे भारत के हित प्रभावित होंगे। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन पहले ही कह चुके हैं कि कश्मीर अगला है। तालिबान ने कहा कि वह कुछ दिनों बाद पाकिस्तान और भारत के बीच हस्तक्षेप नहीं करेगा। एक सप्ताह के भीतर जारी किए गए दो बयानों की कोई विश्वसनीयता नहीं है। भारत किस कथन पर भरोसा कर सकता है? इसके अलावा, भारत को तालिबान पर भरोसा क्यों करना चाहिए यदि पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका पहले से ही प्रमाणित है? अफगान समस्या के मंथन के परिणाम संभवतः तब दिखाई देने लगेंगे जब यह उभरती प्रतिद्वंद्विता और साझेदारियों का नया केंद्र बन जाएगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपति का गैरजिम्मेदाराना रवैया

" बाइडेन ने अक्सर राष्ट्रपति चुनाव अभियान में अपने स्वर्गीय बेटे ब्यू बाइडेन की याद की जिसने सेना में काम किया तथा मेजर के पद से जज एडवोकेट जनरल कार्पस तक पदोन्नति प्राप्त की। ब्यू ने 2008 से 2009 तक ईराक युद्ध में भाग लिया था और उसे उसकी सेवाओं के लिए ब्रोंज स्टार से सम्मानित किया गया था। "

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एवं पूर्व उपराज्यपाल हैं)



**जोबाइडेन** अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति हैं, पर वे उन 29 राष्ट्रपतियों में शामिल नहीं हैं जिन्होंने किसी क्षमता में सेना में काम किया था। उन्होंने पांच बार वियतनाम जाना स्थगित करने में सफलता पाई तथा राजनीतिक रूप से रिचर्ड निक्सन के युद्ध प्रयासों का विरोध किया। बाइडेन का यह दुविधा भरा दृष्टिकोण उस समय भी सामने आया था जब उन्होंने 2002 में ईराक युद्ध को अनुमति देने पर असहमति प्रकट की थी। वे संभवतः इसे शुरू किए जाने के समय से ही इसके खिलाफ हो गए थे। लेकिन उन्होंने सिनेट संबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में अपने दृष्टिकोण के उलट हमले के लिए सैनिक शक्ति प्रयोग करने का अधिकार-एयूएमएफदिया।

लेकिन बाद में संयोग से एक निर्णायक रूप से नस्लवादी, यौनवादी व नस्ली घृणा के शिकार डोनाल्ड ट्रंप से मुकाबले ने बाइडेन का राष्ट्रपति कार्यालय पहुंच कर शपथ लेना सुनिश्चित कर दिया और इस प्रकार वे सशस्त्र बलों के कमांडर इन चीफ बन गए। ट्रंप ने हास्यास्पद और खतरनाक ढंग से अमेरिकी सेना की छवि पर कब्जे का प्रयास किया था। स्पष्ट रूप से ऐसे में परंपरागत तरीके से ज्यादा दक्षिणपंथी रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करने वाले अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए दो बुरी पंसदों की तुलना में बाइडेन ज्यादा अच्छे लगे। लगातार युद्धों में संलिप्त रहने वाले देश तथा सेवानिवृत्त सैनिक मामलों के विभाग के अनुसार 19 मिलियन सेवानिवृत्त सैनिकों वाले देश में 'बावर्दी' बिरादरी की राय अर्थवान है जो अमेरिका की कुल वयस्क जनसंख्या में लगभग 10 प्रतिशत हैं। बाइडेन ने अक्सर राष्ट्रपति चुनाव अभियान में अपने स्वर्गीय बेटे ब्यू बाइडेन की याद की जिसने सेना में काम किया तथा मेजर के पद से जज एडवोकेट जनरल कार्पस तक पदोन्नति प्राप्त की। ब्यू ने 2008 से 2009 तक ईराक युद्ध में भाग लिया था और उसे उसकी सेवाओं के लिए ब्रोंज स्टार से सम्मानित किया गया था। प्रचार अभियान में बाइडेन की 'पवित्र जिम्मेदारी' सैनिक परिवारों के प्रति सामने आई। उन्होंने 'सेना सदस्य के माता-पिता की भावनायें' व्यक्त कीं 'जिनकी तैनाती ईराक में हुई थी।' कहा गया कि 'उप-राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डा. जिल बाइडेन समझते हैं कि यह केवल हमारे देश की सेवा करने के लिए सेना में भर्ती होने वालों का नहीं, बल्कि उनके परिवारों की भी भावना' है।



इस बीच ट्रंप के मूर्खतापूर्ण दृष्टिकोण के कारण न केवल ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ जनरल मार्क मिली व्यथित थे, बल्कि सम्मानित सेवानिवृत्त जनरल जेम्स मैटिस व एच.आर. मैक्मास्टर ने भी बाइडेन के पक्ष में भावनायें बनाईं। इसमें ट्रंप की लफ्फाजी तथा बेतुकी बातों ने भी अपनी भूमिका निभाई।

आज राष्ट्रपति कार्यालय में आठ महीने तक जिम्मेदारी संभालने के बाद बाइडेन ने सैन्यवादी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लिया है और इससे उनकी रेटिंग तेजी से गिरी है। हालांकि, अफगानिस्तान में 20 साल से जारी युद्ध समाप्त करने की मांग लंबे समय से हो रही थी, लेकिन पराजित नायक की तरह जल्दबाजी में पलायन से देश के भीतर और बाहर उनकी तथा अमेरिकी सेना की छवि गिरी है। इसमें आईएसआईएल-के हमले में मारे गए सैनिक भी शामिल हैं। ऐसे में अपरिहार्य रूप से वियतनाम से तुलना हो रही है और इस बार भी इस अपमान का खामियाजा सेवानिवृत्त सैनिकों को भुगतना पड़ रहा है। निराशा की भावना इस कटु यथार्थ से और गहरी हुई है कि तेजी से पतन का कारण उचित आपरेशनल योजना का अभाव तथा 'दुश्मन', यानी 'तालिबान' से 'सुरक्षित रूप से बाहर निकलने' की अनुमति लेना था। एक निरुत्साही सेना तथा गैर-प्रतिबद्ध राजनेताओं के उलट अमेरिकी सैनिक को एक अतिरिक्त व अकल्पनीय नैतिक चोट पहुंची है जिसे उसकी किस्मत पर पीछे छोड़ दिया गया था। इनमें अनेक सहयोगी अनुवादक, ड्राइवर तथा सहायक कर्मचारी शामिल हैं। अफरातफरी तथा कुप्रबंधन से भरे पलायन ने बावर्दी बिरादरी को भारी कष्ट, निराशा और शर्म में डुबो दिया है जिसका दोषी निश्चित रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति का कार्यालय है। निश्चित रूप से जो बाइडेन की भावनायें 'बावर्दी' लोगों के साथ जुड़ी नहीं हैं जो अपमानजनक रूप से उस समय अपनी घड़ी देख रहे थे जब काबुल हवाईअड्डे पर मारे गए 13 शहीद अमेरिकी सैनिकों के ताबूत दुःखद 'गौरवपूर्ण हस्तांतरण' के लिए उतारे जा रहे थे।

बहुत से लोगों ने राष्ट्रपति द्वारा बार-बार अपने स्वर्गीय बेटे का नाम लेने की अनुपयुक्तता की ओर संकेत किया है, जबकि उन्होंने उन शहीदों का नाम नहीं लिया जो उनके नेतृत्व में वीरगति को प्राप्त हुए। अनेक शहीद जवानों के परिवारों ने राष्ट्रपति से मिलने से इनकार कर दिया, जबकि ऐसा करने वाले कुछ लोगों ने उनके मुंह पर खरी-खरी बातें कहीं। एक शहीद की मां ने बाइडेन को 'भुलक्कड़पन से पीड़ित ऐसा व्यक्ति कहा जो यह भी नहीं जानता कि वह व्हाइट हाउस में है।'

महत्वपूर्ण है कि यह कोई पक्षपाती विभाजन नहीं है क्योंकि इनमें से अनेक परिवारों ने समान रूप से डोनाल्ड ट्रंप की भी निन्दा की थी जो गलत समय पर सैनिकों की मौतों का राजनीतीकरण कर रहे थे।

## फरमाया



ईडी ने अभिषेक बनर्जी से 9 घंटे पूछताछ की। हमें धमकाया नहीं जा सकता। हम कांग्रेस, अथवा अखिलेश यादव या शरद पवार की तरह नहीं हैं।

**- ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**अफ़गानिस्तान** के लोगों को जीवन रेखा की जरूरत है। कई दशकों से युद्ध, वेदनाओं एवं असुरक्षा से जूझने के बाद वे सर्वाधिक संकटकालीन दशा में हैं।


**- एटोनियो गुटरेस**
संरा महासचिव



**तेलंगाना** दलित बंधु योजना को सफल बनाने के बाद हम दलितों के विकास के लिए नया रास्ते खोलने वाला राज्य बन गए हैं।

**- के चंद्रशेखर राव**
तेलंगाना के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## पर्चे लीक होना गंभीर मुद्दा

**प्रतियोगी** या कॉलेजों की परीक्षाओं के पर्चे लीक होना आज की नियामक संस्थाओं के लिए एक गंभीर मुद्दा होना चाहिए। हाल ही में जेईई मेंस एवं हरियाणा पुलिस भर्ती की परीक्षाओं के पेपर लीक होने का मामला सामने आया है। पूर्व में भी भारत के कई राज्यों में इस प्रकार की घटनाएं घटित हो चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस संबंध में गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि इस अनैतिक व्यापार से परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर एक प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सबसे ज्यादा नुकसान होता है। उनका भविष्य दांव पर लग जाता है। इस संबंध में मॉनिटरिंग सिस्टम को मजबूत बनाया जाना चाहिए। ज्यादातर मामलों में परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं के स्टाफ का कोई व्यक्ति ही इस गोरखधंधे में शामिल पाया जाता है। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर छपने की पूरी प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखने के लिए सिस्टम बनाने की भी आवश्यकता है। अलग-अलग स्टेट के लिए पेपर में विविधतापूर्ण प्रश्न प्रणाली अपना कर भी इस समस्या से एक हद तक निपटा जा सकता है। मेधावी विद्यार्थियों के हित का ध्यान रखना राज व्यवस्था की जिम्मेदारी है।

**- ललित महालकरी,** इंदौर

## प्रबल जनसुनवाई तंत्र

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बीते तीन माह जनसुनवाई पोर्टल और हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें शिकायतों के समाधान में शिथिलता बरती गई। शिकायतों के निस्तारण से जनता सन्तुष्ट नही थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तन्त्र अपनी कार्य शैली और मानसिकता बदलने को तैयार नही है। जबकि योगी ने अब तक एक हजार से अधिक नकारा और भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई और कुछ को समय से पूर्व सेवा निवृत्त कर दिया। जिला स्तरीय अधिकारियों का रवैया सुधर नही रहा है। इस लिये मुख्यमंत्री ने प्रतिदिन जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन एक घण्टे जनसुनवाई करने का निर्देश दिया। 18 जुलाई 21 को उन्नाव जिले आयोजित सम्पूर्ण समाधन दिवस में सिने और टीवी अभिनेता अतुल तिवारी खतौनी में नाम संशोधन कराने तहसील उन्नाव गए जहां अधिकारियों ने खतौनी में नाम संशोधन कर संसोधित खतौनी भी उपलब्ध करा दी। फ़िल्म कलाकार ने त्वरित समस्या समाधान होने पर प्रशासन की तत्परता और सम्पूर्ण समाधान दिवस की सोच की सराहना की। यही नीति आम लोगो के लिये भी अपनाई जा सकती है।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** जरगांव, उन्नाव

## महामारी की मार

**एक** साल से अधिक का समय बीत चुका है महामारी की मार खाते और इसकी तीव्रता को काबू करते हुए। दरअसल पापी कोरोना ने कुछ आयामो को इस हद तक प्रभावित किया है की उससे जुड़े लोगो का जीना और जीविका कमाना दोनो मुश्किल हो गया है। बीते महीनो में कोरोना महामारी ने ऐसी बेदर्दी दिखाई है की छोटे उद्योगों का वापस मुख्यधारा में आना कठिन हो गया है। डन एंड ब्रैडस्ट्रीट के एक सर्वेक्षण के अनुसार 82 प्रतिशत से अधिक छोटे व्यवसायों ने महामारी के दौरान नकारात्मक प्रभावो का अनुभव किया है। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कई कदम भी उठाए गए है जैसे 15 राहत उपायों में से 6 का उद्देश्य भारत के छोटे उद्योगों को वापस मुख्यधारा में लाना, जोकि काबिले तारीफ है, लेकिन जहां तक वर्तमान की बात करें तो इस नीति के तहत कितना काम हुआ है यह तस्वीर साफ नहीं है। इसके अलावा, देशवासियो का भी दायित्व बनता है कि वे छोटे उद्योगों को बढ़ावा दे। अतः इस कठिन घड़ी में सरकार और जनता को एक साथ मिलकर इस संकट से निपटने की जरूरत है।

**- निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विवि

## क्विक न्यूज

### सोलर पंप लगने से बेहतर कृषि कार्य कर रहा किसान जगदीश



**बालोद।** डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम फुलसुन्दरी का किसान जगदीश राम शासन की सौर सुजला योजना का लाभ लेकर बेहतर कृषि कार्य कर रहा है। क्रेडा विभाग द्वारा सौर सुजला योजना अंतर्गत किसान जगदीश राम के खेत में मार्च 2020-21 में 3 एचपी का सोलर पंप स्थापित किया गया। इससे उसे फसलों की सिंचाई की सुविधा हो रही है। क्रेडा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 3 एचपी का सोलर पंप की स्थापना के लिए दो लाख रूपए खर्च आता है। किसान जगदीश राम को क्रेडा विभाग से अनुदान उपरांत मात्र दस हजार रूपए में सोलर पंप दिया गया। किसान जगदीश राम ने बताया कि फसलों की सिंचाई के लिए पहले वह बारिश पर निर्भर रहता था।

### डोटू व्यपवर्तन सिंचाई योजना से अब 1535 हेक्टेयर मे हो रही सिंचाई



**बेमेतरा।** डोटू व्यपवर्तन सिंचाई योजना का निर्माण बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा अंतर्गत ग्राम करमू के पास डोटू नाला में वर्ष 1976 में निर्माण किया गया है। पूर्व में इस योजना की नहरो से 1200 हे. में सिंचाई की गई थी किन्तु वर्तमान में सिर्फ 706 हे. में सिंचाई हो पा रही है। लगभग 09 वर्षो से योजना की रूपांकित क्षमता के अनुरूप सिंचाई नही हो पा रही थी। इस कमी की पूर्ति हेतु योजना की बायीं तट नहर के चैन क्र. 150 से 300 तक का मजबूतीकरण, हरदास एवं बैजलपुर माईनर के जीर्णोद्धार हेतु 120.07 लाख रु. का कार्य मनरेगा मद अंतर्गत किया गया है। योजना की बायीं तट मुख्य नहर के चैन क्र. 256 में निर्मित एक्वाडक्ट के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नहर का लगभग पूरा पानी रिसाव से नाले में बह जाता था।

# दल्ली राजहरा व्यापारी संघ के कार्यक्रम में शामिल हुई मंत्री अनिला भेडिया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




राजहरा व्यापारी संघ का शपथ ग्रहण एवं स्नेह सम्मेलन स्थानीय बीएसपी ओपन एयर थिएटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया उपस्थित थीं। विशेष अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी, नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, अनुविभागीय अधिकारी डौंडीलोहारा प्रेमलता चंदेल, वर्मा सीजी एम राजहरा सीएसपी मनोज तिर्की, रेलवे विभाग केआईओ डब्ल्यू धीवर उपस्थित थे। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों का आयोजन समिति की ओर से पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात राजहरा व्यापारी संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, महामंत्री क्रांति जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक लोहिया, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गुणधर, कोषाध्यक्ष रमेश मित्तल, मंत्री पंकज छाजेड़ व संगठन मंत्री अमित जायसवाल को शपथ दिलाया गया। सभी पदाधिकारियों को अतिथियों द्वारा शुभकामनायें दी गई। शपथ ग्रहण समारोह की मुख्य अतिथि भेड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि दल्ली राजहरा में राजहरा व्यापारी संघ का चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ। सभी ने आपसी सहमति से पदाधिकारीयों का चयन किया है, यह बहुत अच्छी बात है। व्यापारी संघ नगर का महत्वपूर्ण संगठन होता है उनके प्रयास से नगर का विकास अग्रसर होगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर ने कहा कि हम सब के सहयोग से राजहरा का और अधिक विकास होगा। हम सब मिलकर नगर के विकास को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। शपथ ग्रहण के बाद व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अलग-अलग केबिनेट मंत्री, सांसद व नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर को नगर से जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु मांग पत्र सौंपा। जिसमें सांसद से मांग की गई कि खनिज न्यास निधि, का उपयोग नगर के विकास के लिए किया जाए, ट्रेन की सुविधा में वृद्धि,रेलवे क्षेत्र किं भूमि का स्थायी पट्टा,100 बिस्तर अस्पताल ,केंद्रीय विद्यालय की स्थापना,औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण, बीएसपी क्षेत्र के 130 एकड़ भूमि राजस्व को दिलाया जाय। मंत्री से की गई मांग,बायपास सड़क का निर्माण,नगर पालिक क्षेत्र में बसे लोगों को निःशुल्क पट्टा दिया जाय, कृषि उपज मंडी का निर्माण किया जाए, एजुकेशन हब के रूप में नगर का विकास किया जाय, जमीनी रजिस्ट्री का सरलीकरण किया जाए। इसी के साथ नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर से गई मांग की गई कि थोक सब्जी व्यापारियों के लिए जगह की व्यवस्था, पर्यटन स्थल का निर्माण,सब्जी बाजार के पल का निर्माण,सड़कों का चौड़ी करण एवं सौन्दर्यकरण, पेशाबघर एवं शौचालय का निर्माण,वाहनों के पार्किंग स्थल का स्थान निर्धारण किया जाए।

**नगर के सभी चौक चौराहे में सीसीटीवी लगाया जाये**

इस दौरान भरतलाल आहूजा,शांतिलाल जैन, शंकर कुकरेजा, प्रेम जायसवाल, अशोक शाह, सतीश काम्बले, राजू सोनी, अमित कुकरेजा, स्वाधीन लोढ़ा, गोवर्धन दास मोटवानी, संजय बांठिया, महेश मोटवानी,राजू कुकरेजा, विक्रम धुर्वे, राजेश दसोड़े चुनाव अधिकारी शिखर चंद जैन,कन्हैया लाल कुकरेजा,पप्पू अग्रवाल ,श्रीकांत गोलछा राजा डहरवाल सहित अनेक व्यापरी उपस्थित थे।

## इलाज के नाम पर जड़ी-बूटी बेचकर ठगी, गिरोह के 2 सदस्य गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



डौंडी पुलिस एवं सायबर सेल की सयुंक्त टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए ईलाज के नाम पर जड़ीबूटी बेचकर ठगी करने वाले गिरोह के 2 सदस्य को गिरफ्तार किया हैं। एसपी सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में एएसपी डीआर पोर्ते के निर्देशन पर दल्लीराजहरा नगर पुलिस अधीक्षक मनोज तिर्की के पर्यवेक्षण एवं साइबर सेल प्रभारी बालोद निरीक्षक रोहित मालेकर व थाना प्रभारी डौंडी अनिल ठाकुर के नेतृत्व में थाना डौंडी के अपराध में जड़ीबूटी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के अज्ञात आरोपी को पकड़ने हेतु एक विशेष टीम तैयार किया गया था।

उक्त प्रकरण में 2 आरोपी गिरफ्तार कर बालोद लाया गया। मिली जानकारी अनुसार 2 अगस्त 2021 को डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पेंड्री निवासी के घर दो अज्ञात आरोपी आये और आयुर्वेदिक दवाई खाने से बाल बच्चा आ जाता है कहकर प्रार्थी को अपने झांसे में लेकर उसे जड़ीबूटी देकर उससे 40 हजार रूपये नगद एवं फोन पे के माध्यम से 32 हजार कुल 72 हजार रूपये की ठगी कर फरार हो गये थे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डौण्डी में अपराध क्रमांक - 154/2021, धारा- 420,34 भादवि पंजीबद्ध किया गया। अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित कर रवाना किया गया था। टीम द्वारा आरोपियो के संबध मे जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें आरोपी अपने निवास स्थान से फरार थे। टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर आरोपियो के पुख्ता जानकारी प्राप्तकर टीम महासमुंद जिले के पिथौरा थाना जाकर प्रकरण के 2 आरोपी शशि मंडावी पिता रंजीत मंडावी (38वर्ष) और नारायण गोड़ पिता कब्बू सिंह गोड़ (40वर्ष) को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त कार सीजी 04 एनई-1573 औरनगदी 10 हजार रूपये जब्त किए गए हैं।

## पटवारी संघ कर रहा नए भुइयां सॉफ्टवेयर का बहिष्कार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




13 तारीख को अपलोड किए गए नए भुइयां सॉफ्टवेयर से कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे पटवारियों के साथ-साथ किसानों को भी उनके जमीन जायदाद कृषि संबंधी भुइँया में उपलब्ध जानकारी उड़ जाने से सभी को परेशानी हो रही है इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं का सामना करना प? रहा है इस संबंध में जानकारी के मुताबिक भुइयां के नये साफ्टवेयर अपलोड करने के बाद से किसी भी गांव का कोई खसरा नम्बर डीएससी नही हो रहा , इस तरह से नामान्तरण के अंतर्गत समस्त पुराना नामांतरण जो पंजी में ऑनलाइन दर्ज कर आदेश पारित हो गया था वह सब गायब हो गया है। वहीं वर्तमान समय मे कोई भी नामान्तरण का अभिलेख दुरुस्त नही हो रहा है। इसके अलावा फसल गिरदावरी के अंतर्गत फसल पुनरावृत्ति नही हो रही है.यही नहीं बल्कि किसी किसी गांव का प्रत्येक खसरा का दो से तीन प्रविष्टि दिखा रहा है। वही किसी किसी गांव का बहुत से खसरा नम्बर गायब हो गया है। जानकारी यहां तक दी गई है कि अभिलेख शुद्धता के अंतर्गत खसरा संकलन विलोपन पूर्ण किया जा चुका था उसमें भी बहुत सारे नम्बर अनावश्यक जुड़ गया है. इससे यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि एक ही खसरा नम्बर और रकबा दो कृषक के नाम कैसे?

## छग सर्व सेन समाज का आज बैठक में निर्विरोध जिला अध्यक्ष रवि सेन उपाध्यक्ष डेनिम सेन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छ,ग,सर्व सेन समाज द्वारा बेमेतरा जिले में अध्यक्ष की चुनाव रखा गया। जिस में निर्विरोध रवि सेन को जिला अध्यक्ष बेमेतरा के पद पर चुना गया। जिलेभर से सेन समाज में लोग एकत्रित हुए बेमेतरा जिले के टाउन हॉल में छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज द्वारा कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश अध्यक्ष समेत जिले भर के सर्व सेन समाज के लोग उपस्थित होकर अपनी अपनी बातें रखें। साथ ही निर्विरोध चुनाव भी हुआ साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जिले में घर-घर जाकर समाज के लिए सेन समाज को जागरूकता दिलाएंगे समाज हित के लिए नई योजनाओं पर कार्य किया जाएगा। सेन समाज की पुश्तैनी कार्य जैसे दोना पत्तल की भी योजनाओं पर कार्य करने की बात कही। जिला अध्यक्ष रवि सेन ने अध्यक्ष पद संभालते ही जिले में सेन समाज के हित के लिए विकास कार्य करने की बात कही । समाज को एक सूत्र में बांधकर रखने का पूरा प्रयास करूंगा सेन समाज में कोई भी बड़ी छोटी बात हो उसे में शरीक होकर सेन समाज की हर प्रकार की सहयोग व सहायता करता रहूंगा समय-समय पर समाज के हित के लिए नए-नए योजनाओं पर कार्य किया जाएगा सर्व सेन समाज द्वारा लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित होकर समाज को एक सूत्र बांधने की शपथ भी लिया सर्व सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सेन निर्वाचन अधिकारी रहे रंजीत उमरे ग्रुप मनोज ठाकुर रायपुर हेमलाल सेन महासमुंद घनश्याम अंनिल सेन धंमधा ब्लाक अध्यक्ष गौतम श्रीवास उपाध्यक्ष धंमधा अशोक सेन छन्नू सेन पूर्व अध्यक्ष अंभ्भनसेन नगर अध्यक्ष नाथूराम सेन छत्तीसगढ़ प्रांत कार्य कार्यकारिणी सदस्य लिया गया कार्यक्रम में हिस्सा लिया मुख्य रूप से अध्यक्ष रवि सेन उपाध्यक्ष ऋषि सेन उपाध्यक्ष डेनिम सेन उपाध्यक्ष रामनारायण सेन (छल्ली) उपाध्यक्ष राजू सेन उपाध्यक्ष महेश्वर प्रसाद संचिव मोहन सेन कोषाध्यक्ष जगदीश श्रीवास महामंत्री सुधीर सेन महासंचिव जितेंद्र सेन प्रचार मंत्री सुरेश सेन जिला मंत्री, दुर्गा प्रसाद सेन जिला मीडिया प्रभारी, कार्यक्रम उपस्थित रहे।

## बारिश से कच्ची मिट्टी का दीवाल ढहने से महिला सहित नातिन की हो गई मौत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लगातार बारिश से कच्चे मकान की दीवार ढह जाने से एक 80 साल की महिला सहित उसकी नातनि की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दिया है। बेमेतरा जिले में बीते तीन दिन से रुक रुक कर भारी बारिश के चलते जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। इसके साथ ही कच्ची दीवाल वाले मकानों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा जबकि जिले के नवाग? ब्लॉक के मारो चौकी क्षेत्र के ग्राम खेड़ा में कच्चे मकान की दीवार ढहने से मलबे में दबकर 80 साल की बुजुर्ग और बीस साल की नातिन की मृत्यु हो गई नातिन की मौत हो गई। इस संबंध में जानकारी के अनुसार बीते 15एंव 16सितबंर की दरमियानी रात करीब 11 बजे ग्राम खेड़ा निवासी धनईया बाई पति खेलावन यादव उम्र (80) साल व उनकी नातिन ईश्वरी यादव पिता तिरथी यादव उम्र (20) साल खाना खाने के बाद आराम कर रही थी। तभी अचानक रात 11 बजे भारी बारिश के चलते कच्चे मकान की दीवार ढह गई। जिसके मलबे में बुजर्ग और नातिन दब गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी व परिजन तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुँचे। जहां मलबे में दबे बुजुर्ग और उनकी नातिन ईश्वरी को सुरक्षित बाहर निकाला। और ग्रामीणों ने इलाज के लिए तत्काल संजीवनी 108 को फोन कर जानकारी दी गई।

## "सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह रथ" को जिंप अध्यक्ष सोनादेवी ने झंडी दिखाकर किया रवाना




पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत् बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर से "सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह रथ" को जिला पंचायत की अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने कलेक्टर जनमेजय महोबे और जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव की उपस्थिति में झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि भारत की आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत जिला एवं जनपद स्तर पर विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता से संबंधित कार्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के संबंध में प्रचार-प्रसार गतिविधि अंतर्गत सत्याग्रह से स्वच्छाग्रह रथ यात्रा, स्वच्छाग्राहियों का सम्मान, सामुहिक श्रमदान, सरपंच एवं सचिवों से जिला स्तर से संवाद आदि का आयेजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "स्वच्छता से स्वच्छाग्रह रथ यात्रा" प्रारंभ किया गया है।

## 6 प्रकरण में 6 आरोपियों से नगदी रकम 13,055 रुपए जब्त




**बेमेतरा।** थाना साजा स्टाफ को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कोदवा व सोमईकला में विभिन्न स्थानों आम जगह पर अंकों पर से रूपया-पैसों का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहे है कि सूचना पर थाना साजा स्टाफ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया । आरोपी को अंकों पर से रूपया-पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथों पकड़े गये। जिसमें 06 प्रकरण में 06 आरोपियों 1. प्रेमदास बंजारे पिता गन्नू दास उम्र 36 साल 2. राजाबाबू बारले पिता तारण बारले उम्र 25 साल 3. राकेश वर्मा पिता कखू वर्मा उम्र 29 साल 4. सुनील बंजारे पिता धनराज बंजारे उम्र 34 साल 5. गोपाल बंजारे पिता देवाली बंजारे उम्र 30 साल साकिनान कोदवा थाना साजा 6. प्रदीप साहू पिता रोहित साहू उम्र 34 साल साकिन सोमाईकला थाना साजा जिला बेमेतरा के कब्जे से नगदी रकम 13,055/- रू.. एवं सट्टा-पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

## परपोड़ी से कुरलु, जानो-रानो से साल्हे मार्ग बनने से सुगम हुआ यातायात

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



गांव की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति की कल्पना बिना अच्छी सड़कों के करना संभव नहीं है। इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक गांव को बारहमासी सड़कों से जोड़ा जाये। इसके लिए भारत सरकार ने 25 दिसम्बर 2000 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरूआत की थी। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण इलाकों के सामान्य क्षेत्रों में 500 एवं 500 से अधिक तथा पहाड़ी क्षेत्रों में 250 एवं 250 से अधिक आबादी वाले समस्त बिना जुड़ी हुई बसाहटों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने का प्रावधान है। सड़कों के अभाव में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना बहुत मुश्किल हो जाता है। सड़के किसी भी देश के लिए जीवन रेखा होती है। इस योजना के अंतर्गत गांव, तालुका, जिले और बड़े शहरों को जोड़ते हुए सड़के बनाई जाती हैं तथा साथ ही सड़कों के गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विभिन्न स्तर पर सड़कों के जांच का प्रावधान भी किया गया है। जिसके लिए समय-समय पर राज्य गुणवत्ता समीक्षक एवं राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक द्वारा सड़कों की गुणवत्ता की जांच की जाती है। इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य देश के गांवों को शहरों से पक्की सड़कों द्वारा जोड़ना है। लोगों को आने जाने में कोई तकलीफ ना हो और उस क्षेत्र का विकास हो। सड़कों के निर्माण से उस क्षेत्र में विकास की प्रबल संभावनाएं होती है। इस योजना का मुख्य लाभ ग्रामीण लोगों को होगा। कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव परियोजना क्रियान्वयन इकाई एस के साहू ने बताया कि जिला-बेमेतरा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2000 से 2013-14 तक कुल 149 सड़के लंबाई 615.967 किमी. पूर्ण की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-2 के अंतर्गत वर्ष 2017-18 में 6 सड़क लंबाई 56.45 किमी. स्वीकृत हुआ है। जिसमें सड़क की लंबाई 55.46 किमी. कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत वर्ष 2019-20 तथा 2020-21 में क्रमशः 13 व 08 सड़के स्वीकृत हुआ है। जिसकी लंबाई 91.24 व 57.20 किमी. है। जिसमें कार्य प्रगति पर है। प्रगतिरत कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जावेगा। विकासखण्ड साजा के मार्ग परपोड़ी कुरलु जानो रानो से साल्हे लंबाई 6.30 किमी. की सड़क स्वीकृत है जिसमें आर. डी. 5400 मी. से 6300 मी. तक कुल 900 मी. में भूमि विवाद था जिसका निपटारा कर सड़क निर्माण कार्य किया गया है। पूर्व में इस मार्ग से आने जाने में ग्रामीणजनों को असुविधा होती थी। आवागमन की सुविधा के लिए वृहद पुल जानो से रानो आर. डी. 1000 मी. में निर्माणाधीन है।

## पंजीयन एवं भौतिक सत्यापन कार्य जारी, 1 लाख 43 हजार 785 पंजीकृत कृषक ले रहे हैं योजना का लाभ

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले में पंजीयन एवं भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। कृषि विभाग के उप संचालक एनएल पाण्डे ने बताया कि भारत सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखकर चलाऐ जा रहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत साल में छह हजार रूपए तीन किश्त में प्रदाय की जाती है। योजना का क्रियान्वयन पूर्व में राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा था। जुलाई 2020 से यह योजना कृषि विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल कृषकों का पंजीयन संख्या 1 लाख 43 हजार 785 है, जो योजना का लाभ ले रहे है। पंजीकृत कृषकों में से कुछ कृषकों का पूर्व में पंजीयन करते समय त्रुटिवश जानकारी इन्द्राज किया गया था। उन्होंने बताया

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत**

कि पंजीकृत कृषकों का भौतिक सत्यापन के लिए सूची प्राप्त हुआ है। वर्ष 2020-21 में 05 प्रतिशत भौतिक सत्यापन के 5 हजार 918 कृषकों की सूची प्राप्त हुआ था, जिसका भौतिक सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्ष 2021-22 में 10 प्रतिशत भौतिक सत्यापन के लिए 12 हजार 341 कृषकों की सूची प्राप्त हुई है। जिसका सत्यापन कार्य प्रगतिरत है। कृषि विभाग के पदस्थ मैदानी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा कृषकों का सत्यापन किया जा रहा है। जो कृषकों के द्वारा वेब पोर्टल में स्वंय या सीएससी के माध्यम से जो पंजीयन किये है उन कृषकों को कार्यालय उप संचालक कृषि जिला बालोद द्वारा फोन संदेश दिया जा रहा है और उनका भौतिक सत्यापन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत कृषकों में से कुछ कृषकों का आधार नंबंर, खाता क्रमांक,.आईएफ़एससी कोड़ पंजीयन करते समय गलत एन्ट्री हुआ है, जिसे सुधार करने के लिए कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बालोद, गुरुर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही एवं कार्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी बालोद में हेल्प डेस्क का स्थापना किया गया है।

## दिव्यांगजन के लिए पेट्रोल चलित टू व्हीलर स्कूटर के लिए कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

दिव्यांगजन हेतु पेट्रोल चलित टू व्हीलर स्कूटर, स्कूटी प्रदाय योजना अंतर्गत चलन दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के जीवन स्तर में वृद्धि तथा आर्थिक समृद्धि में प्रगति लाना है। इस योजना के माध्यम से समावेशी समाज की परिकल्पना का सृजन होगा। यह योजना राज्य के दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, समावेशीकरण के साथ सामाजिक न्याय हेतु मील का पत्थर सिद्ध होगी।

**पात्रता, शर्तें एवं वांछित दस्तावेज-** समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक हरीश सक्सेना ने बताया कि प्रदेश के ऐसे दिव्यांगजन जो चलन दिव्यांगता-जैसे रीढ़ की हड्डी में चोट, पोलियो से ग्रसित (विशेष रूप से निचले अंग से प्रभावित व्यक्ति) है तथा उक्त के अतिरिक्त विधिक अभिभावक के संबंध में राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 में परिभाषित दिव्यांग है, को प्राथमिकता एवं पात्रता की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिनके पास पूर्व में परंपरागत ट्राई सायकल अथवा बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्राई सायकल उपलब्ध हों एवं यदि वह इस योजना का लाभ लेने के इच्छुक होते हैं तो संबंधित विभागीय जिला कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर उक्त पेट्रोल चलित टू व्हीलर स्कूटर, स्कूटी (दो अतिरिक्त पहियों के साथ) प्राप्त कर सकते हैं, परन्तु एक साथ दोनों योजनाओं का लाभ नहीं ले सकते। कम से कम 3 वर्ष का समयान्तराल आवश्यक होगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रमाणित दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यू.डी.आई.डी. प्रमाण-पत्र अनिवार्य होगा तथा आवेदक पेट्रोल चलित टू व्हीलर स्कूटर, स्कूटी (दो अतिरिक्त पहियों के साथ) के संचालन में सक्षम हो, के अतिरिक्त निम्नांकित पात्रताओं को पूर्ण किया जाना होगा

**अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विशेष प्राथमिकता-** उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।

फोनः +91-7856-252240
फैक्सः +91-7856-252475
ईमेल:ee.dantewada@nic.in

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

**-:: मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ::-**

नि.क्र. 10/व.ले.लि./21-22 दिनांक 08/09/2021

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये "ई" श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "A-e" में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथिः- 22.09.2021

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | उपसंभाग बचेली, उपखण्ड-कुआकोण्डा अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पुताई कार्य | 10.00 |
| 2 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 5.00 |
| 3 | --''-- उपखण्ड- कुआकोण्डा--''-- आवासीय भवनों --''-- | 4.00 |
| 4 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 2.00 |
| 5 | --''-- उपखण्ड- कुआंकोण्डा अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य | 7.00 |
| 6 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 3.00 |
| 7 | --''-- उपखण्ड- कुआकोण्डा--''-- आवासीय भवनों --''-- | 7.00 |
| 8 | --''-- उपखण्ड- कटेकल्याण --''-- | 3.00 |
| 9 | संभाग दन्तेवाड़ा अंतर्गत मार्गो के कि.मी. स्टोन, पेंटिंग फिगरिंग का कार्य | 10.00 |
| 10 | गीदम अंतर्गत --''-- | 10.00 |
| 11 | उपसंभाग बचेली, उपखण्ड-कुआकोण्डा अंतर्गत--''-- | 5.00 |
| 12 | --''-- कटेकल्याण अंतर्गत --''-- | 2.00 |
| 13 | संभागीय कार्यालय दन्तेवाड़ा में रूफ शीटिंग शेड का कार्य मरम्मत एवं संधारण सहित | 10.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in के "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

G-63630/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा**

## क्विक न्यूज

### भाजयुमो नगर मंडल आज मनाएगा प्रधानमंत्री का जन्म दिवस



**सक्ती।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सक्ती द्वारा 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाया जाएगा, इस विषय में युवा मोर्चा सक्ती नगर के अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया में एक अपनी अलग ही पहचान बनाई है, नरेंद्र मोदी देश के हित में लगातार कार्य कर रहे है और यही नहीं बल्की मोदी जी ने अपने आप को भी देश के प्रति समर्पित कर दिया है, उनके आने वाले जन्म दिवस को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकताओ में अति उत्साह है, वही युवा मोर्चा के महामंत्री हर्ष देवांगन ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की 17 सितम्बर को शाम 6 बजे अग्रेसन चौक में धूमधाम से मोदी जी का जन्म उत्सव मनाया जाएगा वही युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### युवती का शारीरिक शोषण कर शादी से इंकार, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** युवती को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण करने के बाद शादी से मुकरने वाले प्रेमी को कापू पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को थाना कापू में युवती ग्राम पुसलदा थाना छाल में रहने वाले सत्यम दास महंत द्वारा शादी का प्रलोभन देकर पिछले एक वर्ष से शारीरिक शोषण करने व शादी से इंकार करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने लिखित आवेदन देकर बताया कि सत्यम दास शादी करने का भरोसा देकर पिछ्ले एक साल से शारीरिक शोषण कर रहा है । शादी कर रखने के लिये कहने पर टाल देता था।

# टायर, बैटरी चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों से 4 नग ट्रेलर टायर, 2 बैटरी जप्त

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर थाना तमनार से निरीक्षक एलपी पटेल के नेतृत्व में बनाई गई टीम द्वारा ट्रेलर वाहन से 09 नग टायर व 02 बैटरी चोरी कर फरार हुये आरोपी को तमनार पुलिस द्वारा पलामू झारखंड से गिरफ्तार कर लाया गया है। आरोपी से पूछताछ पर उसके दो सहयोगी वाहन चालकों को गिरफ्तार कर उनसे नकदी रकम, 04 नग टायर व दो बैटरी जप्त किया गया है, आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्टरध्रिपोर्टकर्ता विवेक अग्रवाल पिता स्व. गोपाल अग्रवाल उम्र 28 वर्ष निवासी कुडुमकेला थाना घरघोड़ा 07 सितंबर को थाना तमनार में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ट्रांसपोर्ट में लगी गाड़ियां कोयला कंपनी में लगी है। 03 सितंबर को कंपनी की गाडी सीजी 13 एलए 4390 में ड्रायवर सोमनाथ कुमार भारती लोड़ लेने जामपाली माईस श्रच्स् गया था। 05 सितंबर की सुबह ड्रायवर फोन पर मैसेज कर बताया कि लोड लेकर जेपीएल आया है, गाडी का डीजल चोरी हो गया है। तब तमनार जेपीएल के गेट के पास डीजल लेकर पहुंचा, देखा कि गाडी में ड्रायवर नहीं था। गाडी में लगे 09 नग नये टायर कि जगह पुराना फटा टायर लगा हुआ था।

गाडी की 02 नग बैटरी भी नही थी। ट्रांसपोर्टर के आवेदन पर संदेही वाहन के ड्रायवर सोमनाथ कुमार भारती के विरूद्ध धारा 379 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध विवेचना दरम्यान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी धरमजयगढ दीपक मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी तमनार को संदेही के परिचितों, रिस्तेदारों से संदेही की जानकारी लेकर शीघ्र पुलिस टीम आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये रवाना करने के निर्देश दिया गया। संदेही के उसके गृहग्राम में छिपे होने की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद पटेल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम संदेही सोमनाथ भारती उर्फ बब्बन उर्फ देवा उम्र 37 वर्ष सा. पतरिया थाना नवाबाजार जिला पलामू झारखंड को अभिरक्षा में लेकर थाना तमनार वापस आये। थाना तमनार में संदेही से पूछताछ करने पर अपने दो अन्य साथीगण ट्रेलर ड्रायवर मनीष सिंह एवं देवेन्द्र सिंह के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना बताया। आरोपी सोमनाथ अपने मेमोरेंडम में बताया कि ट्रेलर वाहन में लगे 09 नग टायर को निकाल कर 04 नग टायर को बिक्री किये, बिक्री रकम 40,000 रू को तीनों आपस में बांट लिये। 04 नग टायर को आरोपी मनीष सिंह के ट्रेलर वाहन के लिफटर में फिट कर दिये और 01 नग टायर को बिक्री करने गैरेज में छिपाकर रखना तथा ट्रेलर वाहन में लगे 02 नग बैटरी को आरोपी देवेन्द्र सिंह अपने ट्रेलर वाहन में लगा लिया है। आरोपीगण के मेमोरेंडम पर कुल 04 नग टायर , 02 नग बैटरी एवं बिक्री नगदी बचत रकम कुल 8,000 रूपये को जप्त किया गया। आरोपीगण 05 नग टायरों को कहां ब्रिकी किया गया है, इसकी पतासाजी की जा रही है। प्रकरण का मुख्य आरोपी सोमनाथ भारती उर्फ बब्बन उर्फ देवा पर झाबुवा जिले के रायपुरा में हत्या का आरोपी रह चुका है, जिसका प्रकरण विचाराधीन है। गिरफ्तार आरोपीयान सोमनाथ उर्फ बब्बन उर्फ देवा भारती उम्र 37 वर्ष सा. ग्राम पतरिया थाना नवाबाजार जिला पलामू झारखंड, मनीष कुमार सिंह उम्र 33 वर्ष सा. माडनपुर मंगलागौरी थाना सिविल लाईन माडनपुर जिला गया (बिहार) ,देवेन्द्र सिंह उम्र 33 वर्ष सा. देव थाना देव जिला औरंगाबाद (बिहार) को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया हैं। मामले में आरोपी पतासाजी एवं माल मशरूका बरामदगी में निरीक्षक एलपी पटेल, सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू , प्रधान आरक्षक उमाशंकर घृतांत आरक्षक कमलेश्वर सिंह, केशव राठिया की अहम भूमिका रही है।

# महानदी उफान पर, रायगढ़ रायपुर मार्ग बंद

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में बीते दो दिनों से हो रही भारी बारिश का असर अब नदी नालों में देखने को मिल रहा है। प्रदेश की महानदी पूरे उफान पर है, जो खतरे के निशान से पांच फीट नीचे बह रही है और आसपास के लगभग 18 गांव में अलर्ट घोषित किया गया है। महानदी में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए ओडिसा में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है और हीराकुंड डेम के चार गेट खोल दिए गए हैं। हीराकुंड डेम के चार गेट खोलने के बाद रायगढ़ व जांजगीर चांपा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर धीरे धीरे कम होनें की खबर है, लेकिन महानदी में आई बाढ़ के चलते रायगढ़ रायपुर सडक मार्ग बंद हो चुका है। भारी बारिश के चलते धमतरी स्थित गंगरेल बांध का जल स्तर बढ़ने से वहां के 9 गेट खोले गए हैं और इसीलिए तेजी से महानदी का जल स्तर बढ़ा है। जानकारी के अनुसार प्रति सेकेंड 1 लाख क्यूसेक पानी प्रति सेकेण्ड छोड़ा जा रहा है। रायगढ़ एसडीएम युगल किशोर उर्वसा ने बताया कि महानदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए रायगढ़ जिले के उन 18 गांव में अलर्ट जारी कर दिया गया है जो महानदी के किनारे बसे हुए हैं उनका कहना है कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है चूंकि हीराकुंड डेम से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जिससे गांव में बढ़ता जल स्तर धीरे धीरे कम हो रहा है।

**27 गांव प्रभावित-** इधर एक अन्य जानकारी के अनुसार महानदी के किनारे जांजगीर चांपा व रायगढ़ जिले के कुल 27 गांव प्रभावित होने की जानकारी मिली है। बाढ़ के चलते नवघट्टा, पोरथ, सुरसी, मानिकपुर, विश्वासपुर, बोंदा, हेलफोरा, चांदमा, छोटे विजयपुर, लुकापारा मोंहदी, भगतपुर, बिलाईगढ़, परसरामपुर भी प्रभावित हैं लेकिन इन गांव का संपर्क अभी मुख्य सड़कों से बना हुआ है।



**कोटा।** घोंघा जलाशय से छलका वेस्ट वियर ।मनोरम दृश्य का आनंद लेने पहुंच रहे हैं लोग।

### मोदी जी के जन्मदिन का कार्यक्रम

**सक्ती।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जांजगीर-चांपा जिला द्वारा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा समर्पण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित नवा भारत के युवा दर्शन पर आयोजित युवा संगोष्ठी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर चांपा से किया जाएगा, उक्तआशय की जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने देते हुए बताया कि 17 सितंबर को दोपहर 2.00 बजे से उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित है जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश होंगे।

## संकुल स्तरीय टीएलएम मेले में पुष्पेंद्र कुमार कश्यप ने हासिल किया प्रथम स्थान

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



समग्र शिक्षा अन्तर्गत संकुल केंद्र सकरेली बा. में कबाड़ से जुगाड के तहत संकुल स्तरीय टी एल एम मेला का आयोजन में पुष्पेंद्र कुमार कश्यप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,निर्धारित समय में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी कुशलता का परिचय देते हुए विविध विधाओं में सहायक शिक्षण सामाग्री का निर्माण कर संकुल केंद्र में उपस्थित हुए।जिसमें स्थानीय मान की समझ, ज्यामितीय आकृतियां का माडल, जोड़ मशीन, गुणा मशीन, विज्ञान माडल,अक्षरों की पहचान , अंकों की पहचान,वर्ग संख्या की पहचान,घन संख्या की पहचान, पर्यायवाची शब्द आदि विविध विधाओं में प्रदर्शनी किया गया ।इस अवसर पर संकुल प्राचार्य इंदल सिह राठिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक शिक्षण सामग्री की उपयोगिता पर प्रकाश डाला साथ ही शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की, इसी कड़ी में समन्वयक सत्येन्द्र चौहान द्वारा आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए निर्णायक दल द्वारा सभी सहायक सामग्रियों का अवलोकन किया गया एवम् उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी ली गई ।जिसमें सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता लेते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में इस आयोजन में भाग लिए शिक्षकों को प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।जिसमें प्रथम स्थान पर पुष्पेन्द्र कुमार कश्यप, सहायक शिक्षक शास. प्राथमिक विद्यालय सकरेली बा., द्वितीय स्थान पर वेद प्रकाश दिवाकर शिक्षक शास. पूर्व माध्मिक वि. सकरेली बा.,तृतीय स्थान पर सतीश कुमार राठौर,शिक्षक,शास. पूर्व माध्मिक वि. सकरेली बा. एवम् नीरा साहू,सहा. शिक्षक,शास. प्राथ. वि.स्टेशन भांठा,रहे साथ ही साथ सभी सहभागी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर संकुल प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल परिवार के शिक्षक - शिक्षिकाए भारी संख्या में उपस्थित रहे जिनमें संकुल प्राचार्य इंदल सिह राठिया ,संकुल समन्वयक सत्येन्द्र प्रकाश चौहान,अखलेश नवलाकर, सुरेश कुमार वास,नागेन्द्र केसरी, अजयपाल सूर्यवंशी,सरोज राठौर, जगदीश प्रसाद साहू ,राजेन्द्र कुमार राठौर, वेद प्रकाश दिवाकर, उसत राम साहू, अभयसिंह ,दिनेश कुमार चंद्रा, देव चरण बंजारे,उषा खैरवार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्व पूर्ण योगदान दिया।

### शिवरीनारायण में जल क्रीड़ा एकादशी आज



**शिवरीनारायण ।** धर्म एवं अध्यात्म की पावन धरा श्री शिवरीनारायण में जल क्रीड़ा एकादशी का पावन पर्व 17 सितंबर दिन शुक्रवार को मनाया जावेगा इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज विशेष रुप से उपस्थित होंगे। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण में जल क्रीड़ा एकादशी बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है जिसमें भगवान श्री हरि की भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है भगवान जिस गली से भी गुजरते हैं लोग बड़ी श्रद्धा भक्ति पूर्वक सपरिवार उनकी पूजा अर्चना कर अपना जीवन धन्य बनाते हैं। भगवान को महानदी के त्रिवेणी संगम में नौका विहार कराके पुनः मठ मंदिर लाया जाता है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजेश्री महन्त जी महाराज का दौरा कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के द्वारा जारी किया जा चुका है।

## महानदी का जल स्तर कम होने पर जनता और प्रशासन दोनों ने ली राहत की सांस



पायनियर संवाददाता ◂ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से 15 सितम्बर को शिवरीनारायण महानदी काफी उफान पर थे और पानी खतरे के निशान की ओर तेजी से बढ़ रहा था शाम 6 बजे तक महानदी का पानी शबरी सेतु से लगभग 1 फीट ऊपर बहने लगा था पिछ्ले 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर जिले के सभी नदी नालों पर था । शिवरीनारायण में बहने वाली महानदी पर प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए थे और लोगों को नदी के तटीय क्षेत्र से दूर रहने की अपील भी की जा रही थी शबरी सेतु पर आवागमन बंद करा दिए थे और बाढ़ की हर स्थिति से निपटने प्रशासन व्दारा पूरी तैयारी कर ली गई थी। नदी के डूबान क्षेत्र में रहने वाले नागरिक, ब्यापारी और नदी तट पर खेती बाड़ी करने करने वाले किसान महानदी का रौद्र रूप देख कर चिंतित नजर आ रहे थे और वे लोग बार बार नदी के तट पर जा कर बाढ़ की स्थिति को देख रहे थे । देर रात को महानदी का जल स्तर कम होते देख जनता और प्रशासन दोनो ने राहत की सांस ली है वर्तमान में महानदी का पानी शबरी सेतु से नीचे बह रहा है और नगर के सभी दिशाओं में आवागमन प्रारंभ हो गई है।

## करोड़ों की लागत से बन रहे फोरलेन सड़क गुणवत्ता विहीन

पायनियर संवाददाता ◂ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



गोबराभाटा से जैजैपुर तक नवीन सड़क का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से बनाया जा रहा है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि उस सड़क में जो सामग्री लगाया जा रहा है वह गुणवत्ताविहीन होने के कारण कहीं सकरा कहीं मोटा इस तरह से सही तरीके से सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा है ।वहीं पर सड़क में सही ढंग से गिट्टी नहीं डाला जा रहा है जिससे ग्राम के लोगों में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है । जबकि पूर्व में भी विधायक ने इस सड़क पर आपत्ति किया था, उसके उपरांत भी यह गुणवत्ताविहीन फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है ।इससे शासन को करोड़ों रुपए का क्षति होते नजर आ रहा है। वहीं पर हाईवा के चलने से कीचड़ का साम्राज्य बना हुआ है और ठेकेदार के द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। यह जान सकते हैं कि यह सड़क कितना टिकाऊ होगा । ज्ञात हो की बन रहे फोरलेन गोबराभाटा से जैजैपुर की करीब 35 किमी की दूरी का सफर है लेकिन मुश्किल से 10 किलोमीटर तक भी सड़क ठीक नहीं है मुसाफिरों को फर्स्ट गियर में ही तय करना मजबूरी है। सड़क निर्माण को लेकर डाली गई मिट्टी बारिश में दलदल एवं कीचड़ों से भरी हुई है जिससे गाड़ियां फंस रही हैं, खराब हो रही हैं सड़क की देखरेख करने वाले ठेकेदार के चमचे भी वाइट देने से कतरा रहे हैं।

## मारवाड़ी सेवा समिति का 25-26 दिसंबर को दो दिवसीय परिचय सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com




शहर के कमला हरी एवेन्यू स्टेशन रोड शक्ति में आगामी 25 एवं 26 दिसंबर को मारवाड़ी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का दो दिवसीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करने के लिए मारवाड़ी सेवा समिति का गठन किया गया है, जिसके सदस्य गण- छेदीलाल गर्ग (विकास ट्रेडर्स), गोपाल चंद्र अग्रवाल (किशनलाल रामकुमार), शंकरलाल अग्रवाल (शंकर सेल्स), अमर अग्रवाल (मां महामाया भंडार), हरिओम अग्रवाल (हरिओम कॉलोनी), राजेश अग्रवाल (जे.पी जनरल) सुरेश अग्रवाल (बाघ बीड़ी), हरिओम अग्रवाल (ओम ज्वेलर्स एंड मेटल) तथा मुरारी अग्रवाल बनाए गए हैं, एवं मारवाड़ी सेवा समिति स्टेशन रोड शक्ति के गठन के साथ ही आने वाले 25- 26 दिसंबर को कमला हरी एवेन्यू में मारवाड़ी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का दो दिवसीय परिचय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया, साथ ही इस अवसर पर परिचय सम्मेलन आयोजन समिति का भी गठन किया गया है, जिसमें प्रमुख मार्गदर्शक के रुप में लखनलाल अग्रवाल (डीएम),ओमप्रकाश बंसल (लाख वाले), रामअवतार अग्रवाल (रामअवतार ट्रेडर्स) तथा सीए दिनेश अग्रवाल बनाए गए हैं, एवं परिचय सम्मेलन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए आयोजन समिति के सदस्य गण छेदीलाल अग्रवाल 9300785 795, गोपाल चंद्र अग्रवाल 9303 316271, शंकरलाल अग्रवाल 9329292900, अमर अग्रवाल 9300650257, हरिओम अग्रवाल 9302722070, राजेश अग्रवाल 8719956479,सुरेश अग्रवाल 9806120000, हरिओम अग्रवाल 9826187070, मुरारी अग्रवाल 9300492405 से किया जा सकता है, उक्तआशय की जानकारी देते हुए परिचय सम्मेलन आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी सुभाष गर्ग (पत्रकार) 9425538629 एवं मोहन अग्रवाल (माँ भवानी) 930733735 ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय मारवाड़ी समाज के युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन हेतु प्रथम चरण में बायोडाटा फार्म प्रकाशित किया गया है।

## जनपद पंचायत के सदस्यों ने की एसडीएम से शिकायत

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ती
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत सक्ति के नौ सदस्यों ने सक्ती अनुविभागीय अधिकारी से मिलकर जनपद पंचायत शक्ति में 15 वे वित्त के अंतर्गत आवंटित राशि से अनुमोदित कार्य योजना पर रोक लगाने की मांग की है, प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को बताया कि जनपद पंचायत सक्ति में 15वें वित्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 में लगभग ढाई करोड़ के कार्य स्वीकृत किए जाने हेतु वर्किंग कमेटी का गठन किया गया था, किंतु वर्किंग कमेटी के गठन के बावजूद मनमाने ढंग से किया गया, जबकि इसका आंबटन क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर होता रहा है, और प्रत्येक जनपद पंचायत क्षेत्र की जनसंख्या लगभग एक ही अनुपात में होता हे तथा विगत महीनों संपन्न सामान्य सभा की बैठक में पारित संकल्प प्रस्ताव को वर्तमान परिपेक्ष में बिना चर्चा कराए ही जनपद सदस्यों की अनदेखी की जा रही है, पंचायत में सदस्यों की मांगों को निरंतर नजर अंदाज किया जा रहा है जिसकी शिकायत कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला से भी कर चुके हैं जिसके बाद उन्होंने आवश्यकता कार्यवाही करने हेतु सक्ती एसडीएम को निर्देशित किया है एंव प्रतिनिधि मंडल ने 15 वे वित्त की वर्तमान में आवंटित राशि की अनुमोदित कार्य योजना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है, साथ ही धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि जनपद पंचायत को प्राप्त कुल राशि का आवंटन सभी जनपद क्षेत्रों में बराबर-बराबर किया जाए, तथा जब तक राशि का आवंटन विधिवत नहीं हो जाता तब तक इस पर रोक लगाई जाए।जनपद सदस्यों में धर्मेंद्र सिंह के साथ जनपद सदस्य रामकुमार गबेल शशि कंवर, भुनेश्वरी कंवर, गायत्री सिदार, सावित्री नेताम, अमर सिंह सिदार,अशोक यादव एवं ननकी नोनी आदि, उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हम सभी सदस्य मिलकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एंव छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री भूपेंश बघेल से भी इस संदर्भ में शिकायत करेंगे।

## कोटवार के घर मिला 20 लीटर महुआ शराब

### कनकबीरा चौकी टीम ने की छापामार कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



मुखबिर की सूचना पर कनकबीरा चौकी पुलिस ने कोटवार के छापामार कार्रवाई कर 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर चौकी प्रभारी कनकबीरा उप निरीक्षक एमडी जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम छींचपानी के कोटवार के घर शराब रेड कार्रवाई किया गया। चौकी प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोटवार अवैध रूप से शराब बनाकर बेचता है। पुलिस की अचानक धमक पर आरोपी सन्न रहा गया और उसने अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करना स्वीकार किया। आरोपी अपने घर अंदर से 20 लीटर महुआ शराब, कीमती 2,000 रूपये का लाकर पेश किया जिसे, पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर आरोपी सियाराम पिता साधूराम चौहान 40 साल निवासी छिंचपानी चौकी कनकबीरा थाना सारंगढ़ को चौकी लाया गया जिस पर धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। शराब रेड कार्रवाई में चौकी प्रभारी एमडी जायसवाल के साथ सहायक उप निरीक्षक पी.एल. चन्द्रा, आरक्षक गुलशन चौधरी, दयानंद निषाद शामिल थे।

### अब भी विस्थापन की बाट जोह रहे बरौद क्षेत्र के डेढ़ सौ परिवार

**रायगढ़।** घरघोड़ा विकासखण्ड के बरौद में एसईसीएल द्वारा स्थापित खदान के कारण विस्थापित हुए करीब डेढ़ सौ परिवार एक लंबे अर्से से पुर्न स्थापन की बाट जोह रहे हैं। आलम यह है कि सांसद और विधायक की अनुशंसा के बावजूद वन विभाग के लापरवाही के कारण अब तक उनका पुर्न विस्थापन नही हो सका है। जिसके कारण प्रभावित परिवार के लोग काफी परेशान हैं। विकासखण्ड घरघोडा अंतर्गत बरौद गांव के भू-विस्थापित ग्रामीण परिवार उस स्थल पर विस्थापन की मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं जहां कभी उनके पुर्वज खेती किसानी का काम किया करते थे। निस्तारी जंगल के नाम से जाने जाने वाले छोटे झाड के जंगल कक्ष क्र. 1286 से प्रभावित डेढ़ सौ से अधिक परिवार लंबे समय से वन भूमि पर काबिज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के प्रोजेक्ट फारेस्ट वन भूमि को हमारे द्वारा कब्जा किया गया है। जिसे प्रक्रिया में लिया जाए मगर वन विभाग कार्रवाई में लगातार लापरवाही बरत रहा है।

# मिर्च, शिमला मिर्च और ब्रोकली... पांच प्रजातियों की फसल लेने का आया अवसर

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी फसलों में पांच ऐसी प्रजातियां हैं, जिनकी बोनी के लिए सितंबर माह से अच्छा और कोई माह नहीं है। खास तौर पर ब्रोकली तो ऐसी सब्जी है जो भरपूर कीमत देती है और हरी मिर्च की मांग पूरे साल रहती है। उद्यानिकी फसलों में सब्जी की खेती को लेकर जिस तरह शिक्षित युवा रुझान दिखा रहे हैं और बाजार बढ़ रहा है वह, यह बताने के लिए काफी है कि नगदी फसलों में इसका मुकाबला फिलहाल कोई नहीं कर सकता। इसके अलावा बड़ी कंपनियां भी सब्जी की कुशल विपणन नीति के बल पर वेजिटेबल मार्केट में उतर चुकीं हैं। लिहाजा सब्जी की खेती, अब ऐसे हाथों में जा रही है, जिनके पास हुनर, लगन और मेहनत से पीछे नहीं हटने का जज्बा है। ऐसे ही मेहनतकश हाथों के लिए कृषि वैज्ञानिकों ने पांच ऐसी सब्जियों की बोनी की सलाह जारी की है, जो भरपूर उत्पादन और भरपूर आय देती हैं।



**पूरे साल मांग में हरी मिर्च-** हरी मिर्च और शिमला मिर्च, सब्जियों की ऐसी प्रजाति है, जिनकी मांग पूरे साल रहती है। सितंबर का महीना चल रहा है, और यही ऐसा माह है जिसे सब्जी बोने के लिए सबसे बेहतर माना जाता है। ध्यान रखना होगा कि इसके बीज चयन के समय खरीदी में, रोग प्रतिरोधक सीड को ही प्राथमिकता दें।

**बिकता है दोनों स्थितियों में-** भरपूर विटामिन वाला पपीता, अब हर महीने बाजार में नजर आने लगा है। कच्चा पपीता की खरीदी, सब्जी के अलावा पान मसाला बनाने वाली कंपनियां करने लगी है, तो पका हुआ पपीता हर वर्ग, हर घर में पहुंच बना चुका है।बेड विधि से लगाए जाने पर उत्पादन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। इसमें भी बीज का चयन, मुख्य आधार माना गया है।

### ऑर्गेनिक बैगन

बैगन की वैसे तो अनेक प्रजातियां हैं और भरपूर उत्पादन भी देने वाली हैं लेकिन ऑर्गेनिक खेती के बाद मिलने वाले बैगन की पूछ-परख और मांग कुछ ज्यादा ही है। परंपरागत तरीके से खेती करने वाले सब्जी उत्पादक, कीमत को लेकर भले ही असंतोष जताते हों लेकिन ऑर्गेनिक खेती से हासिल उपज हमेशा से बेहतर कीमत देती है। इसलिए बैगन की फसल लेने वाले किसानों को खेती के तरीके में बदलाव लाना होगा।

### भरपूर कीमत देने वाली ब्रोकली

महानगर के उपभोक्ताओं की पहली पसंद रही ब्रोकली, अब छोटे और बड़े शहर में पहुंच बना चुकी है। सब्जी की यह प्रजाति, हमेशा भरपूर कीमत देती है। मांग और कीमत के दम पर, ब्रोकली की खेती ग्रामीण क्षेत्र में भी तेजी से फैल रही है। भरपूर उत्पादन देने वाली प्रजातियों में ऐसे बीज की खरीदी को प्राथमिकता देना होगा जिसके पौधों में कीट ना लगते हों।

## शहर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का जन्मदिवस बहुत ही हर्षोल्लास एवं सामाजिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के जन्मदिवस के अवसर पर जिला/शहर/ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा धूमधाम से अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लोक राम साहू के नेतृत्व में पड़ाव चौक स्थित कांग्रेस भवन जिला मुख्यालय में मनाया गया, इस अवसर पर वरिष्ठ इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी दुष्यंत दुबे ,श्याम जायसवाल, नंद राम जोशी, लक्ष्मी केसरवानी,मनोरमा गुप्ता,याकूब अली जगत साहू , श्रीफल कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका सम्मान किया गया । तद पश्चात सामाजिक सेवा कायर्क्रम के तहत जिला अस्पताल में जाकर फ्ल वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। जन्म दिवस के अवसर पर राकेश पात्रे छाया विधायक,श्याम जायसवाल सदस्य छत्तीसगढ़ कमकंर मंडल, वसी उल्लाह खान जिला पंचायत सभापति,, स्वतंत्र मिश्रा, लोक राम साहू दिलीप बंजारे जिला अध्यक्ष मुंगेली प्रभारी द्वय सोम वर्मा एवम मंजू शर्मा, देवेंद्र वैष्णव जिला अध्यक्ष सहकारिता सचिव निधि ठाकुर, उपाध्यक्ष द्वय जय सोनी, रूपलाल कोसरे, नीरज यादव,असद खोखर, राजा ठाकुर,राहुल रूपवानी ,राजा माणिक मीडिया प्रभारी, पार्षद संजय चंदेल, सूरज मंगलानी रवि शुक्ला, दिनेश कुमार साहू, जनक राम साहू, नीरज यादव ,राजा ठाकुर, नानु ठाकुर, योगेश्वर सिंह अशोक जायसवाल, बृजेश सिंह, संजय दुबे,जय सोनी, राजेंद्र यादव, भूपेंद्र साहू मनोज सोनकर राजेंद्र यादव दिनेश गीत लहरे नंद वैष्णव ,मालिक राम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पी एल पुलिया से मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष ने की मुलाकात



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं राज्यसभा संसद पी एल पुलिया से उनके निवास न्यू दिल्ली में मुंगेली जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकार ने सौजन्य मुलाकात कर मुंगेली जिले के हमारी कांग्रेस संगठन से जुड़े हुवे राजनीतिक बातों पर चर्चा किया साथ में मुंगेली जिला पंचायत के सभापति एवं श्रम कल्याण मंडल के सदस्य अंबालिका साहू महिला कांग्रेस के महसचिव ललीता सोनी, शहर अध्यक्ष नूरजहां खान उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने बगीचा पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार को तत्काल सहायता राशि का चेक सौंपा

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने बगीचा विकासखंड के नगर पंचायत स्थित वार्ड क्रमांक 10 में पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति के पहाड़ी कोरवा परिवारों से मुलाकात की, उन्होंने सोनू कोरवा उम्र 58वर्ष को रेड क्रॉस सोसाइटी जशपुर के माध्यम से 20 हजार की सहायता राशि का चेक सौंपा और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने उनकी बस्ती में सोलर लाईट की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति परिवार के लोग सुकु-सुदन और अन्य परिवारों से राशन, बच्चों की शिक्षा के साथ सवास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और सभी परिवारों के बच्चों को स्कूल भेजने के लिए कहा गया है। सोनू कोरवा की लगभग 18 वर्ष की बेटी का गत दिवस बगीचा के सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र में निर्धन हो गया था। कलेक्टर ने इसके लिए संवेदना प्रकट करते हुए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. सुथार ने परिवार के अन्य सदस्यों की तत्काल जांच की। कलेक्टर ने परिवार के सदस्यों और उनके बच्चों को इलाज के लिए अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजने के निर्देश दिए। ताकि उनका समुचित इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ के.एस. मंडावी, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी सुधार, एसडीएम आकांक्षा त्रिपाठी, जनपद सीईओ बगीचा विनोद सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मिली है शासकीय नौकरी

कलेक्टर ने सोनू कोरवा से परिवार के सबंध में जानकारी ली। सोनू ने बताया कि उनका बेटा का कहरू राम बगीचा के बालक छात्रावास में भृत्य का शासकीय नौकरी लग गया है। उचित मूल्य दुकान के माध्यम से 50 किलो चावल भी हर माह मिलता है। उनका पैतृक गांव बलादरपाठ में 10 एकड़ जमीन हैं। जिसमें वे खेती करते हैं।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक, आलोक कुमार ने स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे द्वारा स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर' 2021 तक स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। जोनल मुख्यालय में प्रथम दिन आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक, आलोक कुमार ने सभी विभागाध्यक्ष को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कोविड को ध्यान रखते हुये जोनल मुख्यालय के सभी कार्यालयो मे विभागाध्यक्षो के द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियो को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2021 तक आयोजित इस स्वच्छता ही सेवा-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी स्टेशनों तथा गाडियों में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ।16 सितम्बर को स्वच्छ जागरूकता,17 सितम्बर को स्वच्छ परिसर, दिनांक 18 एवं 20 सितम्बर को स्वच्छ स्टेशन,21 सितम्बर को स्वच्छ रेलगाड़ी, दिनांक 22 सितम्बर को सेवा दिवस, 25 सितम्बर को स्वच्छ आहार, 26 सितम्बर को स्वच्छ प्रसाधन, दिनांक 28 सितम्बर को स्वच्छ नीर, 29 सितम्बर को स्वच्छ संवाद, 30 सितम्बर को स्वच्छता समीक्षा, 1 अक्टूबर को सत्यनिष्ठा एवं 02 अक्टूबर, 2021 को स्वच्छ सर्वोदय थीम पर कार्य किए जाएंगे। कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करते हुए स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जाएगा । स्वच्छता पखवाडा का शुभारंभ महाप्रबंधक कार्यालय से प्रातः 07.00 बजे प्रभात फेरी निकालकर की गई । यह प्रभात फेरी महाप्रबंधक कार्यालय, डीआरएम ऑफिस से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक निकाली गयी । इस प्रभात फेरी में स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का संदेश देते हुए बिलासपुर रेलवे स्टेशन में समाप्त हुई । प्रभातफेरी में अपर महाप्रबंधक श्री ए. एस. गनवीर, अपर मंडल रेल प्रबंधक, सहित सभी विभागाध्यक्ष, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण, सैकड़ों की संख्या में कर्मचारीगण, नागरिक सुरक्षा दल की टीमों ने भाग लिया । स्वच्छता पखवाडा के शुभारंभ अवसर पर सभी मंडल के सहित सभी प्रमुख स्टेशनों एवं रेलवे कालोनियों में भी प्रभातफेरी निकालकर कालोनियों के निवासियों एवं यात्रियों को स्वच्छता जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन कर स्वयं एवं अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं साल 100 घंटा श्रम दान करते हाये आसपास के माहौल को स्वच्छ रखना एवं आपने साथ 100 अन्य व्यक्तियों को भी स्वच्छ के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गयी।

# चरित्र शंका के चलते पत्नी की पिटाई के बाद जला दिया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



चरित्र शंका के चलते मंदिर के पंडित ने अपनी पत्नी की बेहरमी से पिटाई कर दी। इसके बाद भी जब मन नहीं भरा तो अधमरी हालत में उसे जिन्दा ही जला दिया है। इस सनसनीखेज वारदात में महिला की मौत हो गई है। वही इस घटना की जानकारी के बाद आरोपी पंडित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही थाने लाकर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। घटना भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक आरोपी रामनाराण पांडेय 35 वर्ष अपनी पत्नी मंदाकनी पांडेय 28 वर्ष और अपने दो बच्चे के साथ रहता था। रामनाराण पांडेय ग्राम धौराभाठा के सिद्धबाबा साईं मंदिर में पुजारी है और मंदिर के पीछे बने मकान में परिवार के साथ रहता था। आरोपी पंड़ित अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर आये दिन दोनों का विवाद भी होता था। बुधवार की सुबह भी इसी बात को लेकर आरोपी का अपनी पत्नी के साथ जमकर विवाद हुआ था। इस दौरान पत्नी से दोपहर में मारपीट करने के बाद मंदिर चला गया था। रात में जब मंदिर से घर लौटा तो फिर से अपनी पत्नी से विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि, आरोपी ने अपनी पत्नी की बेदम पिटाई कर दी और जब वो अधमरी हो गई तो किचन से जलता हुआ गैस चुल्हा लाकर अपनी पत्नी के उपर रख दिया। इससे उसकी पत्नी की जलकर मौत हो गई। घटना के दौरान आरोपी ने अपने दोनों बच्चे और साले को जान से मारने की धमकी देकर उन्हें घर के दूसरे कमरे में बंद कर दिया था। इधर कमरे से आग निकलता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घर में लगी आग बुझाई गई। हालांकि इस घटना में आरोपी की पत्नी की मौत हो चुकी थी। पुलिस घटना की शिकायत के बाद मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने इस मामले में बताया कि, आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी वजह से दोनों का विवाद भी होता था। फिलहाल आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही थाने में उसके खिलाफ हत्या के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कलेक्टर वसंत ने हरी-झंडी दिखाकर किया स्वच्छता रथ को रवाना

**मुंगेली।** कलेक्टर अजीत वसंत ने आजादी की 75 वीं वर्षगाठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ओडीएफ प्लस के गतिविधियों पर आधारित निर्मित स्वच्छता रथ को हरी-झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होने जिला कलेक्टोरेट परिसर से तीन स्वच्छता रथ को विकास खण्ड़ो के लिए रवाना किया। तीनो स्वच्छता रथ दो अक्टूबर तक जिले के सभी विकास खण्डो के ग्रामों में जाएगी। कलेक्टर वसंत ने ओडीएफ प्लस के गतिविधियों पर आधारित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित स्वच्छता रथ के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास को बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता रथ के माध्यम से पॉलिथिन का इस्तेमाल न करने, पर्यावरण को बेहतर बनाये रखने, सार्वजनिक स्थानों के साफसफाई सोकपिट का निर्माण, ओडीएफस्थायित्व और गंदा जल प्रबंधन तथा सामुदायिक शौचालयों का उपयोग आदि के संबंध में लोगों को और अधिक जागरूक की जाएगी।



# विधायक कमरो के प्रयास से हरचौक को विकसित करने 5 करोड़ की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रदेश में चौतरफा विकास के कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेज गति से कराए जा रहे हैं चाहे सर्वहारा वर्ग का विकास हो, आदिवासी, किसान व पिछड़ों सहित अन्य वर्गो के उत्थान के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने की बात हो या लोगों की मंशा के अनुसार गरीबों का उत्थानकर्ता हेतु योजना बनाकर कार्य करने की बात हो सभी तरफ प्रदेश की कांग्रेस की भूपेश सरकार कार्य योजना बनाकर काम कर रही है। इसके साथ साथ ही प्रदेश की धार्मिक धरोहरों, पर्यटक स्थलों तथा प्रदेश की संस्कृति को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सीतामढ़ी हरचौका को विकसित करने के लिए क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरों के भागीरथ प्रयास से प्रदेश सरकार के द्वारा 5 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ! जिससे सीतामढ़ी हरचौका के विकास के द्वार खुल गए हैं अब यह स्थल एक भव्य पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होगा। इसके लिए सविप्रा उपाध्यक्ष विधायक गुलाब कमरो ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, सांसद एवं प्रभारी मंत्री के प्रति अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है । भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत हरचौका में राम गमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत सीतामढ़ी हरचौका में अधोसंरचना विकास कार्य हेतु भौतिक अधोसंरचना के तहत जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया द्वारा 5 करोड़ राशि की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है! उल्लेखनीय है कि पिछले 15 सालों में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र पूरी तरह से विकास के लिए उपेक्षित रहा यह क्षेत्र विकास के लिए तरस रहा था। इस क्षेत्र में विधायक भी रहे अन्य जनप्रतिनिधि भी रहे लेकिन उनके द्वारा पूरे मनोयोग के साथ विकास कार्य कराने में रुचि नहीं ली गई जिसके कारण यह क्षेत्र पूरी तरह से उपेक्षित रहा । लेकिन वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से एक बार हारने के बाद दूसरी बार फिर विधायक गुलाब कमरों कांग्रेस की टिकट प्रत्याशी बने और उन्हें क्षेत्र की जनता का भरपूर प्यार मिला और वह विधायक बन गए । विधायक बनने के साथ ही विधायक गुलाब कमरों ने क्षेत्र को पूरी तरह से विकसित करने के लिए बीड़ा उठाया और विधायक बनने के साथ ही क्षेत्र के विकास में जुट गए फिर उन्होंने मुड़कर नहीं देखा एक से बढ़कर एक विकास कार्यों की बरसात जो उनके द्वारा की गई वह बरसात अभी भी अनवरत जारी है।


**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली**
**जिला मुगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ /अ-6/20.......
ग्राम झुरका प.ह.नं. 62

ग्राम **झुरका** के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश सिंह आ. फेकन सिंह जाति ठाकुर निवासी **झुरका** तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम **झुरका** हल्का नं. 6 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 15/1, 16/1, 29, 30 कुल रकबा 0.7560, 0.3140, 7570 हे. कुल रकबा 1.8270 हे. फौती दर्ज हेतु आवेदन पेश किया गया है

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 22.09.2021 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद**

क्रमांक 3869/NIT-09/2021-22/व.ले.लि. दिनांक :- 13.09.2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि :- 20.09.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 25.09.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 27.09.2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) बैंक साल्वेंसी (रु. में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | लो.नि.वि. अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का संधारण कार्य। | 15.00<br>225000.00<br>15000.00 |

टीप :-(1) ठेकेदार के पंजीयन की प्रति। (2) पेन कार्ड की छायाप्रति। (3) आधार कार्ड की छायाप्रति। (4) जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र की छायाप्रति। (5) श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (6) निविदाकारों की श्रेणी ''द'' से ''अ''। (7) निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रु. 750.00 एवं कार्य की अवधि 02 माह।

**कार्यपालन अभियंता**
जी-63667/3 लो.नि.वि. (भ/स) संभाग बालोद

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)**

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

**मामले का विषय - अपील**
**अपील मामला क्रमांक 24 अ-6/2020-21**
**रामावतार** विरूद्ध **सविता बाई एवं 02 अन्य**
**ग्राम- पंडरभठा तहसील व जिला मुंगेली छ.ग.**

**दावा**

1. रामचन्द्र आ. स्व. फेकुराम जाति लोधी निवासी ग्राम पंडरभठा
2. चमेली पुत्री स्व. फेकुराम पति दयाशंकर जाति लोधी निवासी ग्राम कान्हरपुर तहसील पथरिया जिला मुंगेली

आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 30.09.2021 को दिन के 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी।

आज दिनांक 13.09.2021 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90 फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 125/2021-2022
वार्ड का नाम - श. राजीव पाण्डेय वार्ड क्र.-62

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. राजीव पाण्डेय वार्ड क्र. 62 स्थित भवन / भूमि क्र. **62/54/D/47 शीतला मंदिर के पास संजय नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती मानकुंवर पति स्व. श्री राम दयाल साहू** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्रीमती ज्योति पटेल पति श्री टिकेश्वर पटेल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90 फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 128/2021-2022
वार्ड का नाम - श. बिग्रेडियर उस्मान वार्ड क्र.-63

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. बिग्रेडियर उस्मान वार्ड क्र. 63 स्थित भवन / भूमि क्र. **63/55/K/41** जो कि निगम अभिलेख में **श्री रणजीत सिंह परिहार पिता स्व. श्री रिसाल सिंह परिहार** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री हरीश अग्रवाल पिता श्री मदन लाल अग्रवाल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**रायपुर**

नगर निगम मुख्यालय, नया प्रशासनिक भवन, गांधी चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन नम्बर - 0771-2535780, 90 फैक्स : 0771227395, ई-मेल dcrmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 130/2021-2022
वार्ड का नाम - श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र.-61

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 61 स्थित भवन / भूमि क्र. **61/63/U/12 आंछी तालाब के पीछे भाठागांव** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती आशा बाई देवांगन पति श्री रतन लाल देवांगन** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री रवि देवांगन पिता श्री रतन लाल देवांगन** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -06
नगर पालिक निगम, रायपुर

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी **कबीर नगर फेस-III** रायपुर में निर्मित **KBT** योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **KBT-80** में **श्रीमती किरण शर्मा पति श्री हेमन्त शर्मा** को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ऑफर आधार पर आबंटित /नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि.19.04.2007 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती उर्मिला देवी पति श्री रामेश्वर लाल श्रीवास्तव के पक्ष में दिनांक 17.08.2021 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति प्रत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्रीमती उर्मिला देवी पति श्री रामेश्वर लाल श्रीवास्तव** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम**
**जोन क्रमांक -07**

मंगलम कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर छ.ग.

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्रमांक 132/2021-2022
वार्ड का नाम - स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39

समस्त एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, **स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र. 39** वार्ड स्थित भवन / भूमि **39/1242-RPR715 F00177** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती दिनेश साहु, राज साहु, उमेश अमरनाथ, कौशिल्या साहु सभी पिता भुनेश्वर साहु** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री / श्रीमती दिनेश, राज, उमेश, कौशिल्या सभी पिता भुनेश्वर साहु, रूपमा साहु पति स्व. अमरनाथ एवं ना.बा. रूपाली, ना.बा. सुमीत साहु** ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
जोन क्र. -07
नगर पालिक निगम, रायपुर

# आंकड़ों के सहारे खौफ पैदा करने की कोशिश : बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर घिरी पुलिस अपराधों की रोकथाम से अब भी दूर

## जारी किए आंकड़ों में बताया 7 दिनों में जिले में 112 मामलों में 287 के खिलाफ की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


एक और चाकूबाज : बढ़ती हिंसक वारदात आबकारी, पुलिस की लापरवाही का भी नतीजा है, जिम्मेदार आंख-कान मूंदे बैठे हैं
रेवाडीह में शराब दुकान के पास फिर घटी हिंसक वारदात, मामूली विवाद में चलाया चाकू


अपराध पर नकेल नहीं, अपराधिक तत्व आक्रामक हो रहे, फिर चाकूबाजी की वारदात, पिता-पुत्र घायल, आरोपी हिरासत में
पुलिसिंग तबाह, खौफज़दा आमआदमी और शहर में फैलती दहशतगर्दी

लगातार बढ़ती चाकूबाजी की वारदातें और अपराधिक तत्वों की बढ़ती तादाद बड़ी चिंता का विषय है। इस बीच पुलिस का दावा है कि बीते सात दिनों के भीतर अपराधिक तत्वों पर नकेल कसने 112 प्रकरणों में 287 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है। इनके खिलाफ लघु अधिनियम/प्रतिबंधात्मक धाराओ 151, 107/116(3) के तहत कार्रवाई किए जाने की खबर है। पुलिस का दावा है कि इससे आसामाजिक तत्वों में डर का माहौल बना है। इस कार्रवाई से यह साबित होता है कि पुलिस को मैदानी स्तर पर कितना मुस्तैद रहने की जरुरत है। शहर के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे संदिग्धों की तादाद कम नहीं है।

लेकिन पुलिस के इन आंकड़ों पर भी गौर किए जाने की जरुरत है। खबर है कि पुलिस जिन आंकड़ों को सामने रख रही है वह पूरे जिले के हैं और इनमें से अधिकतर वारदात को अंजाम देने के बाद सलाखों के पीछे पहुंचे हैं। हालांकि कुछ संदिग्धों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। इससे इतर शहर में लगातार बढ़ती हिंसक वारदातों की रोकथाम को लेकर पुलिस की किसी तरह की रणनीति अब भी सामने नहीं आई है। न ही इस मामलें में पुलिस अधीक्षक गंभीर पहल करते नज़र आ रहे हैं। पुलिस की ओर से अब तक शहर में बढ़ते अपराधों की रोकथाम को लेकर समीक्षा या रणनीति तैयार किए जाने की खबर नहीं है। देखा जाए तो पुलिस आंकड़ों के सहारे ही खौफ पैदा करने की कोशिशों में जुट गई है।

3 थाने और दो पुलिस चौकी वाले शहर में अपराधिक तत्वों पर मैदानी कार्रवाई नहीं होने के परिणाम पिछ्लों दिनों में सामने आए। दरअसल, पुलिस का पूरा जोर अपराधियों की धरपकड़ पर है लेकिन मूल उद्देश्य अपराधों की रोकथाम और इसके कारणों पर नकेल कसने की ओर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो रही। मसलन, अवैध चखना सेंटरों की लगातार बढ़ती संख्या, होटलों, ढाबों में शराबखोरी और शहर के हर हिस्से में 24 घंटें उपलब्ध शराब, गांजा की बिक्री। शहर के बाहरी इलाकों में बढ़ते खतरे और पुलिस की मुस्तैदी को लेकर भी कई सवाल हैं।

शहर के बाहरी इलाकों में शराब दुकानों के आसपास कानून व्यवस्था संभालने को लेकर पुलिस की कोई तैयारी नहीं दिखती। चखना सेंटर या होटल, ढाबा जहां शराब परोसी जा रही है यहां अपराध घटने की सबसे ज्यादा आशंकाएं हैं। लेकिन इन अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखती। आबकारी विभाग भी इस तगड़ी कमाई के जरिए पर कार्रवाई को लेकर हिम्मत नहीं जुटा पाता।

### कार्रवाई से पीछे हटती पुलिस

नशे के कारोबार को लेकर पुलिस-आबाकरी की ढीलाई समझ से परे है। कोतवाली और लालबाग पुलिस अब भी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। कोतवाली थाने के आसपास ही अवैध शराब बिक्री का बड़ा कारोबार चलता है। पुराना बस स्टैंड में तो खुलेआम शराब बेची जाती है लेकिन पुलिस को यह दिखता ही नहीं। अलबत्ता पुलिस के कुछ जवान यहां जरुर नज़र आते हैं। लालबाग थाना क्षेत्र में तो ऐसे कई मामले हैं।

### गश्त, कड़ाई और बाहरी इलाकों में मुस्तैदी जरुरी

गश्त बढ़ाने और देर रात सड़कों पर घुमने वाले आवारा युवकों से पूछताछ अब भी शुरु नहीं हुई है। पुलिस के गश्त के दावे फेल ही दिखते हैं। शहर के कई इलाकों में शाम से सुबह तक पुलिस बल की मौजूदगी जरुरी जान पड़ती है। बायपास रोड पर बड़ी अपराधिक वारदात घटने की आशंका रहती है। देर रात फ्लाई ओवर में भी असामाजिक तत्व हुल्लड़ करते हैं। स्कूलों के मैदान शराबखाने में तब्दील हो रहे हैं। इन मामलों को लेकर पुलिस की कड़ाई, संदिग्धों और देर रात घूमने वालों से पूछताछ जैसी कार्रवाई जरुरी हो जाती है। शहर के कई इलाके पहले ही रेड लिस्ट में हैं इन इलाकों में भी पुलिस की मौजूदगी जरुरी है लेकिन इस ओर भी गंभीरता नहीं दिखती।

### चखना सेंटर क्यूं नहीं हटाए जाते

निगम प्रशासन और आबकारी की कृपा से शराब दुकानों के आसपास धड़ल्ले से चखना सेंटर संचालित हो रहे हैं। खबर है कि ये रोजाना चढ़ोतरी चढ़ाते हैं। इनके लिए प्रति दिन के हिसाब से शुल्क तय किया गया है। सारा मामला बेहद संजिदगी से और एक सिस्टम के तहत संचालित हो रहा है। नतीजा यह कि लोग यहां जाम छलका रहे हैं और अपराध बढ़ रहा है। सामाजिक समस्या बन रहे इन विषयों पर मलाई खाने वालों का ध्यान जाना संभव ही नहीं है। होटलों, ढाबों में भी जाम छलक रहे हैं।

# बिजली बिल नहीं, बिजली ही कर दिया हॉफ : गांधी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश भाजपा के अव्हान् पर बीते दिनों मंडल किसान मोर्चा के बैनरतले विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम किसानों से संबंधित 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। वक्ताओं ने कांग्रेस की प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि मात्र 2500 में धान खरीद कर किसानों को बाकी समस्याओं के लिए छोड़ दिया गया है। बिजली बिल हाफ कहने वाली कांग्रेस ने बिजली ही हाफ कर दी है।

जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी ने कहा कि आज सिंचाई के लिए पानी और बिजली प्रमुख आधार होता है, लेकिन कांग्रेस सरकार आने के बाद आज प्रदेश में बिजली पंप कनेक्शन पूरी तरह से बंद है, किसानों को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो चुकी है। सरकार की नाकामी के कारण किसान सोसाइटी से खाद नहीं खरीद पा रहा है। उसे ऊंचे दामों में बाजार से खाद खरीदना पड़ रहा है। किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहित साहू, हिर्दय साहू घोरदा, जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा, चुनेश्वर साहू, आनंदराम साहू ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर किसानमोर्चा के अलावा भाजयुमो पदाधिकारी व कार्यकर्तागण शामिल हुए।

**ये है 13 सूत्रीय माँगो का ज्ञापन :** डोंगरगांव तहसील में खण्ड तथा अल्प वर्षा से प्रभावित किसानों को फसल क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने, आगामी 1 नवबंर 2021 से धान खरीदी प्रारंभ किये जाने, जनघोषणा पत्र के वादे अनुसार 2 वर्ष का बकाया बोनस तत्काल देने, किसानों के अस्थाई पंप कनेक्शनों को अतिशीघ्र स्थाई कर लंबित पंप कनेक्शनों के आवेदनों के जल्द निराकरण, धान खरीदी वर्ष 2021-22 की राशि एकमुश्त दिये जाने, अघोषित विद्युत कटौती बंद किये जाने, किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों का नाम अतिशीघ्र योजना में जोड़े जाने, गिरदावरी के नाम पर किसानों के खेत का रकबा कटौती बंद करने, किसानों को बारदाना के बदले बारदाना दिये जाने, समर्थन मूल्य पर राज्य सरकार द्वारा मक्का खरीदी प्रारंभ करने, वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का धान समर्थन मूल्य में खरीदे जाने, यूरिया खाद संकट के तत्काल निराकरण तथा वर्मी कम्पोस्ट खाद की जबर्दस्ती खरीदी बंद करने की मांग शामिल है।

# मवेशी से टकराया बाइक सवार घायल





पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

बुधवार की रात चिचोला-छुरिया पहुंच मार्ग में सड़क पर खुले में घूम रहे मवेशी को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे मवेशी घायल हो गया और लहूलुहान अवस्था में सड़क पर ही पड़ा रहा। इसी दौरान खुंटा छुरिया निवासी बाइक सवार भैया लाल साहू (27) घायल मवेशी से टकराकर सड़क पर गिर पड़ा। घायल अवस्था में डायल 112 के कर्मचारियों द्वारा उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं नगर पंचायत की टीम ने वेटनरी डॉक्टर को मौके पर बुलाया और घायल मवेशी का इलाज कराया। छुरिया से चिचोला, डोंगरगांव व बंजारी रोड में दर्जनों मवेशी सड़क में खुले बैठे रहते हैं जिससे कभी भी और बड़ी दुर्घटना घटने की आशंका बनी रहती है। जबकि शासन की रोका-छेका अभियान में खुले में घूम रहे मवेशीओं को सुरक्षित रखने अभियान चलाया जा रहा है जो कि नगर पंचायत छुरिया में पूरी तरह फेल दिख रहा है।

### पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने किए गणपति के दर्शन



**राजनंदगांव।** हॉकी एवं झांकी के नाम से सुप्रसिद्ध संस्कारधानी राजनांदगांव नगरी में गणेश उत्सव की अपनी विशिष्ट पहचान आज भी बनी हुई है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शहर के विभिन्न गणेश उत्सव मंडलो में पहुंचकर गणपति के दर्शन किए और कहा कि निश्चित रूप से राजनंदगांव में जो समिति के सदस्यों में गणेश भगवान के प्रति जो श्रद्धा और भाव दिखाते हैं, उनके उत्साह और ऊर्जा से उन्हें भी अच्छा लगता है। इसलिए वे प्रतिवर्ष राजनांदगांव कि प्रत्येक स्थल सजावट एवं गणपति के दर्शन कर ले आते हैं। विगत 2 वर्षों से करोना काल के कारण वह नहीं आ पाए परंतु आज फिर से राजनांदगांव में गणेश उत्सव समितियों में वही उत्साह देखते ही उन्हें खुशी हो रही है ।

# नवाज पर पलटवार, मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र ने कहा अपने गिरेबां में झांके

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष हीरेंद्र साहू ने केंद्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि किसान हितैषी भाजपा जब किसानों की वास्तविक समस्याओं को सामने लाकर मौजूदा सरकार के खोखले दावों को उधेड़ रही है तब नवाज अपना झूठ लेकर सामने आएं हैं। अंबागढ़ चौकी में किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित प्रदर्शन के दौरान किसानों और भाजपाईयों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह आरोप लगाए।

उन्होंने नवाज खान के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि किसानों के हित में कांग्रेस ने क्या किया है, यह बताने की जरूरत नहीं है। डॉ रमन सिंह की सरकार ने किसानों के हितार्थ अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन जमीन स्तर पर किया चारों ओर खुशहाली थी। किसानों को रिकॉर्ड पंप कनेक्शन प्रदान किए गए एवं कृषि उपकरणों में भी छूट दी गई। यूरिया को मोदी सरकार ने नीम कोटेड कर बिचौलियों से बचाने का कार्य किया। परंतु आज नवाज खान किस मुंह से बिचौलियों की बात कर रहे हैं। कांग्रेस का पर्यायवाची शब्द ही भ्रष्टाचार है इसलिए दूसरों पर कीचड़ उछालने से पहले वह अपने गिरेबान में झांक कर देख ले ।

# डूबती नैया पार लगाने की कोशिश कर रहे हैं भाजपाई : राहुल तिवारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने किसान के नाम पर धरना प्रदर्शन कर रहे भाजपाइयों पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि मुद्दा विहीन भाजपाई अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन तलाश करते हुए अपनी डूबती नैया पार लगाने के उद्देश्य से किसानों को साधने का असफल प्रयास कर रहे है। विगत 15 वर्षो से किसानों को समर्थन मूल्य और बोनस की बात कह कर छ्लने वाले भाजपा नेताओं को अपनी राजनीतिक रोटी सेकने के लिए आज किसानों की याद आ रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य में 12.5 लाख मीट्रिक टन खाद का कोटा निर्धारित है, किन्तु अब तक सिर्फ 6.5 लाख मीट्रिक टन ही प्राप्त हुआ है, जिसकी वजह से प्रदेश में खाद की कमी है। यह कमी भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा रचित साजिश है। जिसके लिए केन्द्र सरकार ही जिम्मेदार है। छत्तीसगढ़ में धान फसल का रकबा बढ़ना ही इस बात का प्रमाण है की किसानों का विश्वास छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार जीत चुकी है। भाजपा के नेताओं को धरना प्रदर्शन नहीं बल्कि पश्चाताप करना चाहिए।

# ये बिचौलियों की सरकार है जो कहती कुछ है और करती कुछ और : जिपं अध्यक्ष गीता साहू

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



छुरिया के बस स्टैंड में भाजपाईयों ने किसानों की समस्याओं को लेकर धरना दिया। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के कांग्रेसी सरकार पर भाजपा नेताओं ने अपनी भड़ास निकाली। जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू ने 11 सूत्रीय मांगों को विस्तार पूर्वक बताते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर खूब बिफरीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार किसान विरोधी सरकार है जो किसानों की बिल्कुल भी चिंता नहीं करती जिसे आने वाले समय में उखाड़ फेंकने की जरूरत है। प्रदर्शन के बाद भाजपाईयों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। वही पूर्व मंत्री राजिंदरपाल सिह भाटिया ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बिचौलियों की सरकार है जो कहती कुछ है और करती कुछ है। जिला किसान मोर्चा के प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कांग्रेस सरकार की विफलताओं को विस्तार पूर्वक गिनाते हुए कहां की हमारी स्थानीय विधायक छन्नी साहू अपनी ही सरकार के खिलाफ चौकी नगर पंचायत में जिला बनाने को लेकर धरने में बैठती हैं व उस धरना प्रदर्शन में अपने ही मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते हुए देखती है जो हास्यप्रद है। प्रदर्शन के दौरान जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद उपाध्यक्ष एकांत चंद्राकर, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री कैलाश शर्मा, मंडल अध्यक्ष रविंद्र वैष्णव, जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री घासी साहू, जिला भाजपा किसान मोर्चा प्रवक्ता मनभावन सिंह उईके, जिला पंचायत सदस्य ललिता कंवर ने भी संबोधित किया।

मनरेगा में नियमितीकरण के लिए राज्यव्यापी ज्ञापन, मनरेगा के 15323 अधिकारियों व कर्मचारियों की मुहिम

# अंधेरे में है मनरेगा अधिकारी कर्मचारी का कैरियर





पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

प्रदेशभर में मनरेगा ग्रामीण छत्तीसगढ़ की जीवनरेखा है। ग्रामीणों को मनरेगा से 100 दिनों का कार्य सुनिश्चित है। प्रदेशभर में मनरेगा के 15323 संविदा तौर पर नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी ही ग्रामीण छत्तीसगढ़ के लिए खेवनहार साबित हो रहे हैं। ऐसे में मनरेगा में 15 वर्षो से संविदा तौर पर नियुक्त अधिकारी कर्मचारी भी अपने सुरक्षित भविष्य अथवा कैरियर के लिए नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। इस आशय को लेकर छत्तीसगढ़ मनरेगा अधिकारी कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर डोंगरगांव ब्लॉक इकाई द्वारा शीर्षस्थ जनप्रतिनिधियों विधायक, जनपद अध्यक्ष व जनपद उपाध्यक्ष सहित अन्य से राज्य शासन को अनुशंसा कर समर्थन जुटा रहे हैं। इसी क्रम में डोंगरगांव जनपद पंचायत अंतर्गत अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने विधायक व छग राज्य ग्रामीण एवं पिछड़ावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दलेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू तथा जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा को ज्ञापन सौंपकर नियमितीकरण हेतु राज्यशासन की ओर अनुशंसा करने की मांग की है।

### राज्यशासन के प्रावधान का हवाला

डोंगरगांव ब्लॉक इकाई ने ज्ञापन में राज्य शासन के वित्त एवं योजना विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा 2013 में जारी पत्र मुताबिक प्रावधान का हवाला भी दिया है। उक्त पत्र के अनुसार ऐसे अस्थाई पद जो 3 वर्षों से अधिक अवधि तक नियमित सेवारत हैं एवं नियमित रखना आवश्यक है, उन्हें स्थाई करने का प्रावधान है। संघ ने अपने पदेन दायित्वों तथा प्रावधान मुताबिक नियमितीकरण की मांग मुख्यमंत्री से की है।

# 7 महीनों से फरार था शराब तस्कर, पुलिस ने दबोचा

- वाहन एवं और शराब की खेप छोड़कर हुआ था फरार

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



फरवरी माह में पुलिसिया कार्रवाई के दौरान फरार हुए शराब तस्कर को पुलिस ने 7 महिनों बाद गिरफ्तार किया है। घटना 6 फरवरी की है। जब चिचोला पुलिस ने नाकेबंदी कर तस्कर को गिरफ्त में लेने की कोशिश की थी। मौके से उसकी गाड़ी के अलावा 35 पौवा मध्यप्रदेश राज्य निर्मित अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब बरामद हुई थी।

पुलिस ने जानकारी जुटाई तो वाहन गमन निषाद (26) निवासी बुधवारी पारा वार्ड नंबर 14 डोंगरगढ़ का नाम सामने आया। पुलिस लगातार उसकी तलाश में थी। बीते मंगलवार को उक्त आरोपी डोंगरगढ़ में घूमते देखा गया। चिचोला पुलिस चौकी ने टीम तैयार कर डोंगरगढ़ भेजी गई जहां से आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़ लिया गया।

# धोनी के लिए अब रन बना पाना क्यों होगा मुश्किल, गौतम गंभीर ने बताया कारण




**नई दिल्ली।** IPL 2021 के पहले सात मैचों में महेंद्र सिंह धौनी बल्लेबाजी करने काफी नीचे आ रहे थे। इस सीजन के पहले हिस्से में उन्होंने दूसरे बल्लेबाजों को जमकर प्रमोट किया और अपने-आप को बल्लेबाजी में काफी नीचे रखा था। धौनी इन मैचों में रन बनाने के लिए संघर्ष देखे गए थे। पिछले आइपीएल सीजन यानी 2020 में भी धौनी के बल्ले से रन नहीं निकले थे और उन्होंने 14 मैचों में सिर्फ 200 रन बनाए थे। एक बार फिर से आइपीएल 2021 पार्ट-टू की शुरुआत 19 सितंबर से होने जा रहा है और वो टीम के लिए रन बना पाएंगे या नहीं इसके बारे में पूर्व भारतीय ओपनर बल्लेबाज गौतम गंभीर ने बताया।



गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक शो पर बात करते हुए कहा कि, धौनी अपने टी20 क्रिकेट करियर के आखिरी दौर में टीम के लिए एक मेंटर और विकेटकीपर बनने की कोशिश कर रहे हैं। एमएस धौनी एक ऐसे खिलाड़ी थे जो वास्तव में नंबर 4 या 5 पर बल्लेबाजी करते थे, लेकिन हमने पहले चरण में देखा है कि वह आम तौर पर नंबर 6 या 7 पर बल्लेबाजी करने आए थे। कई बार ऐसा भी हुआ जब उन्होंने सैम कुर्रन को भी खुद से पहले बल्लेबाजी करने के लिए भेजा।

गंभीर ने आगे कहा कि, इसके पीछे कारण यह है कि वह शायद एक मेंटर और विकेटकीपर बनने की कोशिश कर रहे हैं जो टीम का नेतृत्व कर सकें और विकेट कीपिंग कर सकें। वो क्रीज पर तब उतरना चाहते है जब स्थिति ये हो कि उन्हें उतरना ही होगा और आखिरी की 8-10 गेंदें खेलनी होंगी। गंभीर ने आगे कहा कि, आइपीएल में उन खिलाड़ियों के लिए रन बनाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है जो इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, आइपीएल को आप सीपीएल या अन्य लीग की तरह नहीं मान सकते। ये काफी कठिन लीग है और धौनी के लिए मुश्किल होने वाली है क्योंकि वो इंटरनेशनल मैच नहीं खेल रहे हैं। आइपीएल में आपको दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों का सामना करना होता है। मुझे लगता है कि, सीएसके के शीर्ष क्रम को जमकर रन बनाने की जरूरत है क्योंकि अब धौनी में पहले वाली बात नहीं है।

# सुरेश रैना ने बताया, एमएस धोनी, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली में से कौन हैं बेस्ट कप्तान



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको चौंका दिया था। रैना ने भारत की तरफ से अपने करियर के दौरान अलग अलग कप्तानों के साथ खेला है। इसमें राहुल द्रविड़, विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी हैं। रैना से इन तीनों में से अच्छा कप्तान चुनने को कहा गया तो रैना ने दिलचस्प तरीके से इसका जवाब दिया। रैना इस समय आईपीएल में धोनी की कप्तानी में सीएसके की तरफ से खेलते हैं।

रैना ने आरजे रौनक के शो में कहा,' मैंने माही भाई के साथ एक बल्लेबाज के तौर पर, एक खिलाड़ी के तौर, एक लीडर के तौर पर खेला है। जब मैं शुरुआत में आया था और टीम बन रही थी तब मैंने राहुल भाई के अंडर खेला। इसलिए मेरे हिसाब से यह धोनी, फिर द्रविड़ और फिर कोहली है। विराट और मैंने एक साथ में कुछ बेहतरीन पारियां खेली है और रिकॉर्ड बनाया है। इसलिए मैं कहूंगा कि एमएम, राहुल भाई और चीकू(विराट)।

रैना और धोनी के बीच काफी अच्छे संबंध है। रैना और धोनी ने साथ में सीएसके की तरफ से खेला और तीन बार आईपीएल का खिताब जीता। बीच में जब सीएसके पर बैन लगा था तब धोनी ने राइजिंग पुणे सुपरजायंट की कप्तानी की और रैना गुजरात लायंस के साथ थे।

साल 2018 में सीएसके की तरफ से खेलने के लिए दोनों साथ में आए। । दोनों ने एक ही दिन 15 अगस्त, 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया।

## तालिबान का डर! अफगान महिला फुटबॉल टीम देश छोड़ पहुंची पाकिस्तान



अफगानिस्तान में तालिबान का कब्जा होते ही वहां की महिलाओं की मुश्किलें काफी बढ़ गई है। इसी बीच अफगानिस्तान की युवा महिला फुटबॉल टीम अपने परिवार वालों के साथ पाकिस्तान के लाहौर पहुंची है। बता दें कि, महिला टीम तालिबान से नजरे छिपाते हुए पाकिस्तान पहुंचने में कामयाब हुई है। इन मुश्किलों के बीच अब यह टीम तीसरे देश में रहने के लिए शरण मांग रही है।

पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी उमर जिया ने एक बयान में बताया कि, महिला टीम पाकिस्तान में 30 दिनों तक रहेंगी फिर अन्य देश में रहने के लिए निकल जाएंगी। इस समय महिला टीम लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम के अंदर फीफा हाउस में रह रही है। तालिबान ने अपने पहले के शासन में 1996 से 2001 तक अफगानिस्तान की महिलाओं पर कई रोक लगा दी थी। लड़कियां स्कूल नहीं जा सकती थी और महिलाएं काम भी नहीं कर सकती थी ,साथ ही महिलाओं के खेलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## श्रीलंका की टीम को टी20 विश्व कप से पहले लग सकता है बड़ा झटका, बल्लेबाज कुसल परेरा हुआ चोटिल



**कोलंबो।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद श्रीलंका के बल्लेबाज कुसल परेरा का आगामी टी20 विश्व कप के लिए खेलना संदिग्ध है। परेरा को अपनी पारी के दौरान विकेटों के बीच दौड़ते समय अपनी हैमस्ट्रिंग से जूझते हुए देखा गया था। हैमस्ट्रिंग इंजरी से उबरने में काफी समय लगता है। ऐसे में कुसल परेरा का टी20 विश्व कप खेलना संदिग्ध लग रहा है।

श्रीलंका की टीम के डाक्टर दामिंडा अत्तानायके ने क्रिकइंफो को बताया, ÷ये चोट एक स्प्रिंटर की चोट है, जिसे विकेटों के बीच दौड़ते समय पाया गया है। चोट की प्रकृति के कारण, हम तेजी से पुनर्वास नहीं कर सकते।÷ आलराउंडर लाहिरू मदुशंका भी इसी मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान कालरबोन फ्रैक्चर के बाद विश्व कप से बाहर हो गए हैं।

श्रीलंका ने रविवार को आगामी आइसीसी मेंस टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी।

दासुन शनाका टीम का नेतृत्व करेंगे। श्रीलंका की टीम 18 अक्टूबर को ग्रुप ए में अबू धाबी में नामीबिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। श्रीलंका की टीम इस प्रकार है, जिसमें दासुन शनाका (कप्तान), धनंजया डिसिल्वा, कुसल परेरा, दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, भानुका राजपक्षे , चरित असलंका, वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, नुवान प्रदीप, दुष्मंथा चमीरा, प्रवीण जयविक्रेमा, लाहिरु मदुशंका और महेश थीक्षाना के अलावा रिजर्व में लाहिरु कुमारा, बिनुरा फर्नांडो, अकिला धनंजय और पुलिना थरंगा को रखा गया है।

## गौतम गंभीर ने बताया, आईपीएल में कौन सा एकमात्र बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह पर होगा हावी

**नई दिल्ली।** विराट कोहली की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर उन टीमों में से एक है जिसने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब अभी तक नहीं जीता है। साल 2016 में फाइनल में हारने के बाद आरसीबी ने प्लेऑफ तक पहुंचने में संघर्ष किया है। भारतीय टीम के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि आरसीबी के पास कई बड़े खिलाड़ी हैं जो विपक्ष पर हावी हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जसुप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज से एबी डिविलियर्स जैसा बल्लेबाज ही निपट सकता है। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, 'विराट कोहली की टीम में एबी डिविलियर्स और ग्लेन मैक्सवेल जैसे लोग हैं, जिनका होना काफी फायदेमंद है। अगर मैक्सवेल नहीं भी होते हैं तो डिविलियर्स का होना भी बहुत बड़ी बात है क्योंकि एक ही बल्लेबाज हैं जो बुमराह जैसे गेंदबाज पर हावी हो सकता है और वो हैं डिविलियर्स। मैंने किसी और को बुमराह के खिलाफ निरंतरता के साथ इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए नहीं देखा। डिविलियर्स बहुत शानदार बल्लेबाज हैं, वो अलग हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'जाहिर सी बात है, विराट के नजरिए से देखा जाए तो वह मैदान पर जाकर विपक्षी टीम पर हावी होना चाहते हैं, खासकर आईपीएल में।

# बिजनेस

## ब्रिटानिया ने मारी गोल्ड माई स्टार्टअप सीज़न 3.0 लॉंच किया




**रायपुर।** ब्रिटानिया मारी गोल्ड का माई स्टार्टअप कैम्पेन दो मौसम सफलता पूर्वक पूरे कर चुका है और भारतीय गृहणियों को अपनी उद्यमशीलता का सफर शुरू करने के लिए कौशल विकास के अवसर एवं पूंजी प्रदान कर चुका है। सन 2020 में एनएसडीसी के साथ साझेदारी ने इस अभियान को 10,000 गृहणियों को कम्युनिकेशन का मूलभूत कौशल, सूचना व संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) की मदद से वित्तीय साक्षरता तथा सामाजिक आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए माईक्रो उद्यमशीलता का कौशल प्रदान करने में मदद की।

सीज़न 3 में ब्रिटानिया मारी गोल्ड माई स्टार्ट-अप अभियान का विस्तार किया गया है ताकि गृहणियों को इंटरनेट का इस्तेमाल कर अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद की जा सके। 77 प्रतिशत गृहणियां, जो अपने खुद के वेंचर स्थापित करना चाहती हैं, वो टेक्नोलॉजी को अपने सफर में मददगार के रूप में देखत हैं, जो ब्रिटानिया एवं मॉम्सप्रेसो के सर्वे में भी देखने को मिला।

सीज़न के आकर्षणों एवं ब्रिटानिया मारी गोल्ड माई स्टार्टअप प्रतियोगिता 2021 के लॉंच पर रोशनी डालते हुए विनय सुब्रमण्यम, वाईस-प्रेसिडेंट, मार्केटिंग, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने कहा, ''ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ब्रांड का भारतीय गृहणियों से स्नेहपूर्ण संबंध है। हम हर परिवार में धुरी का काम करने और भावनात्मक सहारा प्रदान करने के लिए उनकी सराहना करते हैं। हमारा विश्वास है कि देश ने जो प्रगति की है, वह गृहणियों के योगदान व बलिदान के द्वारा संभव हुई है। ब्रिटानिया मारी गोल्ड गृहणियां की अपनी क्षमताओं के साथ ज्यादा काम करने की बढ़ती भावनाओं को समझता है और उनके इस प्रयास में उन्हें दैनिक पोषण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसीलिए हम ब्रिटानिया मैरी गोल्ड माई स्टार्टअप का तीसरा संस्करा लॉंच करने के लिए उत्साहित हैं। इस बार हमें गृहणियों बाजार की बेहतर पहुंच, ग्राहक वर्ग का विस्तार करने, वित्त एवं अन्य संसाधन प्राप्त करने के लिए टेक्नॉलॉजी के इस्तेमाल में समर्थ बनाने के लिए गूगल के साथ गठबंधन करने की खुशी है। हम दोनों मिलकर हर गृहणी को ऊँची उड़ान भरने के लिए पंख प्रदान कर सकेंगे।''

ब्रिटानिया के साथ गठबंधन के बारे में सपना चड्ढा, सीनियर मार्केटिंग डायरेक्टर, भारत एवं दक्षिण पूर्व एशिया, गूगल ने कहा, ''गूगल में हमारा हर काम अवसर व समावेशन पर केंद्रित है। अपने उत्पादों व कार्यक्रमों के द्वारा हमने भारत में लाखों महिलाओं को आय एवं आजीविका के लिए डिजिटल टूल्स का इस्तेमाल करने में सहयोग किया है। हमें मालूम है कि डिजिटल माध्यम से उद्यमशीलता के अवसर अपनाने के लिए महिलाओं की मदद करने का उन पर एवं उनके परिवारों, समुदाय और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। हमें ब्रिटानिया के महत्वपूर्ण प्रोग्राम में महत्वाकांक्षी महिला उद्यमियों को डिजिटल कौशल के संसाधन प्रदान करने की खुशी है और हम उन सभी की सफलता की कामना करते हैं।

## रेनो ने भारत में अपनी 10वीं सालगिरह के जश्न के तहत बिल्कुल नई रेनो काइगर आरएक्सटी तथा क्विड MYwv लॉन्च की




**रायपुर।** रेनो इंडिया भारत में अपने संचालन की 10वीं सालगिरह मना रही है और इस जश्न के तहत कंपनी ने रायपुर में रेनो काइगर के नए आरएक्सटी वैरिएंट तथा क्विड MYwv को लॉन्च किया। रेनो काइगर आरएक्सटी एमटी और एएमटी दोनों ट्रांसमिशन में 1.0ली एनर्जी इंजन के साथ उपलब्ध होगी। आरएक्सटी वैरिएंट में आरएक्सजेड वैरिएंट वाले ग्राहकों के पसंदीदा और प्रीमियम फीचर, जैसे कि ट्राई-ऑक्टा एलईडी प्योर विजन हेडलैम्प्स और 40.64 सेमी डायमंड कट एलॉय व्हील्स ज्यादा किफायती मूल्य पर उपलब्ध होंगे। नई काइगर आरएक्सटी (ओ) का आइकॉनिक थ्री-एलईडी फ्रंट लुक 40.64 सेमी डायमंड कट अलॉय व्हील्स और मनोहारी रेडिएंट रेड डुअल टोन कलर की बदौलत कार की शानदार डिज़ाइन को और ज्यादा उभारेगा। केबिन के भीतर हवा की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आरएक्सटी (ओ) में पीएम2.5 वाला आधुनिक एटमॉस्फेरिक फिल्टर भी लगाया गया है। स्मार्ट केबिन के समग्र अनुभव को सुखद बनाने के लिए आरएक्सटी (ओ) वैरिएंट में वायरलेस स्मार्टफोन रेप्लीकेशन फंक्शन मौजूद है, जिसकी मदद से यात्री अपने स्मार्टफोन को 20.32 सेमी की डिस्प्ले लिंक फ्लोटिंग टचस्क्रीन के साथ कनेक्ट कर सकते हैं। रेनो क्विड एक ऐसा आकर्षक, अभिनव और किफायती वाहन साबित हुआ है, जो रेनो इंडिया के लिए एक खरा गेम-चेंजर और वॉल्यूम ड्राइवर बन गया। उत्पाद से जुड़े खोजी नवाचारों के सहारे क्विड को मिली अजेय सफलता की बुनियाद पर आगे बढ़ते जाने वाली अपनी प्रतिबद्धता को लेकर खरी उतरते हुए बिल्कुल नई क्विड MYwv पेशकश के मामले में अपने मूल्य प्रस्ताव को और मजबूत बनाती है तथा उत्पाद व ब्रांड में ग्राहकों का विश्वास और ज्यादा गहरा करती है।

रेनो क्विड MYwv की रेंज को मैनुअल और एएमटी दोनों विकल्पों में 0.8ली और 1.0ली एससीईई पावरट्रेन के दम पर प्रस्तुत किया जाएगा। रेनो क्विड की रेंज भारत में लागू सभी सुरक्षा अधिनियमों का अनुपालन करती है और अब इसके सभी वेरिएंट एक मानक फीचर के रूप में डुअल फ्रंट एयरबैग से लैस होंगे। यह काम रेग्युलेशन की टाइमलाइन से पहले ही कर लिया गया है। कार के आकर्षण में इजाफा करते हुए नई क्विड MYwv का क्लाइंबर एडिशन काली छत के साथ सफेद रंग वाले ड्युअल टोन एक्सटीरियर में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा इस वैरिएंट में इलेक्ट्रिक ओआरवीएम और डे एंड नाइट आईआरवीएम जैसे नए फीचर मौजूद हैं। विभिन्न एक्टिव और पैसिव सुरक्षा सुविधाओं के अतिरिक्त इसमें फ्रंट ड्राइवर साइड पायरोटेक एवं प्रीटेंशनर भी लगाए गए हैं, जो वाहन की सुरक्षा का स्तर और बढ़ा देते हैं। रेनो काइगर आरएक्सटी वैरिएंट 7.37 लाख रुपए (एक्स-शोरूम रायपुर) में लॉन्च की गई है, जबकि नई क्विड MYwv रेंज 4.06 लाख रुपए (एक्स-शोरूम रायपुर) से शुरू होती है। जश्न के तहत रेनो ने सितंबर 2021 के महीने में ग्राहकों को विशेष ऑफर देने की घोषणा की है, जो अपनी उत्पाद रेंज में उपलब्ध चुनिंदा वेरिएंट पर 80,000 रुपए तक का अधिकतम लाभ प्रदान करते हैं। सितंबर के दौरान रेनो का नया वाहन खरीदते वक्त इन ऑफर का फायदा उठाया जा सकता है। उपरोक्त ऑफर के अलावा रेनो ने अपने 10 साल का जश्न मनाने के लिए 10 अनूठे लॉयल्टी रिवार्ड भी शुरू किए हैं, जिसमें अधिकतम लॉयल्टी लाभ 110,000 रुपए तक है और यह प्रचलित उपभोक्ता ऑफर से अलग है।नकद और लॉयल्टी बोनस के रूप में घोषित ऑफर के अलावा कंपनी ने रेनो क्विड, ट्राइबर और काइगर की खरीद पर बाय नाउ, पे इन 2022 स्कीम भी घोषित की है।

## टेक्नो ने 64 जीबी की मेमोरी और 16 एमपी रियर कैमरे के साथ लॉन्च किया स्पार्क 8

**कीमत 7,999 रुपये; 10 हजार से कम रुपये के वर्ग में मजबूत की अपनी स्थिति**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड टेक्नो ने एक और फ्यूचर-रेडी स्मार्टफोन ब्रांड स्पार्क 8 के लॉन्च की घोषणा की। इसमें इसकी स्पार्क सीरीज की सेगमेंट-अग्रणी खूबियां मौजूद हैं। स्पार्क सीरीज की सफलता के बाद, टेक्नो ने 6000-10,000 रुपये के सेग्मेंट में भारत के पांच टॉप स्मार्टफोन कंपनियों में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इसके साथ ही कंपनी लगातार नए-नए प्रॉडक्ट्स को लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो को और सुदृढ़ कर रही है। ऑल न्यू स्पार्क 8 कई आकर्षक फीचर्स से लैस है। जैसे कि 64 जीबी की मेमोरी से उपभोक्ताओं को अपने कीमती फोटो और विडियो हमेशा अपने पास रखने की इजाजत मिलेगी। 16 एमपी का एआई ड्यूल हाई रिजोल्यूशन कैमरा हाई क्वॉलिटी की यादगार फोटो खींचने में मदद करेगा। स्मार्टफोन पावरफुल 5,000 एमएएच की बैटरी के साथ आता है, जिससे बैटरी शानदार परफॉर्मेंस देती है। यह सब ऑल न्यू मेटल कोडिंग डिजाइन में पैक होकर आता है। इसका दाम 7,999 रुपये रखा गया है। टेक्नो का लेटेस्ट स्पार्क 8 उन समझदार युवकों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनके लिए उनका स्मार्टफोन उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राइमरी गैजेट बन चुका है। स्पार्क सीरीज अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम डिजाइन, डिस्प्ले और कैमरे के साथ अफोर्डेबल सेग्मेंट में संपूर्ण बेहतरीन अनुभव कराने के लिए मशहूर है। ब्रांड के नैतिक मूल्यों के अनुरूप, स्पार्क 8 अपनी कैटिगरी को फिर से नई परिभाषा देने वाले फीचर्स से लैस है। इसमें सेगमेंट-अग्रणी 6.52÷ इंच का एचडी+डॉट नॉच डिस्प्ले, स्मूद परिचालन के लिए 120 हटर्ज का टच रेस्पांस रेट दिया गया है। सेल्फी प्रेमियों के लिए स्मार्टफोन 8 एमपी फ्रंट कैमरा ड्यूल फ्लेश के साथ आता है, जिससे चमकदार और क्लियर सेल्फी आती है। इससे बहुत ही कम रोशनी मे विडियो कॉल की जा सकती है। यह स्मार्टफोन पतली बॉडी के फ्रेम में सरफेस बैटरी कवर डिजाइन के रूप में आता है। रियल फ्रेम कैमरा एफ्फी सेंसर के लिए एकीकृत है, जिससे स्मार्टफोन यूजर्स को अनोखा अहसास होगा।

ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए कहा, ÷टेक्नो में कस्टमर्स की संतुष्टि हमेशा से अपने प्रॉडक्ट्स में इनोवेशन करने का आधार रही है। यह कुछ ऐसा है, जिससे हमें आगे बढ़ने की प्रेरण देता है।

## सेंसेक्स पहली बार 59 हजार अंक के पार, निफ्टी में भी रिकॉर्ड बढ़त



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में रिकॉर्ड बढ़त का सिलसिला जारी है। सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को सेंसेक्स में एक बार फिर रॉकेट की तरह तेजी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स 58,900 अंक पर था तो दोपहर बाद सेंसेक्स ने 59 हजार अंक के स्तर को पार किया। सितंबर के पहले सप्ताह में सेंसेक्स ने 58 हजार के स्तर को टच किया था। कहने का मतलब ये है कि सेंसेक्स 15 दिन के भीतर 59 हजार अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है।

अगर ऐसी ही तेजी रही तो महीने के अंत तक सेंसेक्स के 60 हजारी बनने की संभावना है। निफ्टी की बात करें तो 17,600 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## वॉल्वो कार इंडिया ने पीएम केयर्स फंड में दिया 75 लाख का योगदान

**नई दिल्ली।** वॉल्वो कार इंडिया ने आज अपने सीएसआर प्रोग्राम के तहत कोविड-19 से जुड़े राहत कार्यों के लिए पीएम केयर्स फंड में 75 लाख रुपये के योगदान का एलान किया। वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योति मल्होत्रा ने कहा, 'वॉल्वो कार इंडिया ने सुरक्षा व लोगों की देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और हमारे प्रोडक्ट ऑफरिंग व लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई नीतियों में इसकी झलक दिखती है। हमें भरोसा है कि हमारा योगदान उन लोगों को कुछ राहत प्रदान करेगा जो पीएम केयर्स फंड से मिलने वाली सहायता पर निर्भर हैं।' कंपनी ने महामारी से सुरक्षा एवं बचाव पर फोकस किया है। कंपनी ने कोविड से संबंधित आंतरिक पहल के तौर पर डीलर नेटवर्क से जुड़े सभी लोगों का टीकाकरण कराया है। अपने कर्मचारियों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था करते समय कंपनी ने उनके पति/पत्नी, अभिभावकों और टीकाकरण के पात्र बच्चों के टीकाकरण में भी सहयोग किया। कंपनी ने सभी डीलरशिप स्टाफ के टर्म इंश्योरेंस में वित्तीय सहायता दी और किसी कर्मचारी या उनके किसी परिजन के संक्रमित होने की स्थिति में इलाज में भी मदद की। महामारी के दौरान कंपनी ने वॉल्वो कारों के बारे में जानने के लिए कॉन्टैक्टलेस प्रोग्राम शुरू किया और कार खरीदने की प्रक्रिया को भी सुरक्षित बनाया। डिजिटल पहल की मदद से वॉल्वो कार खरीदारों को ऑनलाइन कार सर्विस पर बुकिंग की सुविधा दी गई, जिसमें उन्हें अपनी सहूलियत के हिसाब से डीलरशिप लोकेशन चुनने का विकल्प मिलता है।

## अमेजन इंडिया ने भारत में अपने पहले करियर डे का आयोजन किया

**बिलासपुर।** अमेज़न इंडिया ने घोषणा करके बताया कि 16 सितंबर को भारत में अपने पहले करियर डे का आयोजन किया। इस वर्चुअल और इंटरैक्टिव ईवेंट में अमेज़न का नेतृत्व एवं कर्मचारी ने बताया की अमेज़न एक आकर्षक बाजार क्यों है, यहां पर काम करने का अनुभव कैसा है और कंपनी 21वीं सदी में भारत को अपनी वास्तविक क्षमता का विकास करने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए किस प्रकार दृढ़ है। अमेज़न ने यह घोषणा भी की कि इस समय यह देश के 35 शहरों, बैंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, गुड़गांव, मुंबई, कोलकाता, नोएडा, अमृतसर, अहमदाबाद, भोपाल, कोयम्बटूर, जयपुर, कानपुर, लुधियाना, पुणे और सूरत आदि में 8,000 प्रत्यक्ष नौकरियों में भर्ती कर रहा है। नौकरी के ये अवसर कॉर्पोरेट, टेक्नॉलॉजी, कस्टमर सर्विस और ऑपरेशंस के क्षेत्र में हैं।करियर डे में दिलचस्प एवं जानकारीयुक्त सत्र होंगे, जिनमें अमेज़न के सीईओ, एंडी जैसी से एक वार्ता भी शामिल है। वो अपने खुद के करियर के अनुभव साझा करते हुए नौकरी तलाशने वालों को अपना परामर्श दिया । अमेज़न इंडिया के ग्लोबल सीनियर वाईस प्रेसिडेंट एवं कंट्री हेड, अमित अग्रवाल ओपनिंग इंडिया का उद्बोधन संदेश देंगे, जिसके बाद अमेज़न के नेतृत्वकर्ता एवं कर्मचारी पैनल वार्ता प्रस्तुत कर 'अमेज़न में जीवन', यहां की अद्वितीय कार्यसंस्कृति तथा अमेज़न कार्य का एक उत्तम स्थल क्यों है, इस ईवेंट के तहत, विभिन्न ग्लोबल एवं भारत-केंद्रित सत्रों के अलावा, 140 अमेज़न नियोक्ता 2000 देश में नौकरी तलाशने वालों के लिए निशुल्क, वन-ऑन-वन करियर कोचिंग सत्र चलाएंगे।

# सीमावर्ती जिलों के चेकपोस्ट में तस्करी रोकने लगेंगे कैमरे : भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com








मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर गांजा, अवैध मादक पदार्थों और अन्य अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रदेश के सीमावर्ती स्थानों में चेकपोस्ट लगाए जाएंगे। डीजीपी डीएम अवस्थी ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। डीजीपी डीएम अवस्थी ने कहा कि प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों से अवैध गांजा के राज्य में प्रवेश की सूचना अक्सर मिलती रहती है. गांजा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी रोकथाम के लिए सीमावर्ती जिले जिनकी सीमाएं अन्य प्रदेशों से लगती है, वहां पर चेक पोस्ट लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चेकपोस्ट में कैमरे लगाने के निर्देश भी दिये गये हैं।

जारी निर्देश में कहा गया है कि सीमावर्ती राज्यों से आने वाले मार्गों में चेकपोस्ट लगाकर पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल तैनात करें। अवैध गांजा, शराब और अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी पर प्रभावी रोक लगाएं। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि सभी एसपी अपने जिले में गांजा और अन्य मादक पदार्थों के अवैध भंडारण, विक्रय, अवैध परिवहन और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना सुनिश्चित करें।

# नवोदित रचनाकारों की पहचान, प्रोत्साहन और मनोबल बढ़ाना होगा : गिरीश पंकज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के नवोदित रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अभिनव प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। यह योजना साहित्यकार गिरीश पंकज ने शुरू की है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ हमारी कर्मभूमि है और इस महान धरती ने मुकुटधर पांडेय, गजानन माधव मुक्तिबोध, नारायण लाल परमार, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, बलदेव प्रसाद मिश्र, हरि ठाकुर, आनंदीसहाय शुक्ल, श्यामलाल चतुर्वेदी,ललित सुरजन, बबनप्रसाद मिश्र, गुरुदेव काश्यप जैसे अनेके विचारवान लेखक-पत्रकार पैदा किए। उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए अब नवोदित रचनाकारों के साथ काम करना चाहिए, ताकि उनकी लेखन प्रतिभा को दिशा मिले। गिरीश पंकज ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य छत्तीसगढ़ में नवोदित रचनाकारों की पहचान करना, प्रोत्साहन देना, सहायता करना और यथोचित मार्गदर्शन प्रदान करके उनका मनोबल बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि मैं अपनी पुस्तकों से मिलने वाली रायल्टी से कम-से-कम पांच युवा लेखकों को प्रोत्साहनस्वरूप कुछ निश्चित धनराशि प्रदान करूंगा। कुछ सामूहिक वर्कशाप भी हो सकते हैं। गिरीश पंकज ने कहा कि मेरी हार्दिक इच्छा है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में पांच सौ ऐसे लेखक तैयार हों, जो साहित्य की विभिन्न विधाओं में महारत हासिल करके छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय परिदृश्य में पहचान दिला सकें। छत्तीसगढ़ के ऐसे ही नए लेखकों से अनुरोध है, जो साहित्य की दुनिया में ईमानदारी के साथ कुछ करना चाहते हैं। साहित्य की विविध विधाएं हैं, जैसे व्यंग्य, कहानी, लघुकथा, कविता, गीत-गजल, बाल साहित्य आदि। इनके माध्यम से हम मानवीय संवेदनाओं को स्वर दे सकते हैं। ऐसे लेखक जो इस विधा में रुचि रखते हैं, उनके लिए मेरे द्वार खुले हुए हैं। नये रचनाकार मुझसे बातचीत कर सकते हैं। लेकिन मुझसे जुड़ने वाले लेखकों को पहले यह बताना होगा कि उन्होंने किन पांच महत्वपूर्ण लेखकों की पुस्तकें पढ़ी हैं। क्या उन्होंने महाकवि गोस्वामी तुलसीदास महान ग्रंथ रामचरितमानस का अवगाहन किया है। भारतेंदु हरिश्चंद्र, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, रांगेय राघव, मुक्तिबोध, अज्ञेय या धूमिल आदि को पढ़ा है? केवल नाम गिनाना पर्याप्त नहीं, प्रमाणस्वरूप उनकी रचनाओं का भी जिक्र करना होगा, पुस्तकों की सेल्फी के साथ। रचनाकारों से ई-मेल के जरिए अधिक संवाद होगा। मेरा लक्ष्य है कि आने वाले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ से अच्छे साहित्यकार तैयार हों। प्रोत्साहन योजना में रुसेन कुमार जैसे ऊर्जावान युवक और वैभव प्रकाशन के संचालक डाक्टर सुधीर शर्मा भी जुड़ेंगे।

# संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के तकनीकी टीम ने भोरदेव मंदिर का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के संस्कृति एवं पुरात्व विभाग की टीम द्वारा कबीरधाम जिला प्रशासन के रिर्पोट के आधार पर छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इसकी प्रांरभिक तैयारियां शुरू हो गई है। फणीनागवंशी काल, 11वीं शताब्दी में निर्मित छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरात्व,पर्यटन एवं धार्मिक जन आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर के परिसर एवं गर्भगृह में हो रहे बरसात के पानी के रिसाव व मंदिर के बाहरी भाग के क्षरण के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जिला प्रशासन की रिपोर्ट पर आज गुरूवार को छत्तीसगढ़ संस्कृति एवं पुरात्व विभाग की टीम ने मंदिर परिसर का अवलोकन किया। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के डिप्टी डायरेक्टर श्री अमृत लाल पैकरा की अवलोकन टीम में चार अलग-अलग तकनीकी विशेषज्ञों ने बारिकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में पुरात्व विभाग के सहायक अभियंता सुभाष जैन, उप अभियंता दिलीप साहू, केमिस्ट विरेन्द्र धिवर, मानचित्रकार चेतन मनहरे और जिला प्रशासन की ओर से कवर्धा एसडीएम विनय सोनी, डिप्टी कलेक्टर रश्मी वर्मा, बोडला तहसीलदार अमन चतुर्वेदी शामिल थे। पुरात्व विभाग की संयुक्त टीम ने भोमदेव मंदिर परिसर एवं आसपास क्षेत्रों का बारिकी से अवलोकन किया। अवलोकन के बाद टीम ने कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा को भोरमदेव मंदिर परिसर के गर्भ गृह में पानी का रिसाव,व बाहरी भाग के रक्षण होने के वास्तविक कारणों को बताया। पुरात्व विभाग की विशेषज्ञों की टीम ने बताया छत्तीसगढ़ में 11वीं शताब्दी काल में निर्मित व इसके समकालिन अन्य मंदिरों की तुलना में भोमरदेव मंदिर की स्थिति बहुत ही अच्छा है। कुछ कारणों से पानी का रिसाव हो रहा हैं, इसकी रिपोर्ट विभाग को दे दी जाएगी। विशेषज्ञों की टीम ने भोरमदेव मंदिर के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मंदिर की उपरी भाग की विशेष साफ सफाई, पत्थरों के जोड़ों को पुनः फिलिंग करने व विशेष कोडिंग के लिए रिपोर्ट बनाई है। टीम ने मंदिर के आसपास के पेड़ों की छटाई करने की रिपोर्ट जिला प्रशासन को दी है। टीम ने बताया कि पतझड़ के मौसम में आसपास के पेड़ों के पत्ते मंदिर के उपरी भाग में जम गए है, जिसकी वजह से पानी की निकासी सही नहीं हो पा रही है।

# 20 लाख निवेशक को सरकार के इरादों पर संदेह : शुभम साहू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ नागरिक अधिकार समिति ने लाखों चिटफंड निवेशकों से जमा करवाए गए फार्म के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट करने की मांग प्रदेश सरकार से की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष शुभम साहू ने कहा है कि हड़बड़ी में लंबी-लंबी लाइनें लगवाकर चौथी बार फार्म भरवाने के बाद अब सरकार चुपचाप बैठ गई है। जब सरकार को त्वरित कार्यवाही नहीं करनी है तो निवेशकों को लाइनों में लगवाकर परेशान करने की क्या जरूरत थी। छत्तीसगढ़ नागरिक अधिकार समिति ने आज जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि प्रदेश के 20 लाख निवेशक और हजारों अभिकर्ताओं को अब इस सरकार के इरादों पर संदेह होने लगा है। चुनावी घोषणा पत्र में चिटफंड की रकम वापसी का मुद्दा जोड़कर सत्ता में आने वाली सरकार अब इस मुद्दे पर टाइम पास करती नजर आ रही है। लगभग तीन साल होते आने के बावजूद यह सरकार 50 हजार करोड़ रुपये की डूबी रकम लौटाने कोई ठोस कार्य योजना प्रस्तुत नहीं कर सकी है।अभिकर्ताओं पर दर्ज मुकदमे भी अब तक वापस नहीं लिए जा सके हैं। ऐसे में अभिकर्ता और निवेशक पुनः एक बड़े आंदोलन के मूड में है। शुभम साहू ने मांग की है कि निक्षेपकों का हित अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय कोर्ट में सुनवाई की प्र या नियमानुसार आठ महीनों में पूर्ण की जाए। जब्त संपत्तियों की बि ी में पारदर्शिता रखी जाए। इसके साथ ही देनदारी से कम परिसंपत्तियां रखने वाली कंपनियों के निवेशकों के पूर्ण भुगतान के लिए सरकार एक विशेष कोष का गठन करें, जिससे निवेशकों को पूर्ण भुगतान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा है कि अभिकर्ताओं के खिलाफ दर्ज प्रकरण तत्काल वापस लिए जाए। शुभम ने यालको कंपनियों के निवेशकों को मात्र 20 से 30 फीसद रकम वापस किए जाने पर रोष जताते हुए शेष 70 फीसद राशि की भी तत्काल भुगतान किए जाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ नागरिक अधिकार समिति ने कहा कि निवेशकों की मूल राशि को ब्याज सहित वापस किया जाए, ताकि 10 से 15 वर्ष पूर्व निवेशित की गई राशि पर मुद्रा स्फीति के नकारात्मक प्रभाव से बचा जा सके। इन सारे मुद्दों पर समिति द्वारा प्रदेशभर में व्यापक बैठकों का दौर जारी है और अतिशीघ्र राजधानी से नए आंदोलन का बिगुल बजाया जाएगा। जल्द ही राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं वित्त सचिव को इस संबंध में ज्ञापन सौंपे जाने की घोषणा भी की गई है।

## राज्यपाल ने पीएम मोदी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने अपनी एवं समस्त छत्तीसगढ़वासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और ईश्वर से उनके, दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की है कि छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री मोदी का सदैव सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहेगा। उन्होंने कहा है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र सर्वोच्च शिखर पर स्थापित होगा और विश्व को नई दिशा देगा।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

# चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल और कॉलेज में 1041 पदों की मिली मंजूरी



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा शासकीय नवीन चिकित्सा महाविद्यालय और चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल में भर्ती के लिए 1041 पदों की मंजूरी प्रदान की गई है। इनमें चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल में 616 पद और शासकीय मेडिकल कॉलेज में 425 पदों के लिए मंजूरी शामिल है। इस आशय का पत्र मंत्रालय महानदी भवन स्थित चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालक चिकित्सा शिक्षा को जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर राज्य शासन द्वारा छात्रहित एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए चन्दूलाल चन्द्राकर मेमोरियल अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का अधिग्रहण किया गया है। चन्दूलाल चन्द्राकार मेमोरियल हॉस्पिटल में अस्पताल अधीक्षक कार्यालय में अस्पताल अधीक्षक और सहायक अस्पताल अधीक्षक के लिए एक-एक पद की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार प्रशासकीय अधिकारी, मेडिकल रिकार्ड ऑफिसर, कार्यालय अधीक्षक, मेडिको सोशल वर्कर, सहायक कार्यालय अधीक्षक, डायटिशियन और बॉयोकेमिस्ट के लिए एक-एक पद स्वीकृति प्रदान की गई है। सहायक ग्रेड-2 के लिए पांच पद, कैशियर और लेखापाल के लिए एक-एक पद, फार्मास्टि ग्रेड-2 के पांच पद, स्टुअर्ड के लिए एक पद, स्टोर कीपर के लिए दो पद, सहायक ग्रेड-3 के लिए पांच पद, दफ्तरी के लिए दो पद और भृत्य के लिए 5 पदों के लिए मंजूरी प्रदान की गई है। इसी प्रकार नर्सिंग अधीक्षक कार्यालय में नर्सिंग अधीक्षक और उप नर्सिंग अधीक्षक के लिए एक-एक पद तथा सहायक नर्सिंग अधीक्षक के लिए चार पदो के लिए मंजूरी दी गई है। इसी प्रकार नर्सिंग सिस्टर के लिए 30 पद, स्टॉफ नर्स के लिए 170 पद, टेलर के लिए दो पद, बढ़ई के लिए एक पद, हेड कुक के लिए एक पद, वार्ड ब्वाय के लिए 195 पद, स्वीपर कम अटेंडेंट, नाई और कुक असिस्टेंट के लिए एक-एक पदों की स्वीकृति दी गई है। मेडिकल रिकार्ड सेक्शन में स्टेटिशियन के लिए एक पद, कोडिंग क्लर्क के लिए चार पद, रिकार्ड क्लर्क के लिए पांच पद, स्टोनो टायपिस्ट के लिए एक पद, दफ्तरी और भृत्य के लिए दो-दो पद की मंजूरी दी गई है। सेन्ट्रल स्टेरीलाईजेशन में असिस्टेंट नर्सिंग सुपरिण्टेण्डेंट के लिए एक पद, स्टॉफ नर्स, टेक्निशियन, टेक्निकल असिस्टेंट, वार्ड ब्वाय और स्वीपर के लिए चार-चार पदों की स्वीकृति दी गई है। लाण्ड्री सर्विसेस में सुपरवाईजर के लिए दो पद, धोबी और पैकर के लिए 12-12 पद की मंजूरी दी गई है। ब्लड बैंक में टेक्निशियन और स्टोर कीपर, लैब अटेंडेंट के लिए 6-6 पद और रिकार्ड कीपर के लिए दो पदों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं। इसी प्रकार केजुअल्टी सर्विसेस में केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के लिए चार पर, स्टॉफ नर्स के लिए दो पद, टेक्निशियन के लिए तीन पद, ईसीजी टेक्निशियन के लिए दो पद, रेडियोग्राफर के लिए तीन पद, रिसेप्सनिस्ट क्लर्क के लिए दो पद, वार्ड ब्वाय और स्टेउच्चर बेयरर के लिए 6-6 पदों की मंजूरी दी गई है।

## मिनी एस पिल्लई को मिली पीएचडी की उपाधि



**रायपुर।** शिक्षाविद मिनी एस पिल्लई ने पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से शिक्षा शास्त्र में "Effectiveness of Computer Assisted Instruction on the Learning of English Language" में अपना शोध कार्य डॉ पुष्पलता शर्मा कल्याण पीजी कॉलेज भिलाई के मार्गदर्शन में पूर्ण कर पी एच डी की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान म मिनी एस पल्लई सेंट विन्सेंट पैलोटी कॉलेज रायपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वह टाटीबंध निवासी सुरेश पिल्लई की पत्नी हैं।

REMCL
आरईएमसी लिमिटेड
(पूर्व में रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
(भारतीय रेलवे तथा राइट्स का संयुक्त उद्यम)
राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुरूग्राम-122001 (हरियाणा)
निविदा आमंत्रण सूचना
एनआईटी नं.: आरईएमसीएल/सीओ/सोलर/डीपीआर/2021 दिनांक 16.09.2021
आरईएमसी लि., पूर्व में रेलवे एनर्जी मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड के रूप में ज्ञात द्वारा "भारत के विभिन्न राज्यों में सोलर पीवी आधारित परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण, व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने एवं जमा करने, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के लिए एजेंसियों/सलाहकारों के नामांकन" के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा जमा करने की तिथि: 06.10.2021 निविदा दस्तावेज शुल्क: रु. 2,500/–
इम्पैनलमेंट अवधि: 24 माह इम्पैनलमेंट शुल्क: रु. 5,000/–
निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://www.bharat-electronictender.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदाएं अंतिम तिथि तक या उससे पूर्व ई-बिडिंग पोर्टल पर निविदा दिशानिर्देशों के अनुसार ऑनलाइन मोड से और कार्यालय सीईओ/ आरईएमसी लि., भूतल, राइट्स भवन, प्लॉट नं. 1, सैक्टर-29, गुड़गांव-122001, फोन: 0124- 2818748 के पास ऑफलाइन मोड से जमा किये जा सकते हैं।
संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा, तो उसे केवल www.bharat-electronictender.com पर प्रकाशित किया जाएगा। (सीईओ/आरईएमसी लि.)




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403